

प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से बाजार धड़ाम - 12



सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि - 12



कांग्रेस, वामदलों अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत - 13



पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका - 14

आज का मौसम
38.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.22
सूर्यास्त 06.54


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:20 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083 **

गुरुवार, 14 मई 2026, वर्ष 7, अंक 169, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## सीबीएसई 12वीं रिजल्ट में बेटियों का फास्ट ट्रैक

- तकनीकी बदलाव : पहली बार 'ऑन स्क्रीन' जांची गईं कॉपियां
- नतीजों में पिछले साल से 3% की गिरावट, 1.63 लाख छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी में

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस साल कुल 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

हालांकि, पिछले साल के मुकाबले इस बार उत्तीर्ण प्रतिशत में तीन फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि छात्र अपना रिजल्ट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट या डिजिलॉकर पर देख सकते हैं। हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का सफलता प्रतिशत 82.13 रहा। वहीं, ट्रांसजेंडर श्रेणी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा। वहीं, सीबीएसई ने इस साल एक बड़ा तकनीकी बदलाव करते हुए पहली बार 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' के जरिए 12वीं की उत्तर-पुस्तिकाओं का पूर्ण रूप से डिजिटल मूल्यांकन किया।



सीबीएसई इंटर का रिजल्ट आने पर बरेली के एक स्कूल में खुशी से झूमे बच्चे।

### 85 % से ज्यादा रहे सफल

- 90% से अधिक अंक : 94,028 छात्र (कुल का 5.32%)
- 95% से अधिक अंक : 17,113 छात्र (कुल का 0.97%)
- कंपार्टमेंट श्रेणी : 1,63,800 छात्र (पिछले साल से 2% अधिक)

### मानवी ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ देश में पाया दूसरा स्थान



**बरेली।** सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मानवी पटेल ने 99.6 % अंक प्राप्त कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। मानवी की यह सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के केवल स्वाध्याय के दम पर यह मुकाम पाया है। उन्होंने पेंटिंग, मनोविज्ञान और अंग्रेजी में शत-प्रतिशत, जबकि इतिहास व राजनीति शास्त्र में 99-99 अंक प्राप्त किए हैं। परंपरागत करियर विकल्पों से हटकर मानवी अब फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। मानवी के अनुसार, सफलता के लिए घंटों किताबों में डूबे रहने के बजाय स्पष्ट रणनीति और एकाग्रता जरूरी है।

## मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन, शरीर पर चोट के छह निशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव (38) का बुधवार सुबह करीब छह बजे निधन हो गया। उन्हें सुबह गंभीर हालत में लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में केजीएमयू में डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह 'मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' यानी फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने के कारण कार्डियो-रेस्पिरेटरी कोलैप्स बताई गई है। रिपोर्ट में शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं।

प्रतीक यादव, स्व. मुलायम सिंह यादव और साधना गुप्ता के पुत्र थे। उनके निधन की खबर फैलते ही मुलायम सिंह यादव के परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रतीक यादव की पत्नी भाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव दो दिन से आसाम दौरे पर थीं, सूचना मिलते ही, वह दोपहर बाद फ्लाइट से लखनऊ पहुंची। पति का शव देख विलख पड़ी। इसके पहले सुबह प्रतीक के बड़े भाई सपा प्रमुख अखिलेश यादव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रतीक जीवन में बड़ा काम करना चाहते थे और उनका इस तरह अचानक चले जाना बेहद दुखद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को प्रतीक यादव के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी और परिवार को ढांढस बंधाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समेत तमाम मंत्रियों ने पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव समेत परिवार के तमाम सदस्य और प्रतीक के साथियों के आंसू नहीं थम रहे थे। प्रतीक कुछ समय से फेफड़ों से जुड़ी बीमारी से भी जूझ रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर आवास लाया गया।



- मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से मौत की बात आ रही सामने

### चोट पर उठ रहे सवाल विसरा सुरक्षित

प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार शरीर पर कुल छह चोटों के निशान मिले हैं, जिनमें ज्यादातर चोटें छाती, दाहिने हाथ, कोहनी और कलाई के आसपास पाई गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीर पर मिले चोट के निशान कंट्यूजन प्रकृति के हैं। इनमें कुछ चोटें पांच से सात दिन पुरानी जबकि दो चोटें लगभग एक दिन पुरानी बताई गई हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी चोटें एंटीमॉर्टम यानी मृत्यु से पहले की हैं। चिकित्सकों ने स्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए पल्मोनरी थ्रोम्बोटिक मटेरियल सुरक्षित रखा है, जबकि विसरा को केमिकल एनालिसिस के लिए संरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मौत का प्राथमिक कारण फेफड़ों में बड़े स्तर पर रक्त का थक्का बनना माना गया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### अमूल - मदर डेयरी का दूध 2 रुपये लीटर महंगा नई दरें आज से लागू

**नई दिल्ली।** देश के दो सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने बुधवार को दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों की नई दरें गुरुवार से प्रभावी हो जाएंगी। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले एक साल में किसानों से कच्चे दूध की खरीद लागत में करीब 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस बढ़ी हुई लागत के आंशिक बोझ को ही उपभोक्ताओं पर डाला गया है। अमूल ब्रांड का संचालन करने वाली संस्था जीसीएमएमएफ ने भी देश भर में अपनी सभी श्रेणियों में दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने के लिए किसानों से खरीद की बढ़ी लागत को ही जिम्मेदार ठहराया है।

#### तमिलनाडु: बागियों के दम पर टीवीके सरकार ने जीता विश्वासमत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चार दिन पहले सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व में गठित तमिलगा वेत्री कषगम सरकार ने बुधवार को विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन में सरकार के पक्ष में 144 और विरोध में केवल 22 मत पड़े। यह जीत टीवीके सरकार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के 25 बागी विधायकों (सी वे षनमुगम और एसपी वेलुमणि सहित) द्वारा पक्ष में मतदान करने से मिली। द्रमुक के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया, जबकि अन्नाद्रमुक अध्यक्ष एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के गुट के 22 सदस्यों ने सरकार के विरोध में वोट डाला।

(विस्तृत देश-दुनिया पर)

#### केरल के मुख्यमंत्री की घोषणा आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल ने केरल के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर अंतिम दौर की मंत्रणा की। पार्टी नेतृत्व इस फैसले की घोषणा गुरुवार को करेगा। खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने नेता चुनने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया था।

## मोदी के काफिले में वाहनों की संख्या घटी, बस से यात्रा करेंगे जनप्रतिनिधि

### प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद कई मुख्यमंत्रियों ने भी वाहनों की संख्या में कमी की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने और मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील करने के कुछ दिन बाद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद भाजपा-शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री की हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान उनके काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम की गई है। एसपीजी के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों को बरकरार रखा गया है। हैदराबाद में रविवार को मितव्ययिता उपायों के संबंध में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में कारों की संख्या को कम कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने, जहां भी संभव हो, अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी अपना काफिला घटा दिया है।

प्रधानमंत्री की अपील के बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सरकारी वाहनों की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बसों, ट्रेनों या अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अपनाने को कहा गया है। महाराष्ट्र सरकार ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि आधिकारिक यात्रा के लिए विमान का इस्तेमाल करने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अनुमति ली जाए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने घोषणा की कि वह गुजरात में हेलीकॉप्टर और विमानों से यात्रा करने के बजाय ट्रेन, राज्य परिवहन की बसों और सार्वजनिक परिवहन के संसाधनों से यात्रा करेंगे। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने प्रधानमंत्री की अपील के बाद अपनी प्रस्तावित अमेरिका यात्रा रद्द कर दी है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपने काफिले के वाहनों की संख्या स्वयं कम करके आधी कर दी है और जरूरी होने पर ही आधिकारिक यात्रा करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उन्होंने अपने काफिले का आकार कम कर दिया है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता की अपील को ध्यान में रखते हुए काफिले में वाहनों की संख्या कम कर दी।

### यूपी में मंत्री-विधायक मेट्रो, बस, ई-रिक्शा और साइकिल अपनाएं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग का संदेश देते हुए सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मंत्रियों से अपनी वाहन फ्लीट 50 प्रतिशत तक कम करने को भी कहा। योगी ने मंत्रिमंडल को आदर्श बनाने की नसीहत देते हुए विदेश दौरे पर छह माह तक रोक के साथ हाइब्रिड बैठकों, डिजिटल कार्यसंस्कृति और 'वर्क फ्रॉम होम' पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों से भी मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, साइकिल व कारपूलिंग अपनाने की अपील की।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बुधवार को पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यशैली को अधिक अनुशासित, जवाबदेह और ऊर्जा-संवेदनशील बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। मंत्रीगण सप्ताह में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें। उन्होंने शासन एवं प्रशासनिक कार्यों में बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित करने को कहा।

#### सप्ताह में दो दिन हो वर्क फ्रॉम होम

मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने को कहा। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया।

#### घरेलू स्थलों पर आयोजित हों शादी व अन्य समारोह

मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी-विवाह एवं अन्य समारोहों के लिए घरेलू स्थलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि अनावश्यक व्यय पर रोक और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले। कहा कि मंत्रीगण उपहार स्वरूप उन्हीं वस्तुओं का उपयोग करें, जिनका निर्माण प्रदेश में होता है।

### बुजुर्ग को लूटने के मामले में अशोक चक्र विजेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में 72-वर्षीय एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को कथित तौर पर 'हनी-ट्रैप' में फंसाने, उनका अपहरण करने और लूटपाट करने के आरोप में सेना के एक सेवारत जवान और अशोक चक्र विजेता सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ कथित तौर पर मारपीट की, उनके घर से नकदी, गहने और दस्तावेज लूट लिये और फिर उनकी ही कार में उनका अपहरण कर लिया। बाद में, उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने की। पुलिस ने आरोपियों की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी और अशोक चक्र विजेता सुरेंद्र (31), दिल्ली के कालकाजी की निवासी कल्पना कुमारी (40) और फतेहाबाद निवासी कुलदीप एवं सुशील के रूप में की है।

## सोना-चांदी आयात दोगुने से ज्यादा महंगा इम्पोर्ट ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचे रुपये को संभालने की कवायद, घरेलू बाजार में बढ़ेंगे दाम

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को रोकने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) को 6 प्रतिशत से सीधे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, प्लैटिनम पर भी टैक्स 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। नई दरें तत्काल प्रभावी हो गई हैं। इसके दायरे में सोने-चांदी के डोरे, सिक्के और अन्य वस्तुएं भी आएंगी।

देश में कच्चे तेल के बाद सोने का आयात सबसे ज्यादा होता है, जिससे बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बाहर जा रही है और रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। सरकार के इस कदम से घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल आने के आसार हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में देश के भीतर सोने और चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के साथ 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके चलते देश के कुल आयात में सोने-चांदी की हिस्सेदारी 11.8% से बढ़कर सीधे 14% हो गई है।

दुनिया में चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश में सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग के लिए किया जाता है, जिसके भुगतान में भारी मात्रा में डॉलर का इस्तेमाल होता है।

### सोना 8,550 और चांदी 20,500 रुपये तेज

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## नीट पेपर लीक : देशव्यापी एक्शन में सीबीआई, 3 राज्यों से 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए मुख्यालय पहुंची टीम ब्योरा खंगाला
- 3 मई को हुई परीक्षा रद्द, 23 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बुधवार को देशव्यापी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने जयपुर से तीन, गुरुग्राम से एक और महाराष्ट्र के नासिक से एक व्यक्ति को दबोचा है।

सीबीआई की टीमों ने देश के कई शहरों में बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जांच के पहले ही दिन सीबीआई की टीम ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय का दौरा किया। वहां टीम ने नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज एकत्र किए और जांच प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों से लंबी पूछताछ की। पेपर लीक के पुख्ता आरोपों के बाद सरकार ने 3 मई को आयोजित हुई इस परीक्षा को रद्द कर दिया था। इस साल नीट-यूजी 2026 के लिए देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 केंद्रों पर लगभग 23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनका भविष्य इस परीक्षा के रद्द होने से अधर में लटक गया है।

सीबीआई की छापेमारी के दौरान संदिग्धों के ठिकानों से मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए हैं। इन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा जा रहा है ताकि उन मैसेजिंग ऐप्स और नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके जिनके जरिए प्रश्न पत्र बांटे गए थे। नासिक से गिरफ्तार 30 वर्षीय आरोपी शुभम खैरनार को स्थानीय अदालत से 'ट्रांजिट रिमांड' मिलने के बाद पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है।

उसे राजस्थान पुलिस के इनपुट पर नासिक पुलिस ने हिरासत में लिया था। सीबीआई इस मामले की शुरुआती जांच कर रही राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह के साथ लगातार समन्वय स्थापित कर नेटवर्क को खंगाल रही है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि कई अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है।

## आंधी का कहर : प्रदेश में 35 की मौत, बरेली मंडल में 11 की गई जान

संवाददाता, बरेली

- बरेली में चार, शाहजहांपुर में दो बदायूं जिले में पांच लोग मरे
- लखीमपुर खीरी में एक, फतेहपुर में नौ और भदोही में 11 की मौत

**अमृत विचार :** बुधवार को तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। बरेली मंडल में 11 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा संभल में दो, लखीमपुर खीरी में एक, फतेहपुर में नौ और भदोही में 11 लोगों के मरने की खबर है। पूरे प्रदेश में 35 मौतों की जानकारी मिली है।

बरेली जिले के भमौरा के ग्राम नितोई निवासी गोमती (76) पत्नी स्व. पूरनलाल अपनी बेटी के घर जा रही थीं। इसी दौरान तेज आंधी चलने लगी। वह बचने को पप्पू के घर की दीवार के किनारे खड़ी हो गईं। दीवार की ईंटें गोमती के सिर पर आ गिरीं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ग्राम हर्रामपुर निवासी संजय सक्सेना की बेटी देवकी बगीचे में थी। तेज आंधी से बचने के लिए वह आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। पेड़ टूट गया और दबकर देवकी की मौत हो गई। आंवला क्षेत्र के ग्राम बेहटा जुनून में भी आंधी ने कहर बरपाया। टिन शेड गिरने से लिपि (61) मलबे में दब गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नंदगांव में घर की कच्ची दीवार गिरने से भैंसेराम (55) की जान चली गई।

बदायूं जनपद के कोतवाली बिसौली क्षेत्र में रानेट पुल पर डंपर पर पेड़ गिरने से चालक की मौत हुई। इसी क्षेत्र के गांव सिद्धपुर केथौली में झोपड़ी की दीवार गिरने से मलबा में दबकर दो बच्चियों की मौत हो गई, जबकि एक महिला और बच्ची घायल हो गए। बिल्सी मार्ग पर मलइया वाले बाबा के पास गुलाब बाग निवासी युवक के ऊपर पेड़ गिरने से मौत हुई। फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम तर्कपरौली में बारिश से बचने को कुछ ग्रामीण पाकड़ के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पेड़ जड़ समेत उखड़ गया। जिसके नीचे दबने से एक महिला की मौत हो गई।

शाहजहांपुर कटरा क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली के खंभे गिरने से दो बाइक सवारों की मौत हो गई। संभल जनपद के कैला देवी थाना क्षेत्र में महिला समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आंधी के चलते कई गांवों में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर टूटकर गिर पड़े, पेड़ उखड़कर सड़कों पर आ गए तथा मकानों और टीन शेडों को भारी नुकसान पहुंचा। लखीमपुर खीरी के थाना मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया कढ़िले में दीवार और लिंटर गिरने से गृहस्वामी की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा घायल हो गए। भदोही जिले में तेज आंधी और बारिश से 11 लोगों की मौत हो गई। फतेहपुर के अपर जिला मजिस्ट्रेट अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि फतेहपुर में तूफान जनित घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो हुई है। सोनभद्र में, माधव सिंह (38) नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई।



आंधी से बरेली के आंवला क्षेत्र में जड़ से उखड़ गया विशाल पेड़।

# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | MBBS (intake - 250) - Through NEET | (10+2 PCB) | 4½+1 Year |
| 02 | MD/MS (intake - 166) - Through PG NEET | MBBS | 3 Year |
| 03 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 05 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 07 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 09 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 10 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | BDS (intake - 100) - Throught NEET | (10+2 PCB) | 4+1 Year |
| 11 | MDS (intake - 38) Through MDS NEET | BDS | 3 Year |
| 12 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 13 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 14 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 15 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 17 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 18 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 19 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 20 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 21 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 22 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 25 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 26 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 27 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 28 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 29 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 30 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 31 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 32 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 33 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 34 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

### Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital

| | | | |
|---|---|---|---|
| 77 | BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) (intake - 60) | Through NEET (10+2 PCB) | 4½+1 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

**Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)**

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**

## जिले में आज

- चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मझोला में कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।
- कचहरी स्थित तिकुनिया पार्क के भाजपा का विरोध प्रदर्शन सुबह 11 बजे।
- जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर सहायक उपकरण के संबंध में शिविर सुबह 10 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा की सावित्री पत्नी पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके ससुर के गांव में ही दो मकान हैं। उसका देवर सुदीप पुत्र धर्मपाल दूसरे मकान में रहता है। मंगलवार रात देवर ने बंटवारे को लेकर झगड़ा फसाद किया। पति की गैरमौजूदगी में मारपीट की गई। ससुर को भी डंडा मारकर घायल कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पति समेत छह पर एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नवदिया कुरैइया की रहने वाली रामबेटी पत्नी सूरज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ मई करीब छह बजे पति सूरज नशे की हालत में आया और रुपये मांगने लगा। रुपये देने से मना करने पर मारपीट की। ससुर केदारी, सास कलावती, जेठ मुकेश, दाताराम, देवर सुमित भी बाइक की मांग करने लगे। उन्होंने भी पीटा। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीण को दंपती ने पीटकर किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम बौनी निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 12 मई को वह बीसलपुर जा रहे थे। कुछ ही दूरी पर मेन रोड पर गांव का शिवगिरी पुत्र रामगिरी, उसकी पत्नी व बच्चे डनलप में ग्राम समाज की शीशम की लकड़ी को लाद रहे थे। जब लकड़ी काटने के बारे में सवाल किए तो आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। धारदार हथियार से भी हमला किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम बिहारीपुर हीरा निवासी राम बहादुर ने बताया कि दो मई को उसका पुत्र बृजेश कुमार बाइक से पिपरिया संजरपुर गांव जा रहा था। एजीएम इंटर कॉलेज के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बृजेश की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# आंधी-बारिश में जर्जर व झुके पोल से हादसे का डर

## हाईवे से लेकर मुख्य बाजार से आबादी तक झुके हैं बिजली के जर्जर खंभे, पॉवर कॉरपोरेशन के हो रहे दावे हवा हवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अघोषित बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान दो दशक से अधिक समय बाद भी नहीं हो सका है। एक तरफ लोड बढ़ने से पावर कॉरपोरेशन के संसाधन हाफ रहे हैं। वहीं, हाईवे से लेकर आबादी के बीच जर्जर पोल हादसे का सबब भी बने हुए हैं। आंधी-बारिश के बीच ये जर्जर पोल कब धराशाही हो जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। मगर अब भी पावर कॉरपोरेशन के पास सिर्फ दावे ही हैं। इनके सुधार कराने के लिए टेंडर भी कर दिया गया है। मगर, हास्यास्पद बात ये है कि कितने पोल बदले जाएंगे, इसका कोई सटीक चिन्हीकरण ही नहीं है। नतीजतन दावे हवा हवाई से प्रतीत हो रहे हैं।

मानसून की दस्तक 15 जून से होती है। अभी भले ही एक माह का समय बाकी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से ही बेमौसम आंधी-बारिश कई बार हो चुकी है। जिसके बाद पावर कॉरपोरेशन की अनदेखी के चलते फैली अव्यवस्था अब राहगीरों की मुसीबत बनी हुई है। वैसे तो दो दशक से अधिक समय से बिजली की व्यवस्था बदतर ही रही है। पिछले नौ साल में सप्लाई पहले से कुछ बेहतर हो हुई लेकिन लोकल फाल्ट ने शासन की मंशा के मुताबिक सप्लाई नहीं मिलने दी। तारों के जहां-तहां मकड़जाल हैं, जोकि लोड बढ़ने पर आए दिन टूटकर गिरते हैं। इसके अलावा हाईवे से लेकर मुख्य बाजार, आबादी के करीब कई जगह जर्जर और झुके पोल हैं। टनकपुर हाईवे पर मंडी समिति के पास वसुंधरा कॉलोनी गेट के आगे एक पोल झुका हुआ है। नेहरू पार्क के पास हाईवे पर ही एक पोल नीचे से गल चुका है। इसी तरह से मोहल्ला इनायतगंज, होली चौराहा, चावला चौराहा समेत कई जगह बिजली के झुके और जर्जर पोल लगे हुए हैं। जिनकी वजह से आंधी के दौरान राहगीरों को हादसे का डर लगा रहता है। कई बार सुधार के दावे तो हुए लेकिन इसका सुधार नहीं हो सका। ग्रामीण अंचलों में ये तस्वीर और भी बदतर हैं।


होली चौराहा से लेखराज चौराहा जाने वाले मार्ग पर झुका पोल।


मोहल्ला इनायतगंज में मुख्य मार्ग पर जर्जर पोल।


टनकपुर हाईवे पर वसुंधरा कॉलोनी गेट के पास तिरछा पोल।

- **एक दिन पहले ही जिला कारागार मार्ग पर गिरा था पोल**

### चिह्नीकरण कोई नहीं, पब्लिक की सूचना बनेगी सहारा

पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की ओर से जर्जर पोल को बदलवाने के लिए टेंडर किए जाने की बात कही जा रही है। मगर कितने पोल जर्जर है और कितने बदलवाए या सुधारे जाएंगे। इसका कोई आंकड़ा अधिकारियों के पास भी नहीं है। जिम्मेदारों का तर्क है कि जैसे-जैसे आम नागरिकों उपभोक्ताओं से सूचनाएं मिलती रहेंगी, उसी आधार पर संबंधित टीम को अवगत कराया जाता रहेगा।

### पेड़ों की छंटाई भूले, खुले में रखे ट्रांसफार्मर

पावर कॉरपोरेशन की लापरवाही यहीं तक सीमित नहीं है। एक तरफ मानसून में बेहतर सप्लाई देने के लिए काम चल रहा है। अफसर खुद इसे लेकर मंथन कर रहे हैं। मगर, दूसरी तरफ धरातल पर सब कुछ बदहाल है। सबसे अधिक फाल्ट आंधी-बारिश के बाद तब होते हैं जब पेड़ों की टहनियां टूटकर तारों पर गिरती हैं। इसके बावजूद अभी तक बिजली के तारों पर आई पेड़ों की टहनियों की छंटनी का काम भी संतोषजनक नहीं है। इसके अलावा कई जगह खुले में ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। उनके आसपास भी जाल आदि नहीं लगाया गया है।

आंधी-बारिश को देखते हुए बेहतर बिजली सप्लाई देने को लगातार काम चल रहा है। जर्जर बिजली के पोल बदलवाने के लिए टेंडर किया जा चुका है। इसमें करीब 175 पोल बदले जाएंगे। उपभोक्ताओं से जर्जर पोल के संबंध में जानकारी मिलने पर वहां पर भी सुधार कराया जाता रहेगा। **-भविष्य कुमार सक्सेना**, अधीक्षण अभियंता, पावर कारपोरेशन।


टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास जर्जर पोल के पास इस तरह लगता है जाम।

### खकरा नदी किनारे नजूल भूमि पर बने एक और मुक्तिधाम

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल ने डीएम को पत्र लिखा है। जिसमें शहर में जनहित एवं धार्मिक आवश्यकता को देखते हुए नवीन मुक्तिधाम (श्मशान घाट) की स्थापना कराए जाने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को भी भेजी गई है।

व्यापारी नेता ने पत्र में बताया कि पीलीभीत शहर की जनसंख्या एवं नगर क्षेत्र का निरंतर विस्तार हो रहा है, लेकिन वर्तमान में पूरे नगर के लिए केवल एक ही मुक्तिधाम (श्मशान घाट) है। नगर की बढ़ती आबादी की तुलना में यह व्यवस्था अपर्याप्त सिद्ध हो रही है। मोहल्ला खकरा, मोहल्ला मलिक अहमद, डालचंद, बेनी चौधरी, आवास विकास कॉलोनी, गोदावरी स्टेट, श्रीराम विहार कॉलोनी, चौक बाजार समेत आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को अंतिम संस्कार के लिए वर्तमान मुक्तिधाम तक पहुंचने में अत्यधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एक अतिरिक्त मुक्तिधाम की स्थापना कराने की मांग की गई। ये भी कहा कि ब्रह्मचारी घाट के समीप खकरा नदी के किनारे स्थित खाली पड़ी नजूल भूमि नवीन मुक्तिधाम की स्थापना के लिए अत्यंत उपयुक्त प्रतीत होती है। उक्त स्थल पर मां गंगा के पावन जल प्रवाह के कारण धार्मिक संस्कार एवं कर्मकांड विधिवत संपन्न कराने में विशेष सुविधा होगी। साथ ही पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने से वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुगमता से की जा सकेगी।

# बाइक से जनता के बीच पहुंच समस्याएं सुनेंगे राज्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **मोदी-योगी की अपील पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने घटाया काफिला**
- **बोले- राष्ट्रहित में ईंधन की बचत, समय की जरूरत दूसरों से भी अपील**

**अमृत विचार:** देश में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता और ईंधन बचत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए जा रहे संदेशों के तहत जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली में बदलाव की झलक दिखाई देगी। सदर विधायक /प्रदेश सरकार के गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के काफिले में शामिल गाड़ियों की संख्या आधी रहेगी। छह के बजाय अब तीन वाहन रहेंगे। वहीं, बाइक पर सवार होकर वह जनता के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनते दिखाई देंगे। हालांकि पहले भी अक्सर वह बाइक पर सवार होकर लोगों तक पहुंचते रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील पर निर्णय लेते हुए राज्यमंत्री ने यह फैसला लिया है।


बाइक से जाते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

राज्यमंत्री ने कहा कि अब उनके काफिले में सीमित संख्या में ही वाहन शामिल रहेंगे। विशेष रूप से शहर में जनता से मिलने के लिए वह बाइक का इस्तेमाल करेंगे और स्वयं बाइक से लोगों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। ये भी कहा कि जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। राज्यमंत्री ने कहा कि देहात क्षेत्रों के दौरों के दौरान भी उनके साथ कम से कम वाहन रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी स्तर पर यदि सभी लोग थोड़ी-थोड़ी बचत करें तो इसका बड़ा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों पर पड़ेगा।

आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें और जहां संभव हो, साझा परिवहन या कम ईंधन खर्च वाले साधनों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि अधिकारियों एवं आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए अब वर्चुअल बैठकों की व्यवस्था भी लागू की जाएगी। वर्चुअल माध्यम से जनता सीधे अपनी समस्याएं रख सकेगी, जिससे समय की बचत होगी और दूर-दराज क्षेत्रों के लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

राज्यमंत्री 14 मई की शाम लखनऊ से रवाना होकर देर रात पीलीभीत स्थित अपने आवास पहुंचेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और जन समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी विश्वनाथ सिंह ने बताया कि 10 मई को सुबह करीब 10 बजे उनका पुत्र अनुराग सिंह की शादी थी। इसमें शामिल होने मेहमान आए थे। उनकी सास समेत अन्य लोग मंदिर के पास खड़े हुए थे। तभी पिकअप चालक चंद्रपुरा गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र धर्मवीर तेजी व लापरवाही से वाहन बैक करता आया और टक्कर मार दी। जिसमें सास शारदा देवी, पत्नी नीरज देवी, साली बीनू को चोटें आई। सास को गंभीर चोट होने पर बरेली भर्ती कराया गया है। इसके बाद अभद्रता भी की गई। पुलिस ने चालक नीरज कुमार और मोहल्ला बाजार कटरा निवासी मोहित अग्रवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तकनीकी खराबी के चलते ट्रेन संचालन बाधित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पीलीभीत-बरेली रूट पर शाही के पास रेल पटरी में आई गड़बड़ी**
- **मौके पर पहुंची टीम, कुछ ट्रेनें रोकी गईं तो कुछ देरी हुईं रवाना**

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बरेली रूट पर मंगलवार रात शाही रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे पटरी पर तकनीकी खराबी आने से ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। इसके चलते कुछ ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से रवाना हो सकी। जानकारी मिलने पर इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच की और खराबी को दुरुस्त कर रात में ही ट्रेन संचालन शुरू कराया। इधर इस मामले में जिम्मेदारों ने लापरवाही का मामला पाते हुए संयुक्त रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है।

बीते मंगलवार शाम पीलीभीत-बरेली रुट पर मालगाड़ी गुजरने के दौरान शाही रेलवे स्टेशन के नजदीक रेल ट्रैक पर तकनीकी खराबी आ गई थी। रेल ट्रैक के प्वाइंट में कमी आने से ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। जानकारी लगते ही इसकी सूचना पीलीभीत रेलवे स्टेशन को दी गई और उनके बाद कंट्रोल को संबंधित खराबी के बारे में बताया गया। जानकारी लगते ही महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद इज्जतनगर रेल मंडल से सीनियर डीएसटी धनंजय सिंह, एडीएसटी सलिल श्रीवास्तव, सीनियर डीएसओ डॉ. हरीश रणतौलिया समेत अन्य मंडलीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए सिग्नल और प्वाइंट की गहनता से जांच की। बताते हैं कि जैसे-तैसे आई तकनीकी खामी को दुरुस्त किया गया। तब कहीं जाकर ट्रेनों का संचालन शुरू करवाया गया। इधर तकनीकी खराबी के चलते टनकपुर से देहरादून जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन एक घंटा से अधिक देरी से रवाना हो सकी।

वहीं डेमू बरेली-पीलीभीत ट्रेन मंगलवार रात में अपने निर्धारित समय के स्थान पर रात्रि करीब 12.15 बजे पीलीभीत जंक्शन पहुंची। इसके अलावा टनकपुर से बरेली को जाने वाली मेला स्पेशल ट्रेन को भी न्यूरिया स्टेशन पर रोक दिया गया। इस मामले में जिम्मेदारों ने लापरवाही का मामला पाते हुए संयुक्त रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है। बुधवार को भी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच कीक। इस संबंध में सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम कुछ तकनीकी खराबी हुई थी। खराबी को दुरुस्त कर ट्रेन संचालन शुरू कराया गया था। इस मामले में अभी जांच की जा रही है।

# साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खोलने पर भड़के व्यापारी


डीएम को ज्ञापन सौंपते उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य व्यापारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने शहर में साप्ताहिक बंदी के दिन प्रतिष्ठान खुलने पर कड़ा एतराज जताया है। संगठन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यापारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर साप्ताहिक बंदी वाले दिन सभी प्रतिष्ठानों को बंद कराने की मांग की है।

उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को तमाम व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में डीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि श्रम अधिनियम के अंतर्गत साप्ताहिक बंदी का प्रावधान है। शहर के अधिकांश व्यापारी अपनी रजामंदी से इस बंदी का पालन करना चाहते हैं, ताकि वे भी परिवार को समय दे सकें। मगर हाल के दिनों में देखा गया है कि कुछ व्यापारी कानून का उल्लंघन करते हुए अपनी दुकानें खोल रहे हैं।

साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार खुलने से अराजकता की स्थिति पैदा हो जाती है। इतना ही नहीं, अवकाश का पालन करने वाले व्यापारियों पर अभद्र टिप्पणियां भी की जा रही हैं, जिससे टकराव की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने प्रशासन से सख्त आदेश जारी कर साप्ताहिक बंदी के दिन सभी प्रतिष्ठानों को बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राकेश सिंह, नगराध्यक्ष विकास चंद्र गुप्ता, महामंत्री शोभित, गगनदीप सिंह, राहुल पांडे, विपुल पांडे, अंकित मौर्य, सुमित मौर्य, पीयूष चौधरी समेत तमाम व्यापारी शामिल रहे।

# भीम आर्मी शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाने की मांग

- **भीम आर्मी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**बीसलपुर, अमृत विचार:** शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाने की मांग भीम आर्मी ने की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बुधवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम नागेंद्र पांडेय को सौंपा गया।

भीम आर्मी के कायकर्ता तहसील संयोजक हरीश कुमार गंगवार की अगुवाई में पहुंचे और ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि शिक्षा व दूर संचार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। मगर विडंबना है, कि दोनों प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी स्कूल और सरकारी दूरसंचार कंपनी का विकास नहीं है। प्राइवेट कंपनियों का मुख्य उद्देश्य पैसा कमाना होता है। इसलिए शिक्षा पर दिनों दिन महंगाई बढ़ती जा रही है। जिससे गांव का किसान मजदूर और शहर का निम्न वर्ग का व्यक्ति बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने में असमर्थ है।


एसडीएम को ज्ञापन देते भीम आर्मी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्राइवेट स्कूलों की फीस पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक बताया। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में एक पाठ्यक्रम द्वारा शिक्षा प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अमन गौतम, सुभाष चंद्र गंगवार, ज्ञानेंद्र गंगवार, अमित कुमार, रतिराम, अनुज कुमार, जयदेव, सोनपाल, परदेसी भीमसेन, चंद्रपाल, राजा राम माथुर एडवोकेट आदि शामिल रहे।

### पत्नी से विवाद के बाद पिया टॉयलेट क्लीनर

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पत्नी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने घर पर रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन ने जिला अस्पताल भर्ती कराया है।

घटना शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल की है। यहां के रहले वाले एक युवक का पत्नी से विवाद हो गया था। बताते हैं कि शोर मचा रही बेटियों की युवक ने पिटाई कर दी तो पत्नी ने विरोध जताया। फिर दंपति आपस में झगड़ गए। इसके बाद युवक ने टायलेट क्लीनर पी लिया। युवक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। मामले की सूचना मेमो के जरिए पुलिस को भेजी गई है।

# पीटीआर में पर्यटक कर सकेंगे शेयरिंग में जंगल सफारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **प्रधानमंत्री की अपील से सबक लेकर पीटीआर में शुरू की गई नई पहल**
- **जेब पर कम बोझ, ईंधन की बचत सिर्फ जीनॉन सफारी वाहनों पर होगी सुविधा**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई ईधन बचत की अपील से सबक लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन ने पहल शुरू की है। अब बाघों के दीदार करने को पहुंचने वाले पर्यटकों को पूरी जीनॉन सफारी बुक करने की बाध्यता नहीं रहेगी, बल्कि पर्यटक शेयरिंग आधार पर भी सफारी का आनंद ले सकेंगे। इस पहल से जहां मध्यमवर्गीय पर्यटकों का खर्च कम होगा, वहीं ईंधन की बचत के जरिए पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान पर्यटकों की सुविधा के लिए सफारी वाहनों का संचालन किया जाता है। इसमें 40 से अधिक जीनॉन सफारी एवं 47 जिप्सी वाहनों का संचालित किए जा रहे हैं। मौजूदा पर्यटन सत्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मुस्तफाबाद गेट, महोफ गेट, बराही गेट समेत शहर स्थित नेहरू ऊर्जा उद्यान से इन सफारी वाहनों का संचालन किया जा रहा है।


पीटीआर में जंगल सफारी के दौरान बाघ की दीदार करते पर्यटक।

सफारी वाहनों के माध्यम से ही देश-दुनिया के कोने-कोने से आने वाले पर्यटक पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सैर करने के साथ चूका बीच समेत अन्य पर्यटन स्थलों तक पहुंचते हैं। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा इन सफारी वाहनों को दो शिफ्टों में दो जोन में बांटकर संचालन किया जा रहा है। अभी तक यह नियम हैं कि पर्यटकों की संख्या कम होने पर भी उन्हें पूरे सफारी वाहन का निर्धारित शुल्क देना पड़ रहा है। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचत समेत सात अन्य अपील की थी।

इधर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने प्रधानमंत्री की अपील से ईंधन बचत को लेकर की गई अपील से सबक लेकर नई पहल शुरू की है। ईंधन बचत को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से शेयरिंग सफारी की नई व्यवस्था पहली बार शुरू की जा रही है। अभी तक नियम यह है कि यदि पर्यटकों की संख्या कम भी हो, तब भी उन्हें पूरे सफारी वाहन का किराया चुकाना पड़ता है। मगर, शेयरिंग सफारी की नई व्यवस्था के तहत अब पर्यटक टाइगर रिजर्व में आने वाले अन्य पर्यटकों के साथ मिलकर जीनॉन सफारी वाहन बुक कर सकेंगे। इससे प्रति व्यक्ति खर्च में कमी आएगी। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने फिलहाल इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 5 जीनॉन सफारी वाहनों के साथ शुरू किया है।

डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की ईंधन बचाने की अपील और पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए पीटीआर में शेयरिंग सफारी की शुरुआत की गई है। इससे कम संख्या में आने वाले पर्यटकों पर आर्थिक बोझ कम होगा और डीजल की भी बचत होगी। फिलहाल अभी इस व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है।

### शेयरिंग करके पर्यटकों के लिए काफी होगी सफारी

टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक एक जीनॉन सफारी बुक करने के लिए पर्यटकों को वीकेंड पर 4850 रुपये और सामान्य दिनों में 4440 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। चूंकि एक वाहन में अधिकतम 7 सैलानियों के बैठने की क्षमता होती है। ऐसे में अब शेयरिंग सफारी की नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह खर्च पर्यटक अन्य पर्यटकों के साथ मिलकर बराबर-बराबर बांटकर जंगल सफारी की सुविधा ले सकेंगे। इससे अकेले या छोटे समूह में आने वाले पर्यटकों के लिए जंगल सफारी काफी सस्ती हो जाएगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# संदिग्ध हालात में मालबाबू की मौत

## सरकारी आवास में बेहोश मिले, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने किया मृत घोषित

संवाददाता, पीलीभीत/माधोटांडा



मालबाबू के सरकारी आवास पर पहुंचे कर्मचारी। ● अमृत विचार



मृतक पुनीत कुमार।

- कलीनगर तहसील में तीन साल से थे तैनात

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में कलीनगर तहसील में कार्यरत माल बाबू की मौत हो गई। काफी देर बाद भी कार्यालय न पहुंचने पर जब साथी कर्मचारी तलाशते हुए आवास पर पहुंचे तो वह बेसुध हालत में मिले और अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

मूल रुप से शहर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रहने वाले पुनीत कुमार (44) पुत्र शिवचरन लाल कलीनगर तहसील में मालबाबू के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में उनका परिवार संजय रॉयल पार्क कॉलोनी में रहता है। करीब तीन साल से कलीनगर तहसील में पुनीत की तैनाती चल रही थी। मंगलवार को काम निपटाने के बाद वह कलीनगर में ही अपने सरकारी आवास में रुक गए थे। बुधवार सुबह काफी देर बाद भी जब वह दफ्तर नहीं पहुंचे तो पहले स्टाफ ने कॉल कर जानकारी करनी चाही, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद स्टाफ को सरकारी आवास पर भेजा गया, जहां पुनीत चारपाई पर बेसुध हालत में पड़े मिले। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

इसकी सूचना पर एसडीएम परमेश कुमार, नायब तहसीलदार अक्षय यादव समेत अफसर व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जानकारी की और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मालबाबू की मौत से खलबली मची रही। हालांकि अभी किसी तरह का कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के 12 साल की पुत्री मिस्का है।

### जहानाबाद के युवक जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहरीला पदार्थ खाने से जहानाबाद कस्बे के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। बताते हैं कि वह मंगलवार देर शाम घर से घूमने जाने की बात कहकर निकला था। रात तरीक आठ बजे वापस घर पहुंचा और परिवार को बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। ये सुनकर परिजन के होश उड़ गए। इसी बीच युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताते हैं कि युवक को आनन-फानन में परिजन सीएचसी लेकर गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। हालांकि परिजन खुदकुशी के पीछे कोई खास वजह नहीं बता सके। परिवार में चीख पुकार मची रही।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्तुत किए प्रस्ताव

**अमरिया, अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह उर्फ श्याम सिंह ने की। बैठक में पुराने विकास कार्यों की समीक्षा कर उनकी पुष्टि की गई व नए वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्ताव मांगे गए। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और विकास संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए। खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने पूर्व में कराए गए विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। सदस्यों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। समाज कल्याण, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, विद्युत समेत कई विभागों की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर एसडीएम मयंक गोस्वामी ने भी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



ब्लॉक प्रमुख को बुके देते एसडीएम।



डीएम को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# गोशाला संचालन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बीसलपुर, अमृत विचार:** अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने बिलसण्डा नगर पंचायत की कान्हा गौशाला के संचालन की मांग को लेकर बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें बताया कि वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री के निर्देश पर कान्हा गौशाला का निर्माण शुरू हुआ था। वर्ष 2023 तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक इसका संचालन शुरू नहीं किया गया। बीसलपुर और बिलसंडा क्षेत्र में गौवंश सड़कों और खेतों में भटक रहे हैं। किसानों की फसलों को भी नुकसान हो रहा है। जल्द गोशाला का संचालन कराने की मांग की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, महामंत्री अवनीश रतन, रामप्रताप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026,
समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
● HB ● TLC ● DLC ● Platelets ● S. Urea ● S.Creatinine ● PCV ● MCV ● MCHC ● S.Uric Acid ● S.ca ● S.Bilirubin ● S. Protein ● SGOT ● SGPT ● S.ALP ● RBS ● BMD ● PEFT
डा. विनय गंगवार
एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएँ 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली।

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

श्वांस रोग जागरूकता अभियान
डॉ. दीपक माहेश्वरी
M.B.B.S., M.D., परामर्श फिजीशियन क्रिटिकल केयर
स्पेशलिस्ट-ब्लड प्रेशर, हृदय, श्वांस व गम्भीर रोगों का इलाज
पैकेज मात्र ₹1199/- परामर्श + ECG + PFT + Lipid Profile + RBS + Chest X-Ray
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली
9084307201, 9520340911
डॉ. नितिन अग्रवाल वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# बरहा के छात्र रितिक को किया गया सम्मानित




छात्र रितिक को सम्मानित करती नीमा वूमेन फोरम की पदाधिकारी।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के एक हॉस्पिटल में नीमा वूमेन फोरम की सभा हुई। जिसमें बाल वैज्ञानिकों पर वृहद चर्चा की गई। बरहा कंपोजिट विद्यालय के कक्षा छह के छात्र रितिक को प्रदेश सरकार की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत साइंस मॉडल प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ.अनुरीता सक्सेना, सचिव दीपा शर्मा आदि ने 1100 रुपये नकद धनराशि प्रदान की और गिफ्ट भी दिए। इस मौके पर डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका सभरवाल, डॉ. विनीत अग्रवाल, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. मीरा गंगवार, डॉ. नीरा शर्मा, डॉ. वर्षा जौहरी, डॉ. नीलिमा, डॉ. सरिता कुलश्रेष्ठ, डॉ. शुचि आदि ने रितिक के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिले में खुलेंगे 7 नए एग्री जंक्शन केंद्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**लाइसेंस फीस में छूट, ऋण के ब्याज पर मिलेगा अनुदान**

चयनित युवाओं को सरकार द्वारा उद्यम स्थापना और इसके संचालन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। बिजनेस प्लान की बारीकियां भी बताई जाएगी। इसके साथ ही चयनित कृषि स्नातकों को खाद-बीज और दवा आदि बिक्री करने का मुफ्त लाइसेंस भी दिया जाएगा। बैंक से ऋण के ब्याज पर अनुदान भी दिया जाएगा।

> शासन द्वारा प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत जनपद में 07 एग्री जंक्शन खोले जाएंगें। एग्री जंक्शन का संचालन कृषि स्नातकों के माध्यम से किया जाएगा। जिला स्तरीय समिति की देखरेख में अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।
> –राममिलन परिहार, उप कृषि निदेशक।

**अमृत विचार:** किसानों को उनकी फसल उत्पादों के लिए सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने को जनपद के सभी 7 ब्लाकों में 7 नए एग्री जंक्शन केंद्र खोले जाएंगे। खास बात यह है कि एंग्री जंक्शन के संचालन की जिम्मेदारी कृषि स्नातकों को दी जाएगी। इसके लिए 30 मई तक कृषि स्नातक आवेदन कर सकते हैं। चयनित कृषि स्नातकों को प्रशिक्षण देने के साथ खाद-बीज और दवा आदि बिक्री करने का मुफ्त लाइसेंस भी दिया जाएगा।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजना की शुरुआत की है। इसके तहत जनपद में वन स्टॉप शॉप (एग्री जंक्शन) खोले जाएगें। इन एग्री जंक्शन में खाद-बीज, वर्मी कंपोस्ट, कृषि यंत्र, दवाओं आदि की बिक्री होगी। साथ ही किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों से जुड़ी जानकारी भी मिल सकेगी। इन एग्री जंक्शन केंद्रों की बागडोर कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक युवाओं के हाथ में रहेगी। पिछले वित्तीय वर्ष में जनपद में 06 एग्री जंक्शन केंद्र खोले गए थे। इधर अब वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद के सभी ब्लाकों में 07 एग्री जंक्शन खोलने का का लक्ष्य दिया गया है।

कृषि विभाग के अफसरों के मुताबिक योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, डेयरी, पशु चिकित्सा और कृषि व्यवसाय प्रबंधन जैसे विषयों में डिग्रीधारी युवाओं का चयन किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी का जनपद का निवासी होना जरूरी है। आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। चयन प्रक्रिया डीएम अथवा सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है।

## छात्र संसद और कन्या भारती के गठन को हुआ चुनाव

**मझोला, अमृत विचार:** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र संसद और कन्याभारती गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। विद्यार्थियों ने अपना नामांकन कराया। नामांकन प्रपत्रों की जांच व नाम वापसी के बाद चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई।

छात्र संसद प्रमुख अमित कुमार, कन्या भारती प्रमुख शालू शुक्ला के संयोजन में समस्त चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। प्रधानाचार्य सत्येन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया से अवगत कराया। फिर बच्चों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतगणना के बाद 24 छात्र सांसद व कन्याभारती सांसद 19 निर्वाचित हुए। छात्र संसद प्रमुख अमित कुमार ने बताया कि अब निर्वाचित सांसदों की बैठक कर प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन दाखिल होंगे। जिसकी चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को सम्पन्न होगी।



मतदान के बाद उंगली पर स्याही लगाती छात्रा।

## छात्राओं को गर्मी में मिलेगा शीतल जल



उद्घाटन के मौके पर मौजूद शिक्षिका व छात्राएं।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** वीरांगना अबंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में समाजसेवी अनिल मैनी की ओर से गर्मी में शीतल जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था कराई गई। कॉलेज को शीतलक उपलब्ध कराया गया है। जिसे लेकर छात्राओं को राहत मिलेगी। इस मौके पर प्रेरक लक्ष्मीकांत शर्मा, नंदी सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# महेश हत्याकांड: पुत्रवधू ससुर समेत 4 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- माधोटांडा पुलिस ने पिता से मिली तहरीर पर की कार्रवाई जांच में जुटी
- कोर्ट में तारीख से वापस लौटते समय हुई थी संदिग्ध हालात में मौत

**अमृत विचार:** कोर्ट में पिता संग रुपये जमा करने के बाद वापसी में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में माधोटांडा पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। मृतक के पिता से मिली तहरीर पर पत्नी, ससुर समेत चार के खिलाफ नामजद हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाने में दी गई तहरीर में घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम लुकटिहाई निवासी रामचंद्र पुत्र बुद्धालाल ने बताया कि वह 11 मई को पुत्र महेश कुमार के साथ पीलीभीत कोर्ट गए थे। ग्राम शाहगढ़ निवासी पुत्रवधू सुषमा देवी पुत्री गंगाराम का पुत्र से मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन था। वह पुत्र के साथ कोर्ट गए थे और 93 हजार रुपये खर्चा के जमा करके वापस आ रहे थे। आरोप है कि इस दौरान पुत्र महेश कुमार को पुत्रवधू व उसके परिवार ने दूसरी शादी करने की बात कहते हुए मारने की धमकी दी थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह भतीजे सुधीर के साथ आए थे जबकि महेश कुमार खटीमा मजदूरी के लिए जाने की बात कहकर रुक गया था। आरोप है कि पुत्रवधू व उसके मायके वालों ने अगवा कर शाहगढ़ स्टेशन के पास हाता बाबा स्थान पर ले जाकर मारपीट की और जबरन जहर देकर हत्या कर दी है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि शाहगढ़ गांव निवासी गंगाराम, सुषमा देवी, संजय व अनुज पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पीटीआर में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह।



पीटीआर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद वन अफसर, कर्मी एवं बाघ मित्र।

- वन अफसरों, कर्मियों एवं बाघ मित्रों को मुआवजा की बारीकियों से कराया रूबरू

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए अनुग्रह राशि, दावा प्रक्रिया और बीमा संबंधी जागरूकता को लेकर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया गया। पहले दिन प्रशिक्षण में चार रेंजों के स्टाफ ने हिस्सा लिया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन शहीद कुंदन लाल सभागार में बुधवार को आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह ने कराई। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष वन्यजीव संरक्षण के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। वनकर्मी एवं बाघ मित्र मिलकर इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। बाघ मित्र वनकर्मियों के पूरक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत एवं समर्पण से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि विभाग की कोशिश होनी चाहिए कि पीड़ित परिवारों को समय पर अनुग्रह राशि का लाभ मिले, सरकार की अन्य योजनाओं के माध्यम से भी ऐसे परिवारों की सहायता सुनिश्चित की जाए। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सभी को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इधर प्रशिक्षण के पहले दिन पीलीभीत, माला, महोफ और बीसलपुर रेंज के वन अफसरों, वनकर्मियों एवं बाघ मित्रों ने हिस्सा लिया। इन सभी को मुआवजे की बारीकियों से अवगत कराया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने वन्यजीवों के हमले में मृत्यु, घायल होने, फसल और पशु हानि की स्थिति में आवेदन करने की सरल प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इसके अलावा ड्यूटी पर जान गंवाने फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए विशेष बीमा योजना की जानकारी भी साझा की गई।

बताया गया कि ड्यूटी के दौरान मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में वन विभाग के औपचारिक अनुरोध पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से कर्मचारी के आश्रितों को तीन लाख रुपये की अनुग्रह वित्तीय सहायता दी जाएगी। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी रुद्र प्रताप सिंह, रेंजर विनीत कुमार, रोविन कुमार, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी


सार्थक पाल 93.80 %


प्रियांशु वर्मा 93.60 %


कोमल कौर 92.60 %


शगुन गंगवार 92 %


शुभकरमन कौर 91 %


नवनीत कौर 90 %


अभिजीत पांडेय 88 %


रुद्रांशी पाल 87.40 %


सार्थक पाल 93.80 %


अंशिका शुक्ला 87%

## लिटिल एंजेल्स स्कूल 12वीं के मेधावी


वंशिका गुप्ता 98.7%


विवेक अनंत मिश्रा 96.8%


सौंदर्या 96 %


अच्युत बाजपेई 96 %


उज्जवल शर्मा 95.6 %


सार्थक देवल 95%


सेजल गंगवार 94.8 %


श्रेयाशी वर्मा 94.8 %


मानसी अग्रवाल 94.6 %


लक्ष्य सेठी 94%


तनिष्का सिंह 94.4 %


गीत अगनानी 93.4%


तरुबा अतहर 93.4 %


अनिका वार्ष्णेय 93.2 %

# लिटिल की वंशिका और बेनहर के रचित बने जिला टॉपर

## सीबीएसई 12वीं का परिणाम : मेधावियों ने कई विषय में लगाया शतक, परिवार और शिक्षकों में खुशी का माहौल, परीक्षाफल आते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बुधवार को परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षाफल आते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बोर्ड की ओर से दोपहर करीब दो बजे 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। घोषित हुए रिजल्ट के अनुसार 12वीं लिटिल एंजेल्स स्कूल की वंशिका गुप्ता और बेनहर पब्लिक स्कूल के रचित चंद्रा 98.20 फीसदी अंक हासिल कर संयुक्त रुप से जिला टॉपर बने। मेधावियों ने कई-कई विषयों में शतक भी लगाया। मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक और गुरुजनों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। देर शाम तक परीक्षाफल को लेकर छात्र-छात्राएं अपने सहपाठियों से संपर्क कर परीक्षाफल की जानकारी लेते रहे।

सीबीएसई बोर्ड 12वीं में इस बार लिटिल एंजिल्स स्कूल, सेंट एलायसिस कॉलेज, बनेहर कॉलेज, लायंस बाल विद्या मंदिर कॉलेज, सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज, स्वामी एजुकेशनल कॉलेज, अकाल अकादमी, बीसलपुर कैम स्कॉलर स्कूल समेत 32 कॉलेजों के 1760 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। बोर्ड की ओर से 17 फरवरी से परीक्षा कराई गई थी, जोकि 10 अप्रैल को संपन्न हुई। 1738 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 12 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों को बेसब्री से रिजल्ट का इंतजार था, जोकि बुधवार को खत्म हो गया। बोर्ड की वेबसाइट पर दोपहर दो बजे 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया।

जानकारी मिलने के बाद कॉलेजों में भीड़ उमड़ना शुरू हो गई। इधर, शिक्षक और कॉलेज प्रशासन की पूरी टीम रिजल्ट निकालने में जुट गई। वेबसाइट पर स्कूल वार रिजल्ट निकाला गया। सभी अपने-अपने विषयवार तरीके से अंकों की गुणभाग करने में जुटे रहे। करीब चार बजे के बाद घोषणा की गई कि 12वीं में इस बार लिटिल एंजेल्स की वंशिका गुप्ता और बेनहर पब्लिक स्कूल के रचित चंद्रा ने 98.20 फीसदी अंक पाए। जिसके आधार पर दोनों मेधावियों को संयुक्त रूप से जिला टॉपर चुने गए। इनके अलावा 97.80 अंक पाकर मान्या गंगवार दूसरे स्थान रही, जोकि बेनहर पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। इनके अलावा इसी कॉलेज की छात्रा पावनी सहगल ने 97.00 अंक पाकर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि चौथे स्थान पर लिटिल एंजेल्स स्कूल विवेक अनंत मिश्रा, बेनहर की अंशिका कनौजिया और केंद्रीय विद्यालय की विजेता उपाध्याय ने 96.80 फीसदी अंक पाकर संयुक्त रुप से चुने गए। इनके अलावा लिटिल एंजेल्स स्कूल की सौंदर्या श्रवण ने भी 96 फीसदी अंक पाकर जनपद में पांचवा स्थान प्राप्त किया।

इस बार वंशिका गुप्ता की मेहनत और स्कूल का परिश्रम ने लिटिल एंजेल्स स्कूल को स्थान दिलाया। परीक्षा फल आने के बाद टॉपर मिलने के बाद खुशी का ठिकाना न रहा। जिसके बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। स्कूलों में भी जश्न मनाया गया। देर शाम तक बधाई का सिलसिला जारी रहा।


12वीं का परिणाम आने के बाद खुशी का इजहार करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


12वीं के परिणाम के बाद कॉलेज में खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### वंशिका 98.2 फीसदी अंक पाकर विद्यालय के साथ जिले में भी प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं में लिटिल एंजेल्स स्कूल के बच्चों ने मुकाम हासिल करने के साथ ही स्कूल का भी मान बढ़ाया। वंशिका गुप्ता ने 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय के साथ ही जिले में भी प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि विवेक अनंत मिश्रा ने 96 .8 प्रतिशत स्थान पाकर स्कूल में द्वितीय, सौंदर्या श्रवण, अच्युत वाजपेयी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, उज्जवल शर्मा ने 95 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में चौथा स्थान, सार्थक देवल ने 95 प्रतिशत के साथ पांचवा, सेजल गंगवार एवं श्रेयाशी वर्मा ने 94 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके छठवां, मानसी अग्रवाल व लक्ष्य सेठी ने 94 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां, तनिष्का सिंह 94 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां, गीत अगनानी व तरुबा अथर ने 93 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नौवां और अनिका वार्ष्णेय ने 93 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दसवां स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने अभिभावकों और छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए मिठाई खिलाई।


मेधावियों को मिठाई खिलाते लिटिल एंजेल्स स्कूल के प्रधानाचार्य एनसी पाठक।

> इस बार सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में कुल 1760 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 1738 ने परीक्षा दी थी। इस बार जिला टॉपर के रूप में छात्रा वंशिका गुप्ता और रचित चंद्रा रहे हैं। अधिकतर स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।
>
> –एनसी पाठक, सिटी कोऑर्डिनेटर।

### कई सालों से साइंस वर्ग में नहीं मिल रहा जिला टॉपर

सीबीएसई बोर्ड की ओर से जारी हुए परिणाम में इस बार भी साइंस वर्ग के छात्र-छात्रा जिला टॉपर नहीं बन पा रहे हैं। हालांकि इसको लेकर कॉलेज प्रशासन भी कोई सटीक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। इस बार भी जिला टॉपर चुनी गई वंशिका गुप्ता कॉमर्स वर्ग से हैं। जबकि दूसरे टॉपर रचित चंद्रा ह्यूमैनिटीज (मानविकी) वर्ग से हैं। इसी तरह दूसरी टॉपर मान्या और तीसरी पावनी सहगल भी मानविकी वर्ग से हैं। इससे पहले भी अभी तक साइंस वर्ग में टॉपर नहीं मिल सका है। कुछ साल पहले साइंस वर्ग में टॉपर निकले थे।

## बीबीए में जैसमीन, नवरीत और अंशिका रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत







**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा बीबीए के सभी वर्षों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

प्रथम सेमेस्टर में जैसमीन कौर 74.88 प्रतिशत अंक पाकर अव्वल रहीं। निवेदित सरकार 72.62 प्रतिशत पाकर द्वितीय और परवीन कौर एवं अंकिता श्रीवास्तव ने 69.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पाया। तृतीय सेमेस्टर में नवरीत कौर 74.88 प्रतिशत अंक पाकर टॉपर बनीं। वहीं आशी मिश्रा ने 74.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजवीर कौर ने 74.25 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पाया। पंचम सेमेस्टर में अंशिका कुमारी 71.67, प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। मोहम्मद मिजाव अंसारी 68.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और निखिल शुक्ला 67.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय रहे। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उत्तम परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यकारी निर्देशक डॉ. हेमन्त जगोता ने छात्र/छात्राओं और प्रवक्ताओं की प्रशंसा की। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 93.4 फीसदी अंक पाकर रोहित बने कॉलेज टॉपर



**पीलीभीत, अमृत विचार :** फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल के रोहित अनेजा ने सीबीएसई 12वीं में 93 .4 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। कुशल राना ने द्वितीय और हिमांशु कुमार भास्कर तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य शक्तिरीश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 17 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सर्वाधिक अंक रोहित अनेजा के आए हैं। ट्रस्टी डॉ .अनवर हबीब, प्रमोद राना, तेजपाल सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बीमारी से लड़कर भी हासिल की सफलता


बेटी के जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कठिन परिस्थितियों के बीच हौसला और मेहनत कायम रखकर शहर की मान्या गंगवार ने जिले में दूसरा स्थान पाकर परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी मान्या ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह साबित किया कि मजबूत इरादों के सामने मुश्किलें ज्यादा देर टिक नहीं सकतीं। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है। मान्या के पिता योगेंद्र गंगवार पशुपालन विभाग में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। बेटी की उपलब्धि पर परिवार खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। परीक्षा में मान्या को कुल 489 अंक मिले। मान्या बताती हैं कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा आधार सेल्फ स्टडी रही। वह रोजाना चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थीं और स्कूल में पढ़ाए गए विषयों का नियमित रूप से रिवीजन करती थीं। मान्या का सपना न्यायिक सेवा में जाकर समाज के लिए काम करने का है।

## ज्ञान में शत प्रतिशत रहा परिणाम, सार्थक स्कूल टॉपर


ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद खुशी का इजहार करते विद्यार्थी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के टॉप विद्यार्थियों में सार्थक पाल ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रियांशु वर्मा 93.60 प्रतिशत के साथ दूसरे, कोमल 92.6, शगुन गंगवार 92, शुभकर्मन कौर 91, नवनीत कौर 90 प्रतिशत के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें और छठवें स्थान पर रहे।

संगीत विषय में हारिस बेग, कोमल कौर, रुद्रांशी सिंह, नवनीत कौर ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं सार्थक पाल ने पेंटिंग में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। रसायन विज्ञान विषय में सार्थक पाल ने 98, राशि गंगवार ने 97 अंक प्राप्त किए। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि विद्यालय के 97 विद्यार्थियों में सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

इनमें से छह विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से से अधिक, 24 ने 80 प्रतिशत से अधिक और 41 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

## समारोह में सम्मानित किए गए टॉपर्स

बीसलपुर, अमृत विचार : कैंम स्कॉलर्स स्कूल में बुधवार को समारोह आयोजित किया गया। जिसमें में कक्षा 12 वीं में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डायरेक्टर राजेश अग्रवाल ने शुरुआत कराई। प्रधानाचार्य अर्पित अग्रवाल ने घोषित परीक्षा फल के परिणाम की जानकारी दी। 55 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। 54 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 53 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा वेदिका सिंघल ने 92 .8 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांश गंगवार द्वितीय, संस्कृत गुप्ता तृतीय रही। टॉपर्स को सम्मानित कर मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर असिस्टेंट डायरेक्टर मनीषा अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेटर सुनीता मित्तल, प्रधानाचार्य अर्पित अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, मनोज कुमार, दीपा सिंह, नियामत अली, रविंदर, सुमित गुप्ता आदि मौजूद रहीं।


सम्मानित किए मेधावी संग शिक्षक। ● अमृत विचार

## पूरनपुर में सीबीएसई 12वीं की सान्वी रहीं स्कूल टॉपर


छात्रा को मिठाई खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

पीलीभीत, अमृत विचार : सेंट जोसेफ स्कूल पूरनपुर में सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट बेहतर रहा। कुल 89 बच्चों ने परीक्षा दी थी। 88 फीसदी बच्चे कामयाब रहे। सान्वी गुप्ता ने 90 .4 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉप किया जबकि दिवित अग्रवाल और ज़ैनब अयाज ने संयुक्त रूप से 85 .8 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर 85 .2 प्रतिशत अंक पाकर दिव्य शुक्ला रहे। मैनेजर फादर ग्रेगरी, प्रधानाचार्य सिस्टर रेम्या समेत समस्त स्टाफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ओर मिठाई खिलाई।

## डीएम ने कई बिंदुओं पर समीक्षा कर दिए निर्देश

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बरेली में प्रस्तावित बैठक की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने 22 बिंदुओं पर समीक्षा की और अधिकारियों को सभी स्पष्ट सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय उपस्थित होने के निर्देश दिए।


गांधी सभागार में बैठक के दौरान समीक्षा करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

● विधान परिषद विशेषाधिकारी समिति की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल समेत 22 बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभागों को दी जा रही विकास धनराशि, धनराशि का विकास कार्यों में व्यय, किसानों को सिंचाई के लिए नलकूप कनेक्शन, राजकीय नलकूप की स्थिति, नहरों की सिल्ट सफाई, सड़कों को गड्ढा मुक्त, बाल संरक्षण गृह एवं महिला सुधार गृहों की स्थिति, विभिन्न विभागों में शिकायत प्रकोष्ठ एवं मानीटरिंग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही सामग्री, एमएलसी एवं एमएलए द्वारा क्षेत्र विकास निधि के प्राप्त पत्रों पर की गई कार्रवाई आदि की समीक्षा की गई।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्पष्ट सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय उपस्थित हो। बैठक में एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, उपायुक्त स्वत रोजगार वंदना सिंह, सीवीओ डॉ. पीके त्यागी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
17 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE
A LEGACY OF TRUST A FUTURE OF SUCCESS
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
SSVSN | GNM • ANM
SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
CAREER-FOCUSED EDUCATION | BEST PLACEMENT IN THE REGION | HIGH-TECH ACADEMIC INFRASTRUCTURE | HIGHLY EXPERIENCED FACULTY
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheet Chauraha, Bareilly

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
• Faculty of Management
Application Fee
■ For Indian Candidate Rs. 2000/-
■ NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 14 मई 2026 खीरी

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट का आरोप एसपी से शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज वार्ड नं 23 निवासी तारा देवी पत्नी हरद्वारी लाल ने बताया कि 24 जून 2025 में विपक्षियों ने नाली का पाइप बंद कर दिया था, जिसमें उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिससे नाराज होकर आये दिन वह लोग उसके परिवार को तंग करते है। आरोप है कि दो मई की रात 10 .30 बजे जान से मार डालने के इरादे से विपक्षी लाठी डंडा लेकर गालियां देते हुए जबरदस्ती घर में घुस आये और मारपीट करने लगे। पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### जीपीएस आधारित गन्ना सर्वेक्षण की जांच

**लखीमपुर खीर, अमृत विचार :** गांव सदुल्लापुर में बुधवार को पेराई सत्र 2026-27 के तहत चल रहे जीपीएस आधारित गन्ना सर्वेक्षण अभियान की संयुक्त टीमों ने जांच की। अधिकारियों ने खेतों में पहुंचकर डिजिटल सर्वे की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि 1 मई से 30 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत डिजिटल सर्वे सुनिश्चित करना, भूमि का सही आकलन करना तथा चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है। एंड्रॉयड बेस्ड मशीनों के माध्यम से खेतों का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म और अन्य विवरणों का जीपीएस आधारित सत्यापन किया जा रहा है।

### नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ

**पलिया कलां, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर चित्रांशु समाज कल्याण परिषद के स्थानीय सीएचसी में खोले गए नशा मुक्ति केंद्र का बुधवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत ने ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. अजीत सिंह, डॉ. आरके वर्मा, अंकित दीक्षित, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह, सचिन सागर,आलोक कुमार, इंद्र कुमार अवस्थी, लव कुश वर्मा, किरन कुमारी, बाल कुमारी, लक्ष्मी, साहिल एवं सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

# गडरिया चौराहे पर देर रात भीषण अग्निकांड, तीन दुकानें राख

## शॉर्ट सर्किट से उठीं लपटों ने मचाई तबाही, घटना में करीब 30 लाख रुपये का सामान और लगभग दो लाख रुपये की नकदी जलकर नष्ट

संवाददाता, बेहजम


दुकान से उठ उठतीं भीषण लपटें। ● अमृत विचार


पानी की बौछार कर आग बुझाते थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम। ● अमृत विचार


घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- वर्षों की मेहनत पलभर में राख रो-रोकर बेहाल दुकानदार
- ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर पाया आग पर काबू

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र के गडरिया चौराहे पर मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और रेडीमेड कपड़े, मोबाइल तथा कॉस्मेटिक की तीन दुकानें धू-धू कर जल उठीं। आग की भयावह लपटें और आसमान में उठता धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। घटना में करीब 30 लाख रुपये का सामान और लगभग दो लाख रुपये की नकदी जलकर राख हो गई।

भूपतिपुर गांव निवासी अवधेश मिश्रा की गडरिया चौराहे पर तीन दुकानें थीं, जिनमें रेडीमेड कपड़े, मोबाइल और कॉस्मेटिक का कारोबार होता था। मंगलवार रात अचानक दुकानों से धुआं निकलता दिखाई दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग ने तेजी से पूरी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और दुकानों के अंदर रखा सामान जलने लगा।

स्थानीय लोगों के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी। दुकानों में बड़ी मात्रा में कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान और कॉस्मेटिक उत्पाद रखे होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के भीतर रखा अधिकांश सामान बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बाल्टियों, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच एसओ प्रवीर गौतम भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की विभीषिका को देखते हुए वह भी बचाव कार्य में जुट गए।

उन्होंने पाइप लाइन के जरिए पानी की बौछार कर आग बुझाने की घंटों कोशिश की। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक तीनों दुकानें पूरी तरह जल चुकी थीं और अंदर रखा सामान राख में तब्दील हो गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकानें आग के गोले में बदल गईं। आग की तेज तपिश के कारण आसपास मौजूद लोग दुकानों के करीब तक नहीं जा पा रहे थे। कई लोगों ने जान जोखिम में डालकर अंदर से सामान निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

दुकानदार अवधेश मिश्रा घटना के बाद पूरी तरह टूट गए। अपनी आंखों के सामने वर्षों की मेहनत और जीवन भर की जमा पूंजी को जलता देख वह बदहवास हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन उनका रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार के अन्य सदस्य भी घटना के बाद सदमे में हैं। ग्रामीणों ने यूपी-112 पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जरूर, लेकिन पुलिसकर्मी वाहन से नीचे तक नहीं उतरे और आग बुझाने या भीड़ नियंत्रित करने में कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभाई। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

घटना के बाद पूरे गडरिया चौराहे और आसपास के इलाके में मायूसी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अग्निशमन व्यवस्था उपलब्ध हो जाती तो शायद नुकसान कम हो सकता था। वहीं पीड़ित दुकानदार प्रशासन से आर्थिक सहायता और नुकसान का आकलन कर राहत दिलाने की मांग कर रहा है।

# विद्यार्थियों को कराया उर्दू वर्णमाला का अभ्यास


कृषक समाज कॉलेज में बोलते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हाल में बुधवार को भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने किया। पहले दिन प्रतिभागी विद्यार्थियों को उर्दू भाषा की वर्णमाला, संख्याओं, अभिवादन और दैनिक जीवन की उपयोगी बातों को सरलता से समझाया गया।

प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने बताया कि भारतीय भाषा समरकैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ अन्य भारतीय भाषाओं से परिचित कराना, संवाद कौशल विकसित करना है। बताया कि कैंप में प्रतिभागी विद्यार्थियों को अभिवादन, आत्म परिचय, वर्णमाला और सामान्य शब्दावली से संबंधित गतिविधियां, दैनिक जीवन से जुड़े संवाद, गीत, संगीत, नृत्य, चित्रकला आदि गतिविधियों का अभ्यास कराया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज ने एसपी कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी।


एसपी कार्यालय के बाहर मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर एएसपी को सौंपा ज्ञापन
- वायरल ऑडियो में समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप

**अमृत विचारः** ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में तमाम ब्राह्मण संगठनों के लोग कलेक्ट्रेट में एकत्र हुए। ब्राह्मण समाज और हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद एसपी कार्यालय पहुंचे और एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय को ज्ञापन सौंपा। समिति पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आए दिन सोशल मीडिया पर समाज विशेष की भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट और वीडियो वायरल किए जा रहे हैं, लेकिन पुलिस स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

ब्राह्मण परिवार सेवा समिति अध्यक्ष पं. अवधेश मिश्र और महामंत्री पं. सौरभ पांडेय के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि लखीमपुर में कुछ असामाजिक तत्व सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। इससे समाज में रोष बढ़ता जा रहा है और किसी भी समय माहौल तनावपूर्ण हो सकता है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ भी सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणियां की जाती हैं, लेकिन पुलिस स्वयं संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई नहीं करती, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

समिति ने विशेष रूप से एक वायरल ऑडियो क्लिप का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि थाना खीरी के गांव लगुचा निवासी हैरम्ब वर्मा उर्फ कजरु पुत्र जगत वर्मा ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इस मामले में 10 मई 2026 को कोतवाली सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक आरोपी के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ब्राह्मण समुदाय में भारी आक्रोश है। समिति पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो युवाओं में आक्रोश बढ़ सकता है, जिससे सामाजिक माहौल प्रभावित होने की आशंका है।

समिति ने एसपी से मांग की कि सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही वर्तमान प्रकरण में नामजद आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। यदि भविष्य में किसी प्रकार का सामाजिक तनाव उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान उमेश पांडेय, विजय मिश्र उर्फ राजू समेत समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, मोहम्मदी


एसडीएम को अपनी समस्या बताते विकास नगर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

- सड़क नहीं बनने से नाराज हैं विकास नगर के लोग
- खेतों की मेड़ों से गुजरने को मजबूर धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत साहबगंज ग्रांट के मजरा विकास नगर के ग्रामीणों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। वर्षों से गांव तक सड़क बनवाने की मांग पूरी न होने से नाराज ग्रामीण बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और प्रदर्शन करते हुए गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि विकास नगर मजरा आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। गांव तक पहुंचने के लिए पक्का लिंक मार्ग नहीं है, जिसके चलते ग्रामीणों को खेतों की मेड़ों और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब रास्ते कीचड़ और पानी से भर जाते हैं और गांव का संपर्क लगभग कट जाता है।

वर्ष 2021 से लगातार तहसील प्रशासन और संबंधित विभागों को आवेदन दिए जा रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सड़क न होने से सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ती है। आपात स्थिति में गांव तक एंबुलेंस पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई और किसानों के आवागमन पर भी इसका असर पड़ रहा है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि गांव के लोग वर्षों से विकास की राह देख रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे।

ग्रामीणों की बात सुनने के बाद एसडीएम ने मामले की जांच कराने और संबंधित विभाग से वार्ता कर जल्द समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया। हालांकि ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि सड़क निर्माण कार्य शुरू होते देखना चाहते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों का कहना था कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# चोरी का खुलासा नाबालिग समेत दो को किया गिरफ्तार

**फूलबेहड़, अमृत विचारः** पुलिस ने ने दाउदपुर चौराहा पर स्थित परचून की दुकान समेत दो जगहों पर हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए थाना मैलानी के संसारपुर निवासी असद उर्फ आरिफ व उसके साथी एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विमल पान मसाला, धूपबत्ती, चावल व बेसन की बोरी, बैल कोल्हू सरसों तेल, बिस्कुट, शेविंग क्रीम, साबुन, वाइल्ड स्टोन पाउडर, हाजमोला पैकेट और 1250 रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा व थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ से संबंधित चोरी की बाइक भी बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा गया है।

# अमर्यादित टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में रोष

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला में तहसीलदार को ज्ञापन देते प्रबुद्ध समाज के लोग। ● अमृत विचार

- राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समुदाय को लेकर की गई एक कथित विवादित टिप्पणी से आक्रोशित प्रबुद्ध समाज के लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बुधवार को नगर के प्रबुद्ध समाज के लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपकर कहा है कि समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वे कथित तौर पर कह रहे हैं न तो ब्राह्मण अच्छा होता है, और न ही कोई तवायफ, कुछ वेश्याएं भली हो सकती हैं, लेकिन ब्राह्मण भला नहीं होता। इस टिप्पणी से प्रबुद्ध समाज के लोगों में आक्रोश है।

उन्होंने समाज में विद्वेष फैलाने और भावनाओं को आहत करने के जुर्म में सपा प्रवक्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज की मर्यादा का उल्लंघन करने का साहस न कर सके। ज्ञापन सौंपते समय डॉ. सौरभ दीक्षित, मनोज मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुभाष मिश्रा, अनुज अवस्थी, राजेश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# बाबा गौरी शंकर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

संवाददाता, बेहजम


भूमि पूजन करते कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू। ● अमृत विचार

- मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों के लिए शासन से 59.82 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत
- विधायक ने किया भूमि पूजन, मंदिर परिसर में हॉल, सोलर लाइट व पेयजल सुविधाएं होंगी विकसित

**अमृत विचारः** कस्बा में पौराणिक बाबा गौरी शंकर मंदिर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों के लिए शासन से 59.82 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मंगलवार को कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने परियोजना का भूमि पूजन कर कार्यों की शुरुआत कराई। यह राशि पर्यटन विभाग के माध्यम से स्वीकृत हुई है। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

मंगलवार को पर्यटन विभाग की टीम ने मंदिर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यों की पैमाइश भी की। विधायक सौरभ सिंह सोनू के प्रयासों से मिली इस स्वीकृति से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। जूनियर इंजीनियर सौरभ शुक्ला ने बताया कि योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में एक हॉल का निर्माण, इंटरलॉकिंग मार्ग, पेयजल पोस्ट, सोलर लाइटें और चबूतरे का नवीनीकरण कराया जाएगा। इन विकास कार्यों के पूरा होने से मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के लिए अधिक आकर्षक और सुविधायुक्त बनेगा।

परियोजना को लगभग छह माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सोलर लाइटों के लगने से मंदिर परिसर रात में भी रोशन रहेगा, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान आदित्य कुमार शुक्ला, आदर्श मिश्रा, कृष्ण अवस्थी, सत्यदेव दीक्षित, कृष्णकांत शुक्ला, राहुल दीक्षित, विकास मिश्रा, राजेश पांडेय और राजेश शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बालक ध्रुव की तपस्या से बना ध्रुव तारा

**बिझौली, अमृत विचारः** फकीर बाबा स्थान पर चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन कथावाचिका उपासना शास्त्री ने बालक ध्रुव की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा उत्तानपाद की दूसरी रानी सुरुचि से पमानित होने पर पांच वर्षीय ध्रुव ने मां सुनीति की प्रेरणा से मधुवन में जाकर भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने वरदान दिया कि वे ध्रुव तारे के रूप में अचल पद पर स्थापित होंगे, जिसकी परिक्रमा सप्तऋषि भी करेंगे। इस दौरान संरक्षक पूर्व विधायक रामसरन, आयोजक जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेशचंद्र कनौजिया, अवधेश वर्मा, हरीश वर्मा, जेपी सिंह आदि मौजूद रहे।


कथा सुनातीं उपासना शास्त्री।

# सेमीफाइनल में पहुंची लोधपुरवा टीम

- 91 रन की पारी और मैकल की शानदार गेंदबाजी से जीता क्वार्टर फाइनल

संवाददाता, मझगईं


दिवेश को मैन ऑफ द मैच का मेडल पहनाते अतहर हुसैन व मोहम्मद अफजल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोधपुरवा में आयोजित डॉ. मोहम्मद हसन नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लोधपुरवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पलिया को 35 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच में दिवेश की बल्लेबाजी और मैकल की गेंदबाजी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही।

पलिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लोधपुरवा की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। टीम के बल्लेबाज दिवेश ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए। उन्होंने मात्र 41 गेंदों में 91 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस शानदार पारी में दिवेश ने 10 छक्के और चार चौके लगाए। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत लोधपुरवा ने निर्धारित 14 ओवर में 199 रन का स्कोर खड़ा कर दिया।

पलिया की ओर से दिलशाद ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में केवल 15 रन देकर 4 विकेट झटके। 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरुआती विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद साहिल और तम्मा ने जिम्मेदारी संभालते हुए टीम को मुकाबले में वापस लाने की कोशिश की। साहिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए, जबकि तम्मा ने 44 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच मजबूत साझेदारी से एक समय मुकाबला काफी रोमांचक हो गया और दर्शकों में उत्साह बढ़ गया, लेकिन लोधपुरवा के गेंदबाज मैकल ने शानदार वापसी करते हुए मैच का पासा पलट दिया। शुरुआती ओवर में 18 रन खर्च करने के बाद उन्होंने जबरदस्त नियंत्रण के साथ गेंदबाजी की और सेट बल्लेबाज साहिल व तम्मा को आउट कर पलिया की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। इसके बाद पलिया की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम 165 रन पर सिमट गई। मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए दिवेश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें मोहम्मद अफजल और अतहर हुसैन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बात नहीं करोगी तो जान से मार दूंगा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक छात्रा ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह एक इंटर कॉलेज में प्रवेश कराने के लिए गई थी। सुबह करीब 11 बजे कॉलेज के बाहर गेट पर उसे मेराज पुत्र बाबू अली निवासी खीरी मिला। पीड़िता के अनुसार युवक ने उसे रोक लिया और अभद्रता करते हुए कहा कि अगर हमसे बात नहीं करोगी तो जान से मार दूंगा। घटना के बाद छात्रा सहम गई और उसने परिजनों को पूरी जानकारी दी। परिजन छात्रा को लेकर थाना पहुंचे और एसओ निराला तिवारी को पूरी घटना बताई। साथ ही आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एसओ ने बताया कि प्रकरण की जांच एसआई राज बहादुर को सौंपी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कार-बाइक की भीषण भिड़ंत में छह घायल

**भानपुर, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र में बुधवार सुबह बाइक सवार करन और गोविंद भानपुर की ओर से खेत देखकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बिजुआ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कार में नौसर निवासी बलराम के अलावा डिमरौल निवासी ईश्वर देवी, वीरेंद्र और सरस्वती सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सभी छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बलराम, ईश्वर देवी और गोविंद की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज बिजुआ सीएचसी में जारी है। सूचना मिलते ही बिजुआ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीबीएसई इंटर में अजमानी के हर्षित ने किया जिला टॉप

## 97.6 प्रतिशत अंक किए हासिल, मोहम्मदी के यूडी की मान्या ने 97.2 प्रतिशत अंक पाकर पाया दूसरा स्थान, चिल्ड्रेंस एकेडमी के तनिष्क 97 फीसदी अंक पाकर मिला तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिले भर के विद्यालयों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस बार अजमानी पब्लिक स्कूल के हर्षित सिंह राणा ने जिले में पहला, उमा देवी चिल्ड्रंस एकेडमी मोहम्मदी की मान्या गुप्ता ने दूसरा और चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तनिष्क रस्तोगी ने तीसरा स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। परिणाम जारी होने के बाद स्कूल परिसरों में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई विद्यालयों में मिठाई बांटकर विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया, वहीं शिक्षकों ने भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की। इस बार भी जिले के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

बुधवार को जारी सीबीएसई इंटरमीडिएट रिजल्ट में अजमानी पब्लिक स्कूल के छात्र हर्षित सिंह राणा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर उमा देवी चिल्ड्रंस एकेडमी मोहम्मदी की छात्रा मान्या गुप्ता ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तीसरे स्थान पर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तनिष्क रस्तोगी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी के अलंकृत गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। चिल्ड्रेन्स एकेडमी की अन्वेशा ठाकुर ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर जगह बनाई। वहीं ला मटीना स्कूल के अथर्व मिश्रा और चिल्ड्रेन्स एकेडमी की प्रियंशी गुप्ता ने समान रूप से 95.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। पंडित दीन दयाल सीबीएसई स्कूल के शिवांश मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अजमानी इंटरनेशनल स्कूल की आद्या सचदेवा ने 95.2 प्रतिशत और अजमानी पब्लिक स्कूल की विधि सिंह ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप सूची में स्थान बनाया।

रिजल्ट जारी होते ही विद्यार्थियों में अपनी मार्कशीट देखने की होड़ लगी रही। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जिले को टॉप वन की उपलब्धि देने वाले अजमानी पब्लिक स्कूल में खुशी मनाते बच्चे। ● अमृत विचार



टॉपर अलंकृत गुप्ता को बुके देकर बधाई देते दून पब्लिक स्कूल के स. गुरुमेजर सिंह व अभिभावक। ● अमृत विचार

### सिविल सर्विसेज के जरिए देश सेवा करना चाहते हैं हर्षित



अजमानी पब्लिक स्कूल के छात्र हर्षित सिंह राणा ने 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला टॉप किया है। शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी हर्षित के पिता कन्हैयालाल प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि मां रामवती देवी ग्रहणी हैं। हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और अपने अभिभावकों को दिया। हर्षित ने बताया कि उन्होंने स्कूल के अलावा सेल्फ स्टडी कर यह मुकाम हासिल किया है। हर्षित सिविल सर्विसेज से जुड़कर देश सेवा करना चाहते हैं।

### यूपीएससी परीक्षा को क्रैक कर देश सेवा करना चाहती हैं अन्वेशा



चिल्ड्रन एकेडमी लखीमपुर की छात्रा अन्वेशा ठाकुर ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। शहर के मोहल्ला राजाजीपुरम निवासी अन्वेशा के पिता पंकज कुमार शिक्षक और मां अर्चना सिंह ग्रहणी है। अन्वेशा ने बताया कि वह सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ पढ़ाई और बात करने के लिए करती हैं। अन्वेशा यूपीएससी परीक्षा को क्रैक कर देश सेवा करना चाहती हैं।

### सोशल मीडिया से दूरी बनाकर मान्या ने प्राप्त किया मुकाम



97.2 प्रतिशत अंकों के साथ सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वालीं मान्या गुप्ता मोहम्मदी के उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी की छात्रा हैं। मान्या के पिता मुकेश कुमार गुप्ता व्यवसाय और माता कल्पना गुप्ता गृहणी हैं। मान्या ने बताया कि परीक्षा के समय उन्होंने सोशल मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी। अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए उन्होंने बीकॉम ऑनर्स के बाद एमबीए करने की बात बताई।

### चिकित्सक बन गरीबों की सेवा करना चाहते हैं शिवांश



पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएसई) के छात्र शिवांश मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। शहर के मोहल्ला अयोध्यापुरी निवासी शिवांश चिकित्सक बनकर गरीबों की सेवा करना चाहते हैं। शिवांश के पिता आदित्य नारायण मिश्रा एमआर हैं, जबकि मां नीलम शिक्षिका हैं। शिवांश ने बताया कि उन्होंने स्कूल के अलावा ऑनलाइन कोचिंग भी ली है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

### केमिस्ट्री के जटिल समीकरण यूट्यूब के जरिए समझे



96.6 प्रतिशत अंकों के साथ सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की जिला टॉप टेन सूची में जगह वाले दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी के छात्र अलंकृत गुप्ता ने स्कूल के साथ केमिस्ट्री के जटिल समीकरण यूट्यूब के जरिए समझे। मोहम्मदी के मोहल्ला बाजार गंज निवासी फार्मासिस्ट विनीत के पुत्र अलंकृत की मां सुनल ग्रहणी हैं। अलंकृत नीट की परीक्षा पास कर डॉक्टर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मां-बाप और शिक्षकों को दिया।

### जिले में तीसरे स्थान पर रहे तनिष्क



97 प्रतिशत अंकों के साथ सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में तीसरे स्थान पर रहे तनिष्क रस्तोगी यूपीएससी परीक्षा पास कर देश सेवा करना चाहते हैं। शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी और चिल्ड्रन अकैडमी के छात्र तनिष्क के पिता प्रदीप कुमार ईट भट्ठा पर मैनेजर हैं, मां रेखा रानी रस्तोगी ग्रहणी हैं। तनिष्क ने बताया की हिस्ट्री और ज्योग्राफी उनके पसंदीदा सब्जेक्ट है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और स्कूल को दिया है।

### टॉप-10 सूची में बेटियों ने भी छोड़ी गहरी छाप

सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में इस बार जिले की टॉप-10 सूची में छात्राओं की भी मजबूत उपस्थिति देखने को मिली। टॉप-10 में कुल चार छात्राओं ने जगह बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। उमा देवी चिल्ड्रंस एकेडमी मोहम्मदी की मान्या गुप्ता ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं चिल्ड्रेन्स एकेडमी की अन्वेशा ठाकुर और प्रियांशी गुप्ता ने भी बेहतरीन अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अजमानी इंटरनेशनल स्कूल की आद्या सचदेवा और अजमानी पब्लिक स्कूल की विधि सिंह ने भी टॉप सूची में स्थान बनाकर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालयों में खुशी का माहौल रहा और शिक्षकों ने इसे निरंतर मेहनत का परिणाम बताया।

### इंटरमीडिएट टॉप-10 में लड़कों का रहा दबदबा

सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में इस बार जिले की टॉप-10 सूची में लड़कों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। टॉप-10 में कुल छह लड़कों ने अपनी जगह बनाकर प्रतिभा का परचम लहराया। अजमानी पब्लिक स्कूल के हर्षित सिंह राणा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तनिष्क रस्तोगी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दून पब्लिक स्कूल मोहम्मदी के अलंकृत गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा ला मटीना स्कूल के अथर्व मिश्रा, पंडित दीन दयाल सीबीएसई स्कूल के शिवांश मिश्रा और अन्य छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। छात्रों की इस उपलब्धि पर सभी विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



“ सर सीबीएसई परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

**- गुरुजीत अजमानी**, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, अजमानी पब्लिक स्कूल, लखीमपुर खीरी।

# ला माटीना के अथर्व मिश्रा ने 95.8 फीसदी अंक हासिल कर किया टॉप

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** ला माटीना स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के छात्र अथर्व मिश्रा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं स्वर्णिम सक्सेना ने 93 प्रतिशत, बुतूल आबिदी ने 92.2 प्रतिशत, शगुन वर्मा ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अर्चिका सक्सेना ने 89.48 प्रतिशत, स्वीकृति ने 87.8 प्रतिशत, जैना फातिमा ने 86.8 प्रतिशत, अरमान अली ने 86.2 प्रतिशत, अमन कुमार प्रजापति ने 85.8 प्रतिशत तथा अहद रज़ा अंसारी ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### एसएचएम एकेडमी के हरकीरत ने किया तहसील टॉप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** श्री हरपाल सिंह मेमोरियल एकेडमी धुमराडीह के कक्षा 12 के विद्यार्थी हरकीरत सिंह पुत्र चरनजीत सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में टॉप किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अवधेश सिंह ने बताया कि इस बार यह इंटरमीडिएट का पहला बैच था। पहली बार ही विद्यालय के हरकीरत सिंह ने नगर व क्षेत्र में टॉप कर विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। नगर के बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेन्स एकेडमी की छात्रा अंशिका वर्मा पुत्री धनंजय वर्मा ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में टॉप किया है। उसकी इस उपलब्ध से विद्यालय व परिवार में हर्ष है। विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता, सविता गुप्ता, डायरेक्टर अनुभव गुप्ता, प्रधानाचार्य मोहित पाठक ने अंशिका को बधाई देते हुए उसके स्वर्णिम भविष्य की कामना की है। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं के छात्र ऋषभ श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। वत्सल पाठक ने 86.2 प्रतिशत, तनिषा अग्रवाल ने 84.4 प्रतिशत, जानवी पांडेय ने 83.8 प्रतिशत, अरुष पटेल एवं सीतेश कुमार ने 83.6 प्रतिशत, हर्ष पटेल ने 83.4 प्रतिशत, आदित्य सूरी ने 82.4 प्रतिशत, दुर्गेश वर्मा ने 81.2 प्रतिशत, अतीफा खानम ने 81 प्रतिशत, शाश्वत पटेल ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेधा सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।



हरकीरत सिंह।



अंशिका वर्मा।

● **चिल्ड्रेंस एकेडमी की अंशिका ने किया नगर टॉप**

# एक माह से गैरहाजिर चल रहे 14 पुलिसकर्मी निलंबित

- यूपी-112, पुलिस लाइन और विभिन्न थानों में तैनात थे
- एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लंबे समय से ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे पुलिसकर्मियों पर आखिरकार बड़ी कार्रवाई हुई है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने अनुशासनहीनता पर सख्त रुख अपनाते हुए एक माह या उससे अधिक समय से अनुपस्थित चल रहे 14 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग लगातार जनपद के विभिन्न थानों, यूपी-112 और पुलिस लाइन की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर रही थीं। इसी दौरान यह सामने आया कि कई पुलिसकर्मी बिना अनुमति लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे हैं। मामले को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए एसपी ने कठोर कदम उठाया और सभी 14 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सर्वोपरि है। ड्यूटी में लापरवाही और बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि निलंबन के साथ ही सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर आगे और कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। एक साथ 14 कर्मियों पर हुई इस बड़ी कार्रवाई को अनुशासन कायम करने की दिशा में बड़ा संदेश माना जा रहा है। वहीं महकमे में तैनात अन्य कर्मचारियों के बीच भी कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई है।

### निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में ये शामिल

कार्रवाई की जद में विभिन्न थानों, यूपी 112 और पुलिस लाइन में तैनात कर्मचारी आए हैं। इनमें मुख्य आरक्षी सुनील कुमार (उचौलिया), मनोज कुमार (नीमगांव), नरेंद्र सिंह (ईसानगर), राकेश कुमार (पुलिस लाइन), आरक्षी हरिकांत वर्मा (पढ़ुआ), विवेक मौर्या (पुलिस लाइन), कमलेश कुमार, सतीश कुमार और राजकुमार (यूपी 112), हेमेंद्र सिंह (थाना हैदराबाद), महिला आरक्षी मीनाक्षी यादव (उचौलिया), रितु गुप्ता (फूलबेहड़), स्वीपर मिलन कुमार और फालवर पंकज चौधरी (पुलिस लाइन) शामिल हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


# पीओएस मशीन से ही की जाएगी खाद की बिक्री

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



उर्वरक बिक्री पर निगारानी की बाबत बैठक करते डीएम अंजनी कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** खरीफ सीजन 2026 से पहले जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, निगरानी एवं किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कृषि, सहकारिता और गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि व थोक विक्रेता मौजूद रहे।

डीएम ने निर्देशित किया कि सभी उर्वरक विक्रेता प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक बिक्री केन्द्र संचालित रखें तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण करें। किसानों से खतौनी एवं फार्म रजिस्ट्री की प्रति लेकर ही बिक्री की जाये। स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा विक्रय निर्धारित दरों पर ही किया जाये। बैठक में संतुलित उर्वरक उपयोग पर भी जोर दिया गया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को पीएम प्रणाम योजना के तहत यूरिया के संतुलित प्रयोग और एनपीके उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए जागरूक किया जाए। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से विभिन्न फसलों के लिए अनुशंसित उर्वरक मात्रा अपनाने की अपील की गई। डीएम ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, टैगिंग या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।


आवश्यकता है
श्री लालाराम महाविद्यालय
(सम्बद्ध-एम.जे.पी.रू.वि.वि., बरेली)
श्रीनगर तह. कलान, जनपद शाहजहांपुर
पद-प्राचार्य
योग्यता-यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार
इच्छुक व्यक्ति कॉलेज में सम्पर्क करें
9919870241


# प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली कलश यात्रा



साहूपुर गांव में निकली कलश यात्रा ● अमृत विचार

**बरवर, अमृत विचार:** गांव साहूपुर के देवीस्थान मंदिर में दुर्गा माता और गणेश भगवान सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञादि कार्यक्रम हुआ। उससे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

मंदिर में दुर्गा माता, गणेश जी, काल भैरव, सूर्य भगवान और हनुमान जी की मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा होनी है। पंडित प्रेमबाबू शर्मा की देखरेख में राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, मनोज कुमार ने सपत्नीक यजमान रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन आदि संपन्न हुआ। उससे पहले महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलशों में गोमती से जल भरकर मंदिर में स्थापित किए गए। इस मौके पर विपिन वर्मा, रूपसिंह, मनोज कुमार, विनोद कुमार, मुनेश कुमार सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बाघ के हमले में युवक गंभीर घायल

- क्षेत्र में फैली दहशत, खेतों की तरफ जाने से कतरा रहे लोग

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार:** वन रेंज मैलानी और भीरा बॉर्डर क्षेत्र स्थित वन बीट पडडया के निकट गुरुवार सुबह करीब 10 बजे बाघ के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

कस्बा कुकरा निवासी सूरज पासी (26) पुत्र कमलेश पासी अपने 4-5 साथियों के साथ वन रेंज भीरा के पडडया क्षेत्र स्थित उल्ल नदी में घास फूस लेने गया था। इसी दौरान अचानक पीछे से आए बाघ ने सूरज पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। साथ मौजूद साथियों ने शोर मचाया और चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। तब बाघ सूरज को छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां उसका उपचार जारी है।



बाघ के हमले में घायल सूरज पासी।

घायल सूरज पासी और उसके साथियों ने बताया कि उल्ल नदी क्षेत्र में घास लेने के दौरान अचानक बाघ ने हमला कर दिया। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर वन बीट छैरासी के फॉरेस्ट गार्ड मोहम्मद, रामकिशन यादव, जटपुरा वन चौकी के फॉरेस्टर राजाराम तिवारी, सलेमपुर वन बीट के फॉरेस्ट गार्ड हरेंद्र यादव, वाचर छिवबा सिंह तथा मुशर्रफ अली सहित अन्य कर्मचारी पहुंचे, जिन्होंने बाघ के हमले की पुष्टि कर लोगों को सतर्क रहने और उल्ल नदी के तराई क्षेत्र में न जाने की सलाह दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव एवं खेतों क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों की जान जोखिम में बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है तथा लोग खेतों और जंगल की ओर जाने से डर रहे हैं।

# नीट परीक्षा रद होने से अभ्यर्थियों में निराशा

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने युवाओं की चिंता बढ़ा दी है। नीट परीक्षा को लेकर उठे पेपर लीक विवाद और परीक्षा रद्द होने की चर्चाओं से अभ्यर्थियों में निराशा का माहौल है। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि महीनों तक कठिन मेहनत करने के बाद जब परीक्षा पर सवाल उठते हैं तो उनका मनोबल टूट जाता है।

नीट परीक्षा के लिए छात्र दिन रात पढ़ाई करते हैं। कई विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों में रहकर तैयारी करते हैं तो कई आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद बेहतर भविष्य की उम्मीद में मेहनत करते हैं। ऐसे में पेपर लीक की घटनाएं सामने आने पर छात्रों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि परीक्षा कराने वाली एजेंसियों और जिम्मेदार अधिकारियों को व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए ताकि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लग सके। उनका कहना है कि बार बार परीक्षा रद्द होने या विवाद होने से युवाओं का विश्वास कमजोर होता है और मानसिक तनाव भी बढ़ता है।

अभ्यर्थियों ने मांग की है कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। छात्रों का कहना है कि मेहनत करने वाले युवाओं को निष्पक्ष परीक्षा मिलना उनका अधिकार है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि बच्चों पर पहले ही पढ़ाई और प्रतिस्पर्धा का दबाव रहता है। ऐसे मामलों से उनके भविष्य को लेकर चिंता और बढ़ जाती है।


सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल राठौर व उसकी पत्नी लक्ष्मी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **देवेन्द्र पाल पुत्र अनोखे लाल निवासी मिलक मझरा बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230782304 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गये। **शिवम पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम लखनपुर थाना व तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलेंडर को लेकर मची मारामारी

**मझोला, अमृत विचार :** कस्बे में गैस की समस्या कम नहीं हो पा रही है। बुधवार को रामलुभाया गैस एजेंसी की गाड़ी क्षेत्र में पहुंची तो कई स्थानों पर रोक-रोककर गैस सिलेंडर वितरित किए गए। बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस लेने के लिए पहुंचे। आरोप है कि जिन उपभोक्ताओं की पहले से गैस बुकिंग कंफर्म हो चुकी थी, उनकी बुकिंग अचानक कैंसिल दिखा दी गई। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि मोबाइल पर बुकिंग की पुष्टि मिलने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं दिया गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### अवैध कटान में केस काटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** सामाजिक वानिकी विभाग की रेंज बीसलपुर क्षेत्र बरखेड़ा के वन दरोगा सुरेश गंगवार, इकबाल अहमद ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र के गांव मूसेपुर कला निवासी एक किसान के खेत में खड़े गूलर के विशाल पेड़ को बुधवार को ठेकेदार बिना परमिट के अवैध रूप से पेड़ मालिक की मिली भगत से काटकर ले गया। सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने के बाद वन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वन दरोगा इकबाल अहमद ने बताया कि गांव मूसेपुर कला निवासी पेड़ मलिक व दियोरिया कला निवासी ठेकेदार इरशाद के विरुद्ध केस काटा गया है।

### 26 को मनेगा स्थापना महोत्सव

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव ज्योरह कल्यानपुर स्थित श्रीबालाजी धाम पर आगामी 26 मई को 18 वां स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महन्त डॉ .प्रेमपाल महाराज ने बताया कि श्री बालाजी धाम प्रेम सेवा समिति के सौजन्य से श्रीबालाजी धाम ज्योरह कल्यानपुर इमलिया रोड रेलवे क्रॉसिंग पर आगामी 26 मई मंगलवार को 18 वां स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पूर्व 25 मई को श्रीबालाजी धाम से भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी।

### शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** क्रिसिल फाउंडेशन के माध्यम से ब्लॉक मरौरी क्षेत्र के ग्राम अटकोना में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। संचालन सीएफएल के केंद्र प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर रोहिताश कुमार, शीतल देवी, अंजू लता, कुंती, रघुवीर, मालती आदि मौजूद रहे।

# आंधी-बारिश में मकान ध्वस्त, गृहस्वामी की मौत, पत्नी-पुत्र घायल

## नकहा में देवी मंदिर पर गिरी बिजली, कलश टूटा, लोहे की जंजीर जली, शहर समेत कई इलाकों में तेज हवा के साथ हुई बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



घंटे की जली जंजीर दिखाते पुजारी।



आंधी में सड़क पर टूटकर गिरी पेड़ों की शाखाएं। ● अमृत विचार



मैगलगंज क्षेत्र में गिरे ओले। ● अमृत विचार

- बारिश से गन्ना, सब्जी, साठा धान, चारा आदि फसलों को लाभ

**अमृत विचार:** जिले में बुधवार को अचानक आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया कढ़िले में तेज आंधी के दौरान दीवार और लिंटर गिरने से गृहस्वामी की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी व पुत्र घायल हो गये। नकहा में मंदिर पर बिजली गिरने से बड़ा नुकसान हुआ।

बुधवार की दोपहर करीब डेढ बजे आई तेज आंधी और कड़क आवाज में बिजली चमकने से उसके घर की दीवार और लिंटर गिर पड़े। इसमें गृहस्वामी रतीराम (40) पुत्र दीना दब गए, जबकि उसकी पत्नी अनीता देवी (35) व पुत्र प्रदीप कुमार (4) घायल हो गए। सभी को सीएचसी पसगवां लाया गया, जहां चिकित्सक ने रतीराम को मृत घोषित कर दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मैगलगंज पुलिस ने मृतक रतीराम का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। उधर थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी नकहा के गांव ढकिया में स्थित प्राचीन देवी मंदिर पर बिजली गिरने से मंदिर का कलश टूटकर नीचे गिर गया, जबकि मंदिर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और जंजीरें जल गईं। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल दिखा। लोग बारिश और आंधी से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बारिश से किसानों के चेहरे पर जहां खुशी दिखी वहीं ओलावृष्टि को लेकर कुछ क्षेत्रों में फसलों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

गांव ढकिया में स्थित वर्षों पुराने प्राचीन माता मंदिर पर आसमानी बिजली गिरने से तेज बारिश और गरज-चमक के बीच हुए वज्रपात से मंदिर का कलश टूटकर नीचे गिर गया, जबकि मंदिर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के दौरान तेज धमाके जैसी आवाज हुई और कुछ ही क्षणों में मंदिर से धुआं उठने लगा। मंदिर में घंटा टांगने के लिए लगी लोहे की मोटी जंजीर पूरी तरह जल गई। लोगों ने बताया कि जंजीर से काफी देर तक चिंगारियां निकलती रहीं, जिससे आसपास दहशत फैल गई। गनीमत यह रही कि घटना के समय मंदिर परिसर में कोई श्रद्धालु नहीं था। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए। ग्रामीणों की इस प्राचीन मंदिर से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर के कलश के टूटने और गर्भगृह में दरारें आने से लोगों में मायूसी है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2 बजे तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली कड़की और पूरे गांव में तेज रोशनी फैल गई। इसी दौरान मंदिर पर वज्रपात हो गया।

# आंधी और काली घटाओं से दिन में दिखा रात जैसा नजारा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** बुधवार दोपहर अचानक मौसम का रुख बदल गया। सुबह से ही पड़ रही भीषण गर्मी में लोग परेशान हो उठे थे। दोपहर में अचानक काली घटाओं के साथ तेज आंधी आई, हल्की बूंदाबांदी हुई। ममरी क्षेत्र में ओले गिरे हैं।

आये दिन बदल रहे मौसम से लोग परेशान हैं। कभी गर्मी, कभी वर्षा, कभी ठंड और कभी आंधी आती रहती है। बुधवार दोपहर बाली घटाओं के मध्य तेज आंधी आने से नगर के मेला मैदान में टीन उड़ गई, जिससे दुकानदारों का सामान आंधी में खराब हो गया। गांवों में छप्पर उड़ जाने से लोगों को परेशानी हुई है। हालांकि वर्षा के स्थान पर हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन बाद में मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। गांव के किसानों को इस बूंदाबांदी से कोई खास लाभ नहीं मिला है।

मूड़ा सवारान। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजारों और सड़कों पर सन्नाटे जैसी स्थिति बनी हुई थी। इसी बीच अचानक आसमान में काले बादल छा गए और कुछ ही मिनटों में तेज आंधी चलने लगी। चारों ओर धूल का गुबार फैल गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। करीब आधे घंटे तक तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होती रही। बारिश के बाद हवाओं में नमी आ गई और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे मौसम काफी खुशनुमा हो गया। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस करते हुए मौसम का आनंद लिया।हालांकि दोपहर बाद फिर से धूप निकल आई, लेकिन तापमान में पहले के मुकाबले कुछ कमी महसूस की गई। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव को लेकर लोग भी चर्चा करते नजर आए।



बुधवार दोपहर आसमान में छाईं काली घटाएं। ● अमृत विचार

रोशननगर। बुधवार दोपहर आई तेज आंधी बारिश और आंधी ने क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक बदले मौसम और तेज आंधी के चलते आम की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। बागों में बड़ी संख्या में कच्चे आम टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे बाग मालिकों और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। बारिश के साथ चली तेज आंधी के कारण हैदराबाद फीडर की बिजली भी लडखाई। कई गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हुई। किसानों का कहना है कि बारिस से गन्ना, सब्जी, साठा धान, चारा आदि फसलों को लाभ मिला है।

ममरी क्षेत्र में हल्के ओले भी गिरे हैं। आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के तार भी प्रभावित हुए। दोपहर के समय तेज आंधी और बारिश के चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही हैदराबाद जेई अर्जुन सिंह ने कहा कि बिजली कर्मी लाइन मे फाल्ट तार आदि सही करने में लगे हैं।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, तीन घायल

संवाददाता, फूलबेहड़

- सड़क पर अचानक संदिग्ध वस्तु दिखाई देने से घबरा गया चालक
- लखहा भूड़ जंगल क्षेत्र में तड़के हुआ हादसा, एक की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के जहानपुर-भीरा पलिया मार्ग पर बुधवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सड़क पर अचानक संदिग्ध वस्तु दिखाई देने से चालक घबरा गया और कार को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला निवासी अखिलेश राज चौरसिया (29) पुत्र रामऔतार अपने साथियों कमलेश गुप्ता और बेलवा निवासी हिमांशु गुप्ता के साथ एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बुधवार सुबह करीब ढाई से तीन बजे के बीच उनकी कार जहानपुर के पास लखहा भूड़ जंगल क्षेत्र से गुजर रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान चालक को सड़क पर अचानक कोई संदिग्ध चीज दिखाई दी। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने तेजी से वाहन मोड़ दिया, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते कार सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई और तेज रफ्तार में पेड़ से जा भिड़ी।



पेड़ों के बीच फंसी दुर्घटनाग्रस्त कार।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। निजी वाहन की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में अखिलेश राज चौरसिया का हाथ फ्रैक्चर हो गया और शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हिमांशु गुप्ता और कमलेश गुप्ता को भी चोटें आईं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अस्पताल में तीनों का उपचार जारी है। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि लखहा भूड़ जंगल क्षेत्र में रात के समय अक्सर हादसों की आशंका बनी रहती है, क्योंकि सड़क के किनारे पर्याप्त रोशनी नहीं है और जंगली क्षेत्र होने के कारण अचानक जानवर या अन्य वस्तुएं सामने आ जाती हैं।

## यूपी 112 की स्कॉर्पियो पलटी, दो पुलिसकर्मी घायल

**निघासन,अमृत विचारः** मंगलवार आधी रात ढखेरवा क्षेत्र में यूपी 112 की स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। धौरहरा रोड पर गश्त के दौरान किसी अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि उसमें सवार कांस्टेबल अनुज और होमगार्ड आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पलटी स्कॉर्पियो में फंसे दोनों जवानों को बाहर निकाला और घटना की सूचना ढखेरवा चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज पुष्कर वर्मा पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए रमियाबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

# छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

- शोहदे की प्रताड़ना से परेशान मानसिक तनाव में थी किशोरी
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, गिरफ्तारी को दी दबिश

**अमृत विचारः** थाना खीरी के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने शोहदे की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर लगातार उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि आरोपी की हरकतों से किशोरी इस कदर परेशान हो चुकी थी कि उसने आखिरकार अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी युवक ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का ही सूरज पुत्र हरिशंकर पासी उर्फ मैसी आए दिन परेशान करता था, लेकिन पिछले कुछ समय से वह बेहद तनाव में रहने लगी थी। परिजनों का कहना है कि आरोपी की हरकतों के कारण बेटी ने घर से बाहर निकलना तक कम कर दिया था। वह अक्सर सहमी-सहमी रहती थी और मानसिक रूप से टूट चुकी थी।

परिवार ने कई बार युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुईं। आरोप है कि लगातार मिल रही प्रताड़ना के चलते किशोरी तनाव में रहती थी। मंगलवार की रात परिवार रोज की तरह खाना खाकर सो गया था। देर रात करीब तीन से चार बजे के बीच किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो बेटी को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना खीरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रकरण की जांच एसआई शुभम कुमार को सौंपी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्वगणना में लापरवाही, 8 को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचारः** जनपद में चल रहे स्वगणना अभियान में लापरवाही बरतने वाले तीन ब्लाकों के आठ पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में जनपद में बीते 07 मई से स्व-गणना अभियान चलाया जा रहा है। स्व-गणना अभियान की सफलता को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत जनपद के सभी पंचायत सहायकों को खुद गणना करने के साथ ग्रामवासियों को जागरूक कर प्रतिदिन 50 परिवारों की फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इधर स्वगणना कार्य की प्रगति जानने के लिए बुधवार दोपहर डीपीआरओ रोहित भारती द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ब्लाक बीसलपुर, ललौरीखेड़ा और बिलसंडा की कई कई ग्राम पंचायतों में काम की स्थिति बेहद खराब पाई गई। इस पर डीपीआरओ ने उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी करने पर बीसलपुर ब्लाक के पंचायत सहायक अरुण कुमार, ललौरीखेड़ा ब्लाक के पंचायत सहायक कैलाश नाथ, किरन देवी, विमला देवी, मंजू देवी, विन्द्रा देवी, मोहम्मद नवी और बिलसंडा ब्लाक की पंचायत सहायक रश्मि शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में इन सभी को तीन दिन के स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि समीक्षा के दौरान आठ पंचायत सहायकों का कार्य संतोषजनक नहीं मिला है।

### केंद्रीय कार्यालयों के अफसर-कर्मियों ने की स्वगणना

इधर जनगणना-2027 की तैयारियों के क्रम में बुधवार को विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और वित्तीय निकायों द्वारा स्व-गणना कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत बैंक, रेलवे, डाकघर, कोषागार, जीएसटी आदि में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी सूचनाऐं दर्ज कराई। डाक विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों ने डिजिटल माध्यम से अपनी गणना प्रक्रिया पूरी की।



समर कैंप में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

## सात दिवसीय समर कैंप की हुई शुरुआत

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप बुधवार से शुरू हुआ। प्रधानाचार्या एकता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुरुआत कराई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पहले दिन शिक्षिका प्रितिका पाठक के द्वारा ब्लैक बोर्ड पर लिखकर छात्राओं को उर्दू वर्णमाला को हिंदी वर्णमाला की सहायता से समझाया गया। उन्होंने आपसी संवाद करने की भाषा के बारे में भी जानकारी दी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि सात दिवसीय भारतीय भाषा का समर कैंप बीस मई तक चलेगा। इस मौके पर शिक्षिका सौभाग्य प्रदा, उषा किरण, विजय लक्ष्मी, उषा रानी, लवी गंगवार, शिक्षक आदित्य कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे। इस दौरान कुछ छात्राएं पुरस्कृत भी की गई।

## पूर्व सैनिक ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**पलिया कलां, अमृत विचारः** एक बुजुर्ग पूर्व सैनिक ने अपने ही पुत्र पर कृषि भूमि बिक्री एवं पेंशन की धनराशि हजम कर घर से निकाल दिए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बंसीनगर फरसहिया निवासी 82 वर्षीय पूर्व सैनिक अमर सिंह ने बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक है और दिव्यांग है। उसके चार पुत्र हैं, जिनमें सबसे छोटे पुत्र गुरबख्श सिंह के साथ वह करीब 25-30 वर्षों तक रहते रहे। आरोप है कि पुत्र की शादी के बाद परिवार का व्यवहार बदल गया और उन्हें घर से निकाल दिया गया। आरोप है कि गुरबख्श सिंह व उसके रिश्तेदार जगतार सिंह निवासी अजमतपुर थाना बंडा जिला शाहजहांपुर निवासी ने मिलकर उनकी पेंशन की रकम और कृषि भूमि बिक्री धनराशि हड़प ली।



एसपी सुकीर्ति माधव संग सम्मानित किए गए पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## आईजीआरएस रैंकिंग में प्रथम आने पर कई पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अप्रैल माह की समीक्षा के बाद पीलीभीत पुलिस को प्रदेश भर में पहला स्थान मिला। सभी दस बिंदुओं पर 17 थानों की पुलिस का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। इसे लेकर एसपी सुकीर्ति माधव ने आईजीआरएस कार्यालय, सर्किल व थानों पर आईजीआरएस पटल देख रहे मातहतों को बुधवार को सम्मानित किया। पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान मातहतों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिया।

# नीमगांव में व्यापार के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कई बार समझौते के बाद भी नहीं लौटाई रकम
- रुपये मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र में व्यापार के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि व्यापार में लगाने के नाम पर बड़ी रकम लेने के बाद आरोपी अब रुपये लौटाने से इंकार कर रहा है। रुपये मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नीमगांव मडेरा निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने व्यापार करने के लिए ढखिया बुजुर्ग निवासी उत्कर्ष मिश्रा उर्फ पंचू पुत्र राजेश मिश्रा को 15 जून 2025 को 50 हजार रुपये खाते में और साढ़े चार लाख रुपये नगद दिए थे। इसके अलावा उनके पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ सोमू ने भी लगभग पांच लाख रुपये खाते में और साढ़े आठ लाख रुपये नगद दिए। वहीं अभिषेक के मित्र गगन शर्मा ने भी करीब 21 लाख रुपये की व्यवस्था कर आरोपी को रकम उपलब्ध कराई। यह रुये रिश्तेदारों और मित्रों से उधार लेकर जुटाया गया था।

पीड़ितों के अनुसार रुपये वापस करने को लेकर 29 मार्च 2026 को पहला फैसला हुआ, जिसमें आरोपी ने 15 दिन के भीतर पूरी रकम लौटाने का वादा किया था। तय समय बीतने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद 24 अप्रैल 2026 को दोबारा पंचायत हुई, जिसमें फिर 15 दिन का समय मांगा गया, लेकिन इसके बाद भी रकम वापस नहीं की गई। आरोप है कि जब पीड़ित पक्ष ने दोबारा अपने रुपये मांगे तो आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि पैसे नहीं दूंगा, जो करना है कर लो। पीड़ित की तहरीर पर नीमगांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेल्फ स्टडी से सफलता, सिविल सेवा में जाना चाहती हैं पावनी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला चौक बाजार की रहने वाली पावनी सहगल ने मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण के दम पर इंटरमीडिएट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है।

बेनहर पब्लिक स्कूल की छात्रा पावनी की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। पावनी के पिता रोहित सहगल एनआरएलएम में ट्रेनर पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी मां सुषमा सहगल अपना हैंडबैग निर्माण का कारोबार संभालती हैं। परिवार में मेहनत और आत्मनिर्भरता का माहौल ही पावनी की प्रेरणा बना। उनके भाई पार्थ सहगल भी सीए की तैयारी कर रहे हैं। पावनी बताती हैं कि वह रोजाना चार से पांच घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं। पढ़ाई के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया का इस्तेमाल केवल सीखने और जानकारी जुटाने के लिए किया। उनका मानना है कि सोशल मीडिया का सही दिशा में उपयोग किया जाए तो यह पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने का मजबूत माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में कई ऐसी चीजें हैं, जिनमें बदलाव की जरूरत महसूस होती है। यही सोच उन्हें सिविल सेवा की ओर आकर्षित करती है। वह भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाकर लोगों की मदद करना चाहती हैं। इसके अलावा उनका सपना एक अच्छी साइकोलॉजिस्ट बनने का भी है।



बेटी की कामयाबी पर खुशी का इजहार करते माता-पिता। ● अमृत विचार

# 71 हजार परिवारों ने कराई स्वगणना प्रदेश में पांचवें स्थान पर शाहजहांपुर

## स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को डीएम ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर, प्रगणक और लिपिकों को बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सम्मानित किया गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर पालिका परिषद तिलहर और तहसील पुवायां ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन कर्मचारियों ने अपने आवंटित एचएलबी क्षेत्र के शत-प्रतिशत घरों में पहुंचकर स्वगणना का कार्य पूरा कराया है। जिले में अब तक 71 हजार परिवार स्वगणना कर चुके हैं और शाहजहांपुर प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

सम्मानित होने वालों में नगर पालिका परिषद तिलहर के सुपरवाइजर हरीशकांत भारद्वाज, प्रगणक आयुषी द्विवेदी, आदेश कुमार, लिपिक मुकेश बाबू तथा तहसील पुवायां ग्रामीण क्षेत्र के सुपरवाइजर मनोज कुमार, प्रगणक ममता शुक्ला और सुखवंती कौर शामिल रहीं।

• 14 से 18 मई तक पंचायतों और स्कूलों में चलेगा अभियान

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी सम्मानित कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर स्वगणना अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने घोषणा की कि सम्मानित सुपरवाइजर और प्रगणकों के विद्यालयों को अलग से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विद्यालयों में जरूरी कार्य कराए जा सकें। डीएम ने कहा कि जो भी प्रगणक अपने एचएलबी क्षेत्र में शत-प्रतिशत सेल्फ एन्यूमरेशन पूरा करेंगे, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा 15 मई को जिले की 1068 ग्राम पंचायतों में पंचायत घरों पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों और जनप्रतिनिधियों की बैठक होगी। वहीं 16 मई को सभी कोटेदारों के माध्यम से राशन कार्ड धारकों की बैठक कर स्वगणना के लिए प्रेरित किया जाएगा। 18 मई को प्राथमिक सहकारी समितियों पर भी अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका चौधरी मौजूद रहीं।

### अभिभावकों को करेंगे जागरूक

सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रक्रिया पोर्टल पर सात मई से शुरू हुई है, जो 21 मई तक चलेगी। अभियान को गति देने के लिए 14 मई को सभी सरकारी, गैर सरकारी, मान्यता प्राप्त और निजी विद्यालयों व महाविद्यालयों में पैरेंट्स मीटिंग आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा।

# पक्का तालाब विवाद से हलचल, साहू परिवार की विरासत पर कब्जे के आरोप

संवाददाता, खुदागंज

• इकलौते वारिस आलोक अग्रवाल ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** नगर का ऐतिहासिक पक्का तालाब इन दिनों विवादों के केंद्र में आ गया है। दानवीर साहू मुन्नालाल अग्रवाल की ऐतिहासिक धरोहर पर अवैध कब्जे के आरोपों के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। साहू परिवार के इकलौते वारिस आलोक अग्रवाल ने प्रशासन से पैतृक विरासत को बचाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पक्का तालाब केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि खुदागंज की ऐतिहासिक पहचान और साहू परिवार की समाजसेवा का प्रतीक है। लोगों का कहना है कि दानवीर साहू मुन्नालाल अग्रवाल की मंदिर निर्माण सहित कई जनहित कार्यों के कारण अलग पहचान थी। स्थानीय बुजुर्गों और दस्तावेजों के मुताबिक साहू मुन्नालाल अग्रवाल के दो पुत्र रामेश्वर सरन अग्रवाल और राजेश्वर सरन अग्रवाल थे। रामेश्वर सरन अग्रवाल अविवाहित थे और उनका निधन हो चुका है। राजेश्वर सरन अग्रवाल के दो बेटे अशोक अग्रवाल और आलोक अग्रवाल थे। अशोक अग्रवाल भी अविवाहित थे और उनका भी निधन हो चुका है। ऐसे में अब विरासत के इकलौते जीवित वारिस आलोक अग्रवाल हैं।

आलोक अग्रवाल का कहना है कि पिता, ताऊ और भाई के निधन के बाद नियमानुसार इस ऐतिहासिक धरोहर पर उनका अधिकार बनता है, लेकिन कुछ लोग कथित रूप से इस संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। मामले को लेकर नगर में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय निवासी पप्पू ने कहा कि साहू परिवार ने खुदागंज को अलग पहचान दिलाई थी और उनकी धरोहरों को बचाना समाज की जिम्मेदारी है। वहीं राजेश नामक निवासी ने पक्का तालाब को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग की है। स्थानीय निवासी नरेश ने कहा कि यह केवल जमीन का विवाद नहीं, बल्कि खुदागंज की ऐतिहासिक विरासत और सम्मान का सवाल है। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षण नहीं मिला तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक विरासत से वंचित हो जाएंगी। फिलहाल पूरे मामले में लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### बुलेट चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमुका निवासी सचिन मिश्रा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को दिन में 11 बजे उन्होंने बुलेट निर्माणाधीन मकान के सामने खड़ी कर दी। लौटकर आया तो बुलेट गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**रामदुलारी श्याम सुन्दर इण्टर कालेज बीसलपुर (पीलीभीत)**

**सूचना**

राम दुलारी श्याम सुन्दर शिक्षा समिति मो. दुर्गा प्रसाद बीसलपुर पीलीभीत की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की प्रबंध समिति के लिए 12 सदस्यों का निर्वाचन जिला विद्यालय निरीक्षक पीलीभीत के नियुक्त पर्यवेक्षक की देख रेख में दिनांक 19.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक होगा। कृपया मतदान में भाग लेकर सहयोग करें।

रामगोपाल
अध्यक्ष

**कार्यालय जिला पंचायत बदायूं**

पत्रांक : 209/जि.पं./नि.अनु./2026-27 दिनांक : 12.05.2026

**संशोधित सामान्य निविदा सूचना**

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त (टाइड/अनटाइड) आयोग, अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 23 कार्यों की अल्पकालीन सामान्य निविदायें इस कार्यालय के पत्रांक 94/जि.पं./नि.अनु./2026-27 दिनांक 23.04.2026 द्वारा दिनांक 14.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त दिनांक तक आमंत्रित सामान्य निविदाओं को अपरिहार्य कारणोंवश दिनांक 19.05.2026 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा सम्बन्धित कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 19.05.2026 को 12:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत बदायूं से क्रय/प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 20.05.2026 को 11:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं में खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी समस्त शर्तें पूर्ववत रहेगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी BUDAUN.NIC.IN पर भी देखी जा सकता है।

| (पवन कुमार गोयल) | (विनोद कुमार सिंह) | (वर्षा सिंह) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, बदायूं | जिला पंचायत, बदायूं | जिला पंचायत, बदायूं |

# स्कूलों में खुशी का माहौल, परिजन हर्षित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर



द मसूरी इंटरनेशन स्कूल में 12 वीं के टॉपर्स को माला पहनातीं प्रधानाचार्य जूही खान।

**अमृत विचार :** द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य जूही खान ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अदिति वर्मा ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान, मोहम्मद उबूर खां ने 91 प्रतिशत के साथ दूसरा और मानवी माथुर ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया। टॉपर छात्रों का विद्यालय में फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

तिलहर में स्कूलों में खुशी का माहौल रहा। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं, वहीं परिजनों ने भी खुशी जताई। नगर के कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के अर्शदीप सिंह ने 94 प्रतिशत, अर्जुन सिंह ने 90 प्रतिशत और सूर्यांश सिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं दा रेनेसां अकैडमी की नेहा गंगवार ने 96.40 प्रतिशत, काव्या गंगवार ने 95.60 प्रतिशत और मंजरी शर्मा ने 94.60 प्रतिशत अंक हासिल किए।सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अक्षरा मिश्र ने 91.4 प्रतिशत, अनुष्का सक्सेना ने 88.6 प्रतिशत और आराध्या मिश्र ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड सत्यापन को अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

• एक माह में अपलोड जानकारी संशोधित करने के निर्देश

**अमृत विचार :** वक्फ संपत्तियों से संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों को केंद्रीय उम्मीद पोर्टल-2025 पर सही तरीके से अपडेट कराने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है।

विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 और सर्वे कमिश्नर वक्फ उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से जारी निर्देशों के बाद अब जिला स्तर पर शिविर लगाकर दस्तावेजों का सत्यापन और संकलन कराया जाएगा। खास तौर पर 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र वाली वक्फ संपत्तियों के मामलों को प्राथमिकता में रखा गया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, पीएम विकास और वक्फ से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक 23 जनवरी 2026 को सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गई कई जानकारियां निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे में संबंधित जानकारी को एक माह के भीतर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन की ओर से जिला के सभी मुतवल्ली, प्रबंध समिति और प्रशासकों को निर्देशित किया गया है कि उम्मीद पोर्टल-2025 पर अपलोड की गई वक्फ संपत्तियों से संबंधित जानकारी और दस्तावेज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष संख्या 18, सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

इससे रिकॉर्ड के संकलन और स्पष्टीकरण का काम समय से पूरा कराया जा सकेगा।

# घर में घुसकर पीटा, तोड़ा सामान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी राजदा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 09 मई की सुबह 11 बजे उसके पति जीशान घर के बाहर गाड़ी धो रहे थे।

मोहल्ले के रफी, फैज व अब्दुल रहमान आए और गाड़ी धोने को लेकर उसके पति को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पति को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी मकान के अंदर घुस और घरेलू सामान तोड़ दिया। आरोप है कि आरोपियों ने राजदा का गला दबाने का प्रयास किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 353(4)/न.पा.परि.ज./अ.ई.नि.सू./2026-27 दिनांक : 12 मई 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहांपुर में कार्य करने के इच्छुक समस्त अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग/टाइड ग्राण्ट/अनटाइड ग्राण्ट/राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 05.06.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य तथा 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद, जलालाबाद शाहजहाँपुर के खाता सं. 37446267056 भारतीय स्टेट बैंक, जलालाबाद IFSC Code SBIN0001121 में जमा रसीद ई-निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें उ.प्र. की ई- प्रोक्योरमेन्ट वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | वेबसाइट पर ई निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 14.05.2026 | 02:00 PM |
| 02 | ई निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 14.05.2026 | 02:00 PM |
| 03 | ई निविदा अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 14.05.2026 | 02:00 PM |
| 04 | ई निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 05.06.2026 | 05:00 PM |
| 05 | ई निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथि व समय | 06.06.2026 | 11:00 AM |

(एच.एन. उपाध्याय)
अधिशासी अधिकारी

(शकील अहमद खा)
अध्यक्ष

## न्यूज डायरी

### सपा प्रवक्ता के बयान पर आक्रोश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के आपत्तिजनक बयान को लेकर जिले में सियासी माहौल गरमा गया है। ब्राह्मण समाज के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने बयान को निंदनीय बताते हुए इसे सामाजिक समरसता के लिए घातक करार दिया है। बुधवार को आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोग कोतवाली सदर बाजार पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिशरण वाजपेयी ने आरोप लगाया कि 12 मई 2026 को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रवक्ता ने ब्राह्मण समाज के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। हरिशरण वाजपेयी ने कहा कि सार्वजनिक मंचों से इस प्रकार की भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को भी नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द विधिक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राजेश अवस्थी, नीरज वाजपेयी, अजय मिश्र, रवि मिश्र बंटू, गोविंद मिश्र, अभय मिश्र, आलोक शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्ची को प्रवेश न मिलने पर डीएम से शिकायत की तैयारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला रंगीन चौपाल निवासी दिव्यांग बच्ची उम्मी पुत्री अनवार खान को कक्षा नौ में प्रवेश न मिलने का मामला सामने आया है। परिवार का आरोप है कि बच्ची ने इस वर्ष कक्षा आठ उत्तीर्ण की थी, लेकिन अब उसे कक्षा नौ में प्रवेश के लिए लगातार स्कूलों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। परिजन स्कूल प्रशासन पर प्रवेश देने से इंकार करने का आरोप लगा रहे हैं। परिवार का कहना है कि स्कूल की ओर से यह कहा गया कि इस प्रकार के बच्चों की देखरेख के लिए सरकार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है और न ही कोई शिक्षक उपलब्ध है। इसी संबंध में परिजन नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचे, जहां प्रधानाचार्य ने जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया। आरोप है कि जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन कराने के बाद भी बच्ची का प्रवेश नहीं किया गया। अनवार खान ने बताया कि मामले को लेकर अब डीएम से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह 11 बजे डीएम को पूरी समस्या से अवगत कराकर बच्ची के प्रवेश की मांग की जाएगी।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव को सपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**शाहजहांपुर अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल बुधवार को जलालाबाद क्षेत्र के मिर्जापुर लाम पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमनलता यादव के देहांत के बाद उनके समाधिस्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्र ने उनका स्वागत किया। इसके बाद नरेश उत्तम पटेल, नीरज मिश्र को साथ लेकर मिर्जापुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में पार्टी जिला उपाध्यक्ष जीवेन्द्र वाजपेयी के इंटर कॉलेज में रुककर उन्होंने जलपान किया और परिजनों से मुलाकात की। वह मित्रीपुर स्थित संतनपाल मेडिकल कॉलेज परिसर में बने समाधिस्थल पहुंचे। वहां पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व प्रमुख सुमनलता यादव के बेटे और सपा नेता कमलेश यादव तथा नीलेश यादव ने उनका स्वागत किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव में सपा की पूर्व प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सैयद रिजवान अहमद, विधानसभा अध्यक्ष जलालाबाद सूरजपाल यादव, महानगर अध्यक्ष रामकुमार, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष उत्पल यादव, धनंजय सिंह, नीरज कुशवाह, रामनी गुप्ता, आशुतोष तिवारी, अली और रामवीर यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुज प्रतीक यादव के देहांत पर आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। नरेश उत्तम पटेल ने नीरज मिश्र को भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और दिल्ली आवास पर बुलाया। कमलेश यादव को पार्टी का मजबूत एवं पारिवारिक सदस्य बताया।

### पंखी चौराहे से घंटाघर तक चार पहिया वाहन पर प्रतिबंध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीओ ट्रैफिक शुभम वर्मा ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाने के लिए पंखी चौराहे से घंटाघर की ओर दो पहिया वाहनों अतिरिक्त सभी वाहनों का जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। पंखी चौराहे से निशात टाकीज तिराहा से कटिया टोला मार्ग होते हुए पचराहे से लाइल इमली चौराहा घंटाघर रोड का प्रयोग करना होगा। बिस्मिल पार्क से पंखी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग अल्का गेस्ट हाउस के पास से सिटी कार्ट के पास से अपने गतव्य को प्रस्थान करेंगे। लाल इमली चौराहे से पंखी चौराहा की ओर आने के लिए कुशल होम्योपैथिक के पास नगर निगम तिराहे होते अपने गतव्य को जायेंगे। लोहा मंडी से घंटा घर जाने के लिए लकड़ी मंडी मार्ग का प्रयोग करेंगे। जेल पार्किंग और पचराहा से बाजार की ओर दो पहियां वाहनों के अतिरिक्त सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई वाहन बाजार में नहीं खड़ा करेगें।

### महिला से 21 हजार रुपये की ठगी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला साउथ सिटी निवासी अनुपमा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका खाता एचडीएफसी शाखा गढ़ा बरेली मोड़ पर है। 6 मई को उसके व्हाटसएप पर मैसेज आया कि खाते से धनराशि काट ली जाएगी। जबकि उसने फ्लिपकार्ट से कोई सामान नहीं खरीदा।उसने फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर से बात की। सुजाल कुमार ने बताया कि वह प्रधान कार्यालय से बोल रहा है। आरोपी ने उससे कहा कि सेंटिंग में जाकर जैसा बताए और वैसा करना। वह फ्लिपकार्ट का एकाउंट सही करवाने के लिए कहती रही। इसी बीच उसके खाते से अलग-अलग समय 21 हजार 600 रुपये निकल गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, बरेली**

पत्रांक : 167/4-कृषि/प्रक्षेत्र/वृक्ष नीलामी/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कृषि बीज सम्बर्द्धन प्रक्षेत्र नवाबगंज के गाटा संख्या 209/3.36 हेक्टेयर भूमि में से 0.8910हे. कृषि योग्य भूमि बरेली-सितारगंज नेशनल हाइवे एन.एच. 74 (नया एन.एच.-30) हेतु अर्जन किया गया है। जिसमें हरे पेड़ों की संख्या जामुन-18, पाखड़-02, बेल-01, शीशम-01, पीपल-01, कदम्ब-02 सेम्बल-01 एवं सूखे वृक्षों की संख्या शीशम-02 कुल 28 विभिन्न प्रजातियों के खड़े वृक्षों की नीलामी दिनांक 22.05.2026 को समय अपरान्ह 2:00 बजे उप कृषि निदेशक महोदय की अध्यक्षता में कार्यालय जिला कृषि अधिकारी-बरेली विकास भवन पर होनी है।

**नीलामी की शर्तें निम्नवत् है:-**

1. खुली बोली वाले इच्छुक बोलीदाताओं को बोली बोलने से पूर्व जमानत धनराशि अंकन रू. 20000/- (रूपया बीस हजार मात्र) का बैंकड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत पदनाम district agriculture officer bareilly के पक्ष में देय होगा जोकि दिनांक 21.05.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में जिला कृषि अधिकारी-बरेली कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा अन्यथा वह बोली में भाग नहीं ले सकेगा।
2. बोलीदाता/क्रेता को 21.05.2026 तक अपना चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जी.एस.टी. नं. की छायाप्रति कार्या. जिला कृषि अधिकारी बरेली में जमा करना होगी।
3. सर्वोच्च बोली बोलने वाले बोलीदाता को बोली गयी अधिकतम बोली का 50 प्रतिशत धनराशि बोली समाप्त होने के बाद तत्काल जमा करनी होगी।
4. नीलामी वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्य से कम दर पर नहीं होगी एवं नीलामी धनराशि पर जी.एस.टी. आदि स्वयं वहन करना होगा।
5. बोलीदाता/क्रेता नीलामी पूर्व किसी भी कार्यदिवस में वृक्षों को राजकीय कृषि प्रक्षेत्र नवाबगंज पर जा कर देख सकते है।
6. नीलामी की स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त होने पर सर्वोच्च बोली दाता द्वारा शेष सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के पश्चात ही लकड़ी लेने कीअनुमति दी जायेगी।
7. नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर सकेगी जिस पर नीलामी लेने वाले को कोई आपत्ति नहीं होगी।
8. किसी भी विवाद पर अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।
9. वन विभाग द्वारा निर्धारित अन्य शर्तें लागू रहेगी।
10. सर्वाधिक बोलीदाता/क्रेता द्वारा 4580/- रू. पातन अनुज्ञा शुल्क आदि के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी वन्य एवं वन जीव प्रभाग बरेली कार्यालय में जमा कर पातन की अनुमति प्राप्त करनी होगी।

(ऋतुषा तिवारी)
जिला कृषि अधिकारी, बरेली

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली**

पत्रांक : 377/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**ई-टेण्डर नोटिस (सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी)**

सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक 3191/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2026-27 दिनांक 07.03.2026 के द्वारा जनपद बरेली के 19, जनपद बदायूं कि 16, जनपद पीलीभीत के 11 एवं जनपद शाहजहांपुर के 15 कुल 61 ब्लाक/केन्द्रों/क्लस्टर प्रथम बार, इस कार्यालय के पत्रांक 07/स्वी/है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2026-27 दिनांक 01.04.2026 के द्वारा बरेली में 06, जनपद बदायूं में 11, जनपद पीलीभीत में 09 एवं जनपद शाहजहांपुर में 02 कुल 28 केन्द्रों पर द्वितीय बार एवं इस कार्यालय के पत्रांक 132/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2026-27 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा बरेली में 01, जनपद बदायूं में 05 एसवं जनपद पीलीभीत में 04, कुल 10 केन्द्रों पर तृतीय बार आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 956/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./सिंगल स्टेज/आर.एफ.पी./2023 दिनांक 29.02.2024 एवं शासनादेश सं. 380/29-6-2024/ ई-6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में बरेली सम्भाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-278 (दो वर्ष) के लिए हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी।

उक्त आमंत्रित ई-निविदा निम्नवत 17 ब्लॉक/केन्द्र/क्लस्टर पर विचारणीय निविदायें प्राप्त न होने के कारण संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 06, जनपद बदायूं में 05, जनपद पीलीभीत में 04 एवं जनपद शाहजहांपुर में 02 कुल 17 केन्द्रों पर ब्लाकवार/केन्द्रवार/क्लस्टरवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गैत हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु पुनः चतुर्थ बार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 581/आ.वि.शा/हैण्ड. परि/सिंगल स्टेज/आर.एफ.पी./2025 दिनांक 12.02.2026 के द्वारा शासन के पत्रांक 71/29-6-2026 दिनांक 09.02.2026 द्वारा निर्देशित किया गया है कि पूर्व में शासन के पत्र सं. 380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 द्वारा निर्गत की गयी आर.एफ.पी./निविदा की शर्तो के अनुसार ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें ब्लाकवार/केन्द्रवार/क्लस्रवार पृथक-पृथक प्राप्त की जायेगी।

निविदा की शर्त के प्रस्तर 6.1.13 एवं 6.2.13 के अनुसार डोर स्टेप डिलीवरी हेतु सिंगल स्टेज हैण्डलिंग/परिवहन नीति में निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत ई-टेण्डर में सिंगल स्टेज के कार्यो हेतु संलग्न ब्लाकवार/केन्द्रवार/क्लस्टरवार खाद्यान्न आवंटन के अनुरूप स्वयं के छोटे/बड़े वाणिज्यिक वाहनों की संख्या (आर.सी. फिटनेश, इंश्योरेन्स, अद्यतन टैक्स रसीद सहित) का विवरण निविदादाताओं द्वारा ई-टेण्डर में अपलोड की जायेगी और वाहनों की आवश्यकता के दृष्टिगत परिशिष्ट-VII के अनुसार अंकित वाहनों की संख्या और वाहन की क्षमता के अनुसार वाहन उपलब्ध कराया जाना समस्त निविदादाताओं को बाध्यकारी होगा। नगद तथा चेक के माध्यम से प्रस्तुत धनराशि स्वीकार नहीं होगी। निविदा सम्बन्धित प्रपत्रों को स्कैन पर पठनीय प्रति ही अपलोड की जाये अन्यथा उसे निरस्त कर दिया जायेगा।

सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सिंगल स्टेज डोर स्टेज डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)= 590/- एवं प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग/परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि 'अ' श्रेणी के ठेकेदारों से रू. 1,00,000/- एवं 'ब' श्रेणी के ठेकेदारों से 60,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य) बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक, सिविल लाइन, जनपद बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथनिविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। "टेक्निकल बिड" दिनांक 20.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। "टेक्निकल बिड" के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा। तदोपरांत वित्ती निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा की शर्तो में आवश्यक परिवर्तन करने तथा निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

(डा. मनिकन्डन ए)
आई.ए. एस.
सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,
बरेली सम्भाग, बरेली।

# परीक्षा एजेंसी पर प्रश्न

नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का रद्द होना अक्षम्य प्रशासनिक त्रुटि और देश की सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था पर गहरा धब्बा है। जिस परीक्षा के आधार पर भविष्य के चिकित्सा छात्र चुने जाने हों, उसके प्रश्नपत्र व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों में पांच-पांच हजार रुपये में बिकते पाए जाएं, तो यह भ्रष्टाचार प्रतिभा और परिश्रम के साथ राष्ट्रीय विश्वासघात है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक अब अपवाद नहीं, एक 'समानांतर उद्योग' बन चुका है। बार-बार यही कहानी दोहराया जाना केवल तकनीकी सुरक्षा की नहीं, बल्कि संगठित अपराध, प्रशासनिक मिलीभगत और कमजोर जवाबदेही की भी है। हर बार जांच समिति, नई गाइडलाइन, 'कड़ी कार्रवाई' के दावे, लेकिन फिर वही विफलता। प्रश्न यह है कि दुनिया के अनेक देश करोड़ों परीक्षार्थियों की परीक्षाएं अपेक्षाकृत सुरक्षित ढंग से करा सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं? एनटीए की भूमिका सवालों के घेरे में है।

संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2014 के बाद, इसके द्वारा कराई गई अनेक परीक्षाएं विवादों और भीषण अनियमितताओं का शिकार हुईं। परिणामों में देरी, तकनीकी खामियां, पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन की कमजोरियां लगातार सामने आती रहीं। इसके बावजूद कोई संस्थागत जवाबदेही तय नहीं हुई और छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर पड़ता गया। इसका बड़ा बोझ ईमानदार छात्रों पर पड़ता है, जिन्होंने वर्षों मेहनत की, कोचिंग पर लाखों रुपये खर्च किए, मानसिक दबाव झेला, उनका भविष्य कुछ अपराधियों और भ्रष्ट नेटवर्क के कारण अनिश्चित हो जाता है। अब दोबारा परीक्षा होगी तो लाखों छात्रों का यात्रा, आवास और तैयारी का अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा। उनकी मानसिक लय टूटेगी। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होगा। दोबारा परीक्षा कराने का लगभग 500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का भार कौन उठाएगा? अंततः यह करदाताओं के पैसे से ही आएगा। यह संकट शिक्षा की नैतिकता पर भी प्रश्न खड़ा करता है। यदि सफलता परिश्रम और प्रतिभा से नहीं, पैसे और पहुंच से खरीदे गए प्रश्नपत्र से तय होगी, तो फिर परीक्षा का क्या अर्थ? चिकित्सा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह बहुत खतरनाक है। सरकार ने सीबीआई जांच और दस दिन में नए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा करके संदेश दिया है कि वह परीक्षा की शुचिता पर समझौता नहीं करेगी, लेकिन मात्र जांच पर्याप्त नहीं। देश में ऐसे मामलों में दोष सिद्धि की दर अत्यंत कम है। अधिकांश आरोपी सुदीर्घ कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाते रहते हैं। समाधान केवल परीक्षा रद्द करने में नहीं, पूरी संरचना बदलने में है। सरकार को सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम को कठोरता से लागू करना होगा। डिजिटल एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र प्रणाली, एआई आधारित निगरानी, सीमित समय में सुरक्षित डाउनलोड, स्थानीय प्रिंटिंग नियंत्रण और परीक्षा केंद्रों का स्वतंत्र ऑडिट अनिवार्य करना चाहिए।

दक्षिण कोरिया, चीन और सिंगापुर जैसे देश में परीक्षा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा जितनी गंभीरता से लेते हैं, भारत को भी यही दृष्टिकोण अपनाना होगा। सार्वजनिक परीक्षाओं की विश्वसनीयता केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का आधार है।

## प्रसंगवश

# संगठित बनता जा रहा मिलावट का कारोबार

हाल ही में हैदराबाद में नकली चाय का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपी अधिक मुनाफा कमाने के लिए कृत्रिम खाद्य रंग, गुड़ का शरबत और एक्सपायरी डेट के चाय पाउडर की मिलावट कर रहे थे। इसी तरह मध्य प्रदेश में डेयरी प्रोडक्ट्स में मिलावट का बड़ा केस सामने आया है। ईडी की जांच में पता चला कि फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे और फर्जी रिपोर्ट भी तैयार की जाती थी, ताकि एक्सपोर्ट किया जा सके।

वहीं घोटाले से होने वाली कमाई को अलग-अलग खातों के जरिए घुमाया जाता था। ईडी ने इस मामले में एक कंपनी के पूर्व सीईओ को भी गिरफ्तार किया है। इसी तरह दिल्ली में नकली टूथपेस्ट और दवाइयां बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। असल में देश भर में नकली दूध, मिलावटी पनीर, एक्सपायरी डेट के फूड प्रोडक्ट, नकली सॉस, नकली मावा आदि के मामले रोज पकड़े जा रहे हैं।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में शीतल पेय और बिस्कुट जैसे रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पादों की कथित तौर पर समाप्ति तिथि के बाद खुले बाजार में बिक्री, समाप्त हो चुके सामानों की दोबारा पैकेजिंग और मिलावटी वस्तुओं के प्रचलन के साथ ही नकली टूथपेस्ट बनाने वाली गिरोह पकड़ी गई है। यह इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इस तरह की अनुचित और अवैध गतिविधियां बड़े पैमाने पर चल रही हैं।

एक सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, हर तीन में से एक दूध का सैंपल फेल हो रहा है। साल 2025 में दूध के 38 फीसदी नमूने मिलावटी पाए गए। पानी, डिटर्जेंट, यूरिया और खतरनाक केमिकल्स मिलाकर सेहत के नाम पर जहर बेचा जा रहा है। उत्तर भारत में 47 प्रतिशत तक सैंपल फेल हुए। वहीं दक्षिण में 18 फीसदी, पश्चिम में 23 प्रतिशत और पूर्व में 13 फीसदी दूध के नमूने फेल पाए गए। सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को दूध के नाम पर धीमा जहर पिलाने के लिए मजबूर हैं? वहीं देश में जांच के लिए लैब की संख्या क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है?

मिलावटी उत्पादों की जांच करने वाली संस्था भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का कहना है कि पनीर और शीतल पेय से लेकर डेयरी उत्पाद, टूथपेस्ट और यहां तक कि अदरक-लहसुन पेस्ट तक घरेलू खपत का एक बड़ा हिस्सा बनाने वाली अधिकतर कंपनियों के कई मुख्य खाद्य पदार्थ उतने स्वच्छ नहीं हो सकते, जितने वे दिखाए जाते हैं।

साल 2026 के केवल चार महीनों में देश भर में की गई कई प्रवर्तन कार्रवाइयों ने व्यापक मिलावट बाजार की भयावह वास्तविकता को उजागर किया है। छोटे, अवैध कारखानों में नकली उत्पादों का निर्माण हो रहा है, जो जन स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे अवैध धंधे पर हाल ही में हुई छापेमारी और कार्रवाई की पड़ताल से पता चलता है कि मिलावट किस हद तक एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक उद्यम में तब्दील हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्यसभा को दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1,55,306 नमूनों का विश्लेषण किया गया है, जिनमें से कुल 27,567 नमूने अप्रमाणित पाए गए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)



प्रेम ही आपके और हर चीज के बीच का पुल है।
–रूमी, सूफी

# अपील तभी प्रभावी जब सत्ता स्वयं उदाहरण बने





जयदेव राठी
अधिवक्ता

देश इस समय वैशिक अस्थिरता, बढ़ती ऊर्जा कीमतों और विदेशी निर्भरता जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने तथा सादगी अपनाने की अपील केवल एक सामान्य सरकारी संदेश नहीं है, बल्कि यह आने वाले समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने की अपील भी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अपील को केवल जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारें स्वयं पर भी लागू करती दिखाई दे रही हैं। इसी क्रम में योगी आदित्यनाथ की पहल विशेष रूप से उल्लेखनीय बन जाती है।

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या, प्रशासनिक ढांचे और राजनीतिक प्रभाव- तीनों दृष्टियों से इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे राज्य में यदि मुख्यमंत्री स्वयं मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती का निर्णय लेते हैं, सरकारी बैठकों को ऑनलाइन करने की बात करते हैं, सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग को बढ़ावा देते हैं तथा 'नो व्हिकल डे' जैसी अवधारणा सामने रखते हैं, तो यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं रह जाता, बल्कि शासन की मानसिकता का संकेत बन जाता है।

भारत में सबसे बड़ी समस्या यह रही है कि त्याग और संयम का उपदेश अक्सर केवल आम जनता के हिस्से आया, जबकि सत्ता वर्ग स्वयं वैभव और सरकारी संसाधनों के प्रदर्शन में लगा रहा। जनता से ईंधन बचाने की अपील की जाए और दूसरी ओर सैकड़ों गाड़ियों के काफिले सड़कों पर दौड़ते रहें, तो संदेश की विश्वसनीयता कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि योगी सरकार का यह कदम राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। इससे कम से कम यह संकेत गया है कि सरकार जनता से जो कह रही है, उसे स्वयं पर भी लागू करने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं भी अपने काफिले का आकार घटाने तथा सरकारी विभागों में खर्च कम करने के निर्देश दिए हैं। खबरों के अनुसार उनके काफिले में वाहनों की संख्या में कमी की गई है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में भी पहल हुई है। यह कदम प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन राजनीति में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जब शीर्ष नेतृत्व सादगी का संकेत देता है, तब प्रशासनिक तंत्र पर भी उसका प्रभाव पड़ता है।

आज दुनिया जिस आर्थिक और भू-राजनीतिक परिस्थिति से गुजर रही है, उसमें ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ने का असर सीधे तेल की कीमतों पर पड़ता है और भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर इसका भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। पेट्रोलियम आयात पर बढ़ता खर्च न केवल आम आदमी की जेब प्रभावित करता है, बल्कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दबाव डालता है। इसी तरह सोने की अत्यधिक खरीद भी विदेशी मुद्रा पर असर डालती है। इतिहास गवाह है कि पहले की सरकारों में भी कठिन दौर में देश को सोने और विदेशी मुद्रा संकट से जूझना पड़ा था।

ऐसे समय में यदि सरकार जनता से संयम की अपील कर रही है, तो उसका उद्देश्य केवल बचत नहीं, बल्कि आर्थिक अनुशासन भी है, लेकिन यह अनुशासन तभी सफल होगा, जब यह समाज के हर वर्ग पर समान रूप से लागू हो। नेता, मंत्री, विधायक, बड़े अधिकारी और सरकारी संस्थान यदि पहले उदाहरण प्रस्तुत करें, तभी जनता इसे गंभीरता से लेगी।

योगी आदित्यनाथ की पहल का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने इसे केवल सरकारी खर्च कटौती तक सीमित नहीं रखा। वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन, मेट्रो, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, ये सभी आधुनिक प्रशासनिक सोच के संकेत हैं। कोविड काल के दौरान देश ने देखा था कि डिजिटल माध्यमों से भी प्रशासन और कार्य व्यवस्था को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है। उस अनुभव को अब ऊर्जा बचत और संसाधन प्रबंधन से जोड़ना एक व्यावहारिक कदम माना जा सकता है।

इस पूरे विषय का एक दूसरा पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विपक्ष यह सवाल उठा रहा है कि क्या केवल जनता से अपील करना पर्याप्त है? क्या सरकारें महंगाई, ईंधन करों और आर्थिक दबावों को कम करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाएंगी? मायावती ने भी कहा कि यह केवल 'संयम' का नहीं, बल्कि आम जनता के लिए 'संकट' का विषय है। यह सवाल अपनी जगह महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश का मध्यमवर्ग और गरीब वर्ग पहले से ही महंगाई के दबाव से जूझ रहा है।

सरकारों को केवल नैतिक अपीलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें सरकारी फिजूलखर्ची पर वास्तविक नियंत्रण, अनावश्यक सरकारी यात्राओं में कमी, वीआईपी संस्कृति पर अंकुश और सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी उपयोग की दिशा में ठोस नीति बनानी होगी। यदि मंत्री और अधिकारी सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, सरकारी बैठकों को अधिकतम डिजिटल बनाया जाए और सरकारी वाहनों के उपयोग का ऑडिट हो, तो इससे जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि उत्तर प्रदेश के बाद अन्य राज्यों में भी इसी तरह की पहल दिखाई देने लगी है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में भी काफिलों की संख्या कम करने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और सरकारी खर्च घटाने जैसे कदमों की चर्चा सामने आई है। यदि यह अभियान राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नीति का स्वरूप लेता है, तो इसका दूरगामी प्रभाव हो सकता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में नेतृत्व केवल भाषणों से स्थापित नहीं होता, बल्कि आचरण से स्थापित होता है। जनता हर बात को देखती और समझती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल–डीजल की बचत करने, अनावश्यक सोने की खरीद से बचने जैसी अपील की है। अपील को जनता तक सीमित न रखकर अब कुछ राज्य सरकारों ने स्वयं पर भी इसे लागू किया है।

## आमने सामने



बिहार के झाड़-फूंक वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी कह रहे हैं कि बीजेपी सरकार में लड़कियों को शिक्षा की जरूरत क्या है, क्यों है? मोदी जी नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं और बिहार के शिक्षा मंत्री कह रहे हैं, लड़कियों को स्कूल जाने के बजाय घर में ही रहना चाहिए।
–तेजस्वी यादव
नेता प्रतिपक्ष, बिहार

'एजुकेशन' का मतलब शिक्षा होता है और 'एजिटेशन' का मतलब आंदोलन होता है। चूंकि तेजस्वी जी ने कभी ढंग से शिक्षा ली नहीं और कभी कोई आंदोलन किया नहीं, इसलिए उन्हें दोनों शब्द एक ही जैसे लगते हैं। तेजस्वी यादव को अभी और ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है।
–मिथिलेश तिवारी
शिक्षा मंत्री, बिहार



# अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवन शक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है, तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है।

मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है।

बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती, तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर, मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया, लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा।

विनाश के बढ़ते साये में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। समाधान केवल नई तकनीकों से नहीं निकलेगा, जब तक नीतियों और सामाजिक सोच में बदलाव नहीं आता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां विस्तार कर रही हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं।

## सोशल फोरम

# बंद होते सरकारी स्कूल

सरकारी स्कूल बंद क्यों हो रहे हैं? क्या सचमुच गांवों में बच्चे कम हो गए हैं या फिर शिक्षा को देखने का समाज और सरकार का नजरिया बदल गया है? दिलचस्प बात यह है कि जिन आर्थिक नीतियों के दौर में देशभर में हजारों सरकारी स्कूल खोले गए, उसी दौर ने धीरे-धीरे ऐसी मानसिकता भी पैदा की, जिसमें शिक्षा का मूल्य उसके मानवीय और सामाजिक महत्व से नहीं, बल्कि नौकरी और बाज़ार में उसकी उपयोगिता से तय होने लगा। इन स्कूलों की उत्पत्ति में ही उनके बंद होने के बीज भी पड़ गए थे।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

1990 के दशक में भारत में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार के लिए जो बड़े पैमाने पर स्कूल खोले गए, वह सीधे या परोक्ष रूप से विश्व बैंक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से वित्त पोषित था। उस दौर में केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और योजनाओं को विश्वबैंक सहित कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने वित्तीय और नीतिगत समर्थन दिया। सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम था District Primary Education Programme (DPEP), जो 1994 में शुरू हुआ।

इसका उद्देश्य था प्राथमिक शिक्षा का तेजी से विस्तार करना, खासकर उन जिलों में, जहां महिला साक्षरता और स्कूल नामांकन बहुत कम था। इस कार्यक्रम को भारत सरकार चला रही थी, लेकिन इसके लिए धन और तकनीकी सहायता World Bank, DFID, UNICEF, European Commission आदि से आई। इसी DPEP के तहत नए प्राथमिक विद्यालय खोले गए, स्कूल भवन बने, पैरा-टीचर रखे गए, लड़कियों और दलित-आदिवासी बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया, शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यपुस्तक सुधार हुए। बाद में यही मॉडल आगे चलकर सर्व शिक्षा अभियान का आधार बना।

1990 का दशक भारत में आर्थिक उदारीकरण का दौर था। उसी समय Education for All जैसी वैश्विक नीतियां भी आईं। विश्वबैंक और अन्य संस्थाएं विकासशील देशों में प्राथमिक शिक्षा के विस्तार को बढ़ावा दे रही थीं। इस पर आलोचना भी हुई। कई शिक्षाविदों और चिंतकों ने कहा कि विश्वबैंक की नीतियों ने शिक्षा को न्यूनतम साक्षरता तक सीमित कर दिया, स्थायी शिक्षकों की जगह कम वेतन वाले पैरा-टीचर बढ़ाए गए, शिक्षा का ढांचा कम लागत वाले मॉडल की ओर गया और प्राथमिक शिक्षा पर जोर देकर उच्च शिक्षा की उपेक्षा हुई।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# सिस्टम की लाचारी व पेपर लीक नेटवर्क की मनमानी

नीट 2026 परीक्षा एक कथित 'गेस पेपर' को लेकर विवादों में आ गई है और परीक्षा को रद्द कर दिया गया। यहां पर यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि आखिर हर बड़ी परीक्षा के बाद भरोसे का संकट क्यों उत्पन्न हो जाता है? लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों की कठिन मेहनत, बहुत सा पैसा और धन खर्च करके तनाव और उम्मीदों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन जैसे ही पेपर लीक, गड़बड़ी या फर्जीवाड़े की खबर सामने आती है, पूरी परीक्षा व्यवस्था संदेह के घेरे में आ जाती है।

भले ही बाद में जांच एजेंसियां सच और अफवाहों के बीच अंतर स्पष्ट कर दें, लेकिन तब तक विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और व्यवस्था पर भरोसा बुरी तरह प्रभावित हो चुका होता है। आज प्रतियोगी परीक्षाएं केवल प्रतिभा की नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा बनती जा रही हैं। चाहे नीट हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, एसएससी या राज्यों की अन्य छोटी-बड़ी भर्तियां- आज लगभग हर परीक्षा के बाद यही प्रश्न उठता है कि क्या मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को वास्तव में न्याय मिलेगा?



सुनील कुमार महला
लेखक

सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं रहा, बल्कि यह धीरे-धीरे एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है। इसमें केवल दलाल ही नहीं, बल्कि कई बार कोचिंग नेटवर्क, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रिंटिंग सिस्टम से जुड़े लोग और अंदरूनी तंत्र तक शामिल पाए जाते हैं। करोड़ों रुपये का यह अवैध खेल युवाओं के भविष्य पर भारी पड़ रहा है। जब कोई परीक्षा रद्द होती है तो लाखों अभ्यर्थियों का समय, पैसा और मानसिक संतुलन प्रभावित होता है। गांवों से शहरों तक परीक्षा देने आने वाले गरीब परिवारों के सपने एक झटके में टूट जाते हैं। कई युवा वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली गड़बड़ियों से उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है। यही कारण है कि अब यह केवल शिक्षा व्यवस्था की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि युवाओं के भविष्य, मेहनत और देश की प्रतिभा पर सीधा आघात बन चुकी है।


एनटीए द्वारा अपनाई गई जीपीएस-ट्रैक्ड ट्रांसपोर्टेशन, एआई-असिस्टेड सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और फाइव-जी जैमर्स जैसी व्यवस्थाएं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा सकती हैं, लेकिन यदि इसके बावजूद संदेह पैदा हो रहा है तो सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ कुछ राज्यों ने भी कठोर कानून और सख्त दंड का प्रावधान किया है।

हिमाचल प्रदेश ने 'पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) बिल' पारित किया है, जिसमें पेपर लीक, नकल और सॉल्वर गैंग पर तीन से दस वर्ष तक की सजा तथा भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त कानून लाने की घोषणा की है तथा इसमें कठोर जेल, भारी जुर्माना और संपत्ति जब्ती जैसे प्रावधानों की चर्चा हुई है। उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के बाद राज्य में सख्त कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट और कठोर कानूनी कदम उठाए गए।

पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी पर रोक केवल कठोर कानूनों से ही नहीं लगेगी, बल्कि इसके लिए मजबूत तकनीक, पारदर्शी व्यवस्था, सख्त दंड, जवाबदेही, प्रशासनिक सुधार और सामाजिक नैतिकता का सामूहिक प्रयास भी बहुत आवश्यक है। तभी युवाओं का भरोसा कायम रहेगा और देश की वास्तविक प्रतिभा सही मायनों में आगे आ सकेगी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कैम्पस



# क्लासरूम में एआई

## शिक्षक का विकल्प या सहायक

कभी ब्लैकबोर्ड शिक्षा का प्रतीक था। फिर स्मार्ट बोर्ड आए, डिजिटल कंटेंट आया, ऑनलाइन क्लासेस आईं। अब शिक्षा की दुनिया एक और बड़े बदलाव के दौर में है-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तेजी से क्लासरूम में प्रवेश कर रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और एडटेक प्लेटफॉर्म्स में एआई आधारित टूल्स का इस्तेमाल बढ़ रहा है। कोई इसे शिक्षा का भविष्य बता रहा है, तो कोई इसे शिक्षक की भूमिका पर संकट मान रहा है। ऐसे में सवाल केवल तकनीक का नहीं, शिक्षा की आत्मा का है-क्या एआई शिक्षक का विकल्प बन सकता है या वह केवल उसका सहायक रहेगा?



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

एआई ने शिक्षा के पारंपरिक ढांचे को चुनौती देना शुरू कर दिया है। आज ऐसे प्लेटफॉर्म मौजूद हैं, जो छात्र की सीखने की गति, उसकी कमजोरियां और उसकी रुचि के आधार पर व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री तैयार कर सकते हैं। किसी छात्र को गणित में कठिनाई है, तो एआई उसे अतिरिक्त अभ्यास देगा। किसी को विज्ञान के विजुअल कंटेंट से बेहतर समझ आती है, तो वही सामग्री सामने आएगी। यह शिक्षा को "एक जैसी पढ़ाई सबके लिए" वाले मॉडल से निकालकर व्यक्तिगत सीखने की दिशा में ले जा रहा है। यही कारण है कि एआई को शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने वाली तकनीक भी कहा जा रहा है। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां अच्छे शिक्षकों की कमी है, वहां एआई आधारित डिजिटल ट्यूटर गुणवत्तापूर्ण सहायता दे सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र चौबीसों घंटे डाउट सॉल्विंग और प्रैक्टिस मॉड्यूल पा सकते हैं। शिक्षकों के लिए भी यह तकनीक राहत ला सकती है-कॉपी जांचना, रिपोर्ट बनाना, टेस्ट एनालिसिस करना और कमजोर छात्रों की पहचान जैसे कार्य अब मशीनें कर सकती हैं। यहीं से बहस शुरू होती है। क्या शिक्षा केवल सूचना का आदान-प्रदान है? यदि हां, तो मशीनें इसे मनुष्यों से अधिक कुशलता से कर सकती हैं, लेकिन यदि शिक्षा का अर्थ सोचने की क्षमता विकसित करना, जिज्ञासा जगाना, नैतिकता सिखाना, आत्मविश्वास भरना और जीवन की दिशा देना है, तो फिर शिक्षक की भूमिका मशीन से कहीं आगे है। शिक्षक केवल पाठ नहीं पढ़ाता, वह व्यक्तित्व गढ़ता है। वह छात्र की आंखों में छिपी उलझन पढ़ता है, उसके आत्मविश्वास में आई कमी महसूस करता है, असफलता के बाद उसे संभालता है और कभी-कभी उसके जीवन का सबसे बड़ा प्रेरक बन जाता है। एआई डेटा पढ़ सकता है, भावनाएं नहीं। वह उत्तर दे सकता है, लेकिन जीवन की दिशा नहीं दे सकता।

### शैक्षणिक ईमानदारी का संकट

एआई के बढ़ते उपयोग के साथ दूसरी बड़ी चिंता सीखने की प्रक्रिया को लेकर है। यदि छात्र हर प्रश्न का उत्तर मशीन से तुरंत पाने लगेंगे, तो क्या उनकी स्वयं सोचने और संघर्ष करने की क्षमता घटेगी? शिक्षा केवल सही उत्तर पाने की कला नहीं, बल्कि सही उत्तर तक पहुंचने की बौद्धिक यात्रा है। कठिन प्रश्नों से जूझना, गलती करना, फिर समझना-यही वास्तविक सीखना है। यदि एआई हर समस्या का तत्काल समाधान देगा, तो यह प्रक्रिया कमजोर पड़ सकती है। शैक्षणिक ईमानदारी का संकट भी सामने है। दुनियाभर के शिक्षण संस्थान इस चुनौती से जूझ रहे हैं कि छात्र असाइनमेंट, निबंध, प्रोजेक्ट और यहां तक कि शोध कार्य तक एआई से तैयार करा रहे हैं। इससे मूल्यांकन की पारंपरिक पद्धति अप्रासंगिक होती जा रही है। आने वाले वर्षों में शिक्षा व्यवस्था को "याद करके लिखने" वाले मॉडल से हटकर "सोचकर प्रस्तुत करने" वाले मॉडल की ओर जाना ही होगा।

### भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न

भारत के संदर्भ में एआई का प्रश्न और जटिल है। देश में लाखों छात्र अब भी बुनियादी डिजिटल संसाधनों से वंचित हैं। ऐसे में एआई आधारित शिक्षा यदि बिना तैयारी के लागू होती है, तो यह नई डिजिटल असमानता पैदा कर सकती है, जहां एक वर्ग "स्मार्ट लर्निंग" पाएगा और दूसरा अभी भी पारंपरिक कमजोर ढांचे में फंसा रहेगा। यानी एआई अवसर भी है और असमानता का जोखिम भी। एक और गंभीर चिंता है डेटा गोपनीयता की। एआई आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों का शैक्षणिक व्यवहार, प्रदर्शन, आदतें और मानसिक पैटर्न तक रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह डेटा भविष्य में कैसे इस्तेमाल होगा? क्या यह केवल सीखने के लिए होगा या व्यावसायिक लाभ का साधन भी बनेगा? शिक्षा क्षेत्र में डेटा का यह केंद्रीकरण नीति-निर्माताओं के लिए नया प्रश्न है।




### शिक्षा व्यवस्था के लिए निर्णायक मोड़

तमाम आशंकाओं के बीच एक बात स्पष्ट है कि एआई को रोका नहीं जा सकता। जैसे इंटरनेट और स्मार्टफोन शिक्षा का हिस्सा बने, वैसे ही एआई भी बनेगा। असली प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा व्यवस्था इस बदलाव के लिए तैयार है? भविष्य संभवतः "एआई बनाम शिक्षक" का नहीं, बल्कि "एआई + शिक्षक" का होगा। मशीनें दोहराव वाले, विश्लेषणात्मक और डेटा-आधारित कार्य संभालेंगी, शिक्षक रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, संवाद, मूल्य और प्रेरणा पर ध्यान देंगे। यानी शिक्षक की भूमिका समाप्त नहीं होगी-वह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी, पर उसका स्वरूप बदल जाएगा। कल का सफल शिक्षक वह होगा जो केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि तकनीक के साथ पढ़ाना जानता हो। जो एआई का उपयोग छात्रों की कमजोरी पहचानने, कंटेंट अनुकूलित करने और कक्षा को अधिक प्रभावी बनाने में कर सके और जो यह समझे कि तकनीक सहायक है, शिक्षक का प्रतिस्थापन नहीं।

शिक्षा व्यवस्था के लिए यह एक निर्णायक मोड़ है। यदि एआई को बिना नीति, प्रशिक्षण और नैतिक ढांचे के अपनाया गया, तो यह शिक्षा को सतही, निर्जीव और असमान बना सकता है, लेकिन यदि इसे समझदारी से शिक्षक-केंद्रित मॉडल में जोड़ा गया, तो यह सीखने को अधिक व्यक्तिगत, प्रभावी और समावेशी बना सकता है। अंत में कह सकते हैं कि क्योंकि ज्ञान मशीन दे सकती है, लेकिन सीखने की प्रेरणा अब भी इंसान ही देता है। बेशक, एआई क्लासरूम में आया है और रहेगा, पर वह शिक्षक की कुर्सी पर नहीं, वह शिक्षक के बगल में बैठेगा।

## नोटिस बोर्ड

### 15 मई से होंगी परीक्षाएं




महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कैंपस में संचालित बीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएमएस, बीएमएम, बीटेक, एमटेक-पीएचडी, बीफार्मा, एमफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमएसडब्ल्यू, बीएड, एमएड, एलएलएम समेत विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं 15 मई से शुरू होंगी। रुवि द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एमए अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, एमएसडब्ल्यू तथा बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं भी इसी दिन से आयोजित की जाएंगी।

## वर्ड स्मिथ

### Examination शब्द की उत्पत्ति

'Examination' शब्द आज पढ़ाई, परीक्षा और जांच के अर्थ में पूरी दुनिया में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसकी जड़ें हजारों साल पुरानी लैटिन भाषा में छिपी हैं। यह शब्द लैटिन के 'Examinare' से बना है। पुराने समय में 'Examen' का अर्थ होता था तराजू की सूई या संतुलन जांचने वाला उपकरण। जब किसी वस्तु का सही वजन पता करना होता था, तो उसे तराजू पर तौला जाता था। इसी प्रक्रिया को 'Examinare' कहा जाने लगा यानी किसी चीज को ध्यान से परखना या जांचना। मध्यकालीन यूरोप में जब विद्यालयों और विश्वविद्यालयों का विकास हुआ, तब छात्रों की योग्यता जांचने की प्रक्रिया को 'Examination' कहा जाने लगा। अंग्रेजी भाषा में यह शब्द लगभग 14वीं शताब्दी के आसपास प्रचलित हुआ। धीरे-धीरे इसका अर्थ किसी व्यक्ति के ज्ञान, क्षमता, स्वास्थ्य या तथ्यों की जांच से जुड़ गया। आज स्कूल की परीक्षा से आदि में 'Examination' शब्द का उपयोग होता है।



# सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग

## टेक्नोलॉजी की दुनिया का नया भविष्य



डॉ. अनुराग तिवारी
असिस्टेंट डायरेक्टर
बीबीडी आईटीएम, लखनऊ

आज के दौर में ज्यादातर छात्र कंप्यूटर साइंस को सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय करियर विकल्प मानते हैं, लेकिन टेक्नोलॉजी की दुनिया अब केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं रही। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक व्हिकल और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल ने सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग को तेजी से उभरता हुआ करियर बना दिया है। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र युवाओं के लिए शानदार अवसर लेकर आ सकता है।




### क्या है सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग वह क्षेत्र है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक चिप्स और माइक्रोप्रोसेसर को डिजाइन करने, विकसित करने और टेस्ट करने की तकनीक सिखाई जाती है। आज मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, कार, मेडिकल उपकरण और यहां तक कि घरेलू मशीनों में भी सेमीकंडक्टर चिप्स का उपयोग होता है। आसान शब्दों में कहें तो हर स्मार्ट डिवाइस की "ब्रेन" यही चिप्स होती हैं। इन्हें तैयार करने और बेहतर बनाने का काम सेमीकंडक्टर इंजीनियर करते हैं।



### क्यों बढ़ रही है इस फील्ड में मांग

कोरोना काल के दौरान दुनियाभर में चिप्स की कमी देखने को मिली थी। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री आधुनिक तकनीक की रीढ़ है। यही कारण है कि अब कई देश इस सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। भारत सरकार भी "इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन" के जरिए देश में चिप निर्माण को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा Intel, TSMC और Qualcomm जैसी बड़ी कंपनियां लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।



### क्या पढ़ाया जाता है बीटेक सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग में

इस कोर्स में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप डिजाइन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जाती है। मुख्य विषयों में शामिल हैं- VLSI Design

Embedded Systems

Microelectronics

Chip Fabrication

Circuit Design

इन विषयों के माध्यम से छात्र चिप निर्माण और हार्डवेयर टेक्नोलॉजी की गहराई को समझते हैं।

### करियर और सैलरी की संभावनाएं

सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग करने के बाद छात्र चिप डिजाइन इंजीनियर, VLSI इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, रिसर्च साइंटिस्ट और मैन्युफैक्चरिंग एक्सपर्ट जैसे पदों पर काम कर सकते हैं। शुरुआती स्तर पर इस क्षेत्र में सालाना 6 से 12 लाख रुपये तक का पैकेज मिल सकता है। अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ सैलरी 20 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकती है। विदेशों में भी इस फील्ड की मांग काफी अधिक है, जिससे ग्लोबल करियर के अवसर भी मजबूत बनते हैं।

## करेंट अफेयर्स

- भारत का पहला पूरी तरह डिजिटल बैंकिंग अपनाने वाला राज्य केरल (Kerala) माना जाता है। केरल ने डिजिटल बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सिस्टम को गांव-गांव तक पहुंचाकर पूरे देश में एक नई मिसाल पेश की। राज्य सरकार, बैंकों और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से केरल ने यह सुनिश्चित किया कि लगभग हर नागरिक बैंकिंग सेवाओं से डिजिटल रूप से जुड़ सके।
- दुनिया एक बार फिर इतिहास बनते देखने जा रही है। NASA का Artemis II मिशन इंसानों को 50 साल बाद चांद की कक्षा में भेजने वाला है। यह मिशन Apollo program के बाद पहला crewed lunar mission होगा, जिससे अंतरिक्ष अनुसंधान में एक नई शुरुआत मानी जा रही है। Artemis II मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की परिक्रमा करेंगे और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लौटेंगे। यह मिशन भविष्य के Artemis III मिशन के लिए रास्ता तैयार करेगा, जिसमें इंसानों को चांद की सतह पर उतारने की योजना है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने घोषणा की है कि वह अगले महीने से पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) से बाहर हो जाएगा। इस कदम के साथ ही UAE की लगभग छह दशकों की सदस्यता समाप्त हो जाएगी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से वैश्विक तेल बाजारों का स्वरूप बदल सकता है और OPEC का प्रभाव कमजोर पड़ सकता है। खास बात यह है कि UAE कई दशकों से OPEC का सदस्य रहा है। सबसे पहले 1967 में अबू धाबी के माध्यम से यह संगठन से जुड़ा था और बाद में 1971 में देश बनने के बाद UAE पूर्ण सदस्य बना।
- भारत में वन्यजीवों की समृद्ध विरासत के बीच एशियाई हाथी एक महत्वपूर्ण प्रजाति है। ऐसे में अक्सर यह प्रश्न उठता है कि भारत में सबसे अधिक हाथी किस राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाते हैं। इस सवाल का उत्तर-दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान है, जो हाथियों की बड़ी आबादी के लिए प्रसिद्ध है। यह राष्ट्रीय उद्यान न केवल हाथियों की अधिक संख्या के लिए जाना जाता है, बल्कि यह जैव विविधता का भी प्रमुख केंद्र है। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नीलगिरि संरक्षित जैवमंडल या नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है, जो भारत का सबसे बड़ा हाथी आवास क्षेत्र माना जाता है।
- हाल ही में भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। भारतीय वेटलिफ्टरों ने अलग-अलग कैटेगरी में चार गोल्ड मेडल जीते हैं। यूनिवर्सल कप (सीनियर) इवेंट के साथ-साथ मुकाबला करते हुए, भारत के युवा एथलीटों ने अपनी ताकत, सटीकता और निरंतरता का प्रदर्शन किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में देश के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

- पद-अपरेंटिस (अपरेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत)
- कुल पद-1865
- स्टाइपेंड- 15,000 रुपये (ग्रामीण/अर्ध-शहरी)। 18,000 रुपये (शहरी), 20,000 रुपये (मेट्रो) प्रति माह
- प्रशिक्षण की अवधि- एक वर्ष
- आवेदन का तरीका- केवल ऑनलाइन (BFSI SSC पोर्टल के माध्यम से)
- चयन का तरीका-ऑनलाइन परीक्षा + स्थानीय भाषा दक्षता परीक्षा
- वेबसाइट- www.unionbankofindia.co.in

### नवोदय विद्यालय समिति (NVS) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ

- पद-PGT, TGT, लाइब्रेरियन और स्टाफ नर्स (संविदा आधारित)
- नौकरी का स्थान-उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
- कुल पद-217
- आवेदन की अंतिम तिथि-18 मई 2026
- वेबसाइट- www.nvsrolko.org

### संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)

- पद-विभिन्न ग्रुप 'A' और ग्रुप 'B' राजपत्रित पद
- कुल पद- आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध
- चयन प्रक्रिया- शॉर्टलिस्टिंग (योग्यता/अनुभव/भर्ती परीक्षा के आधार पर) + साक्षात्कार
- वेबसाइट-www.upsc.gov.in और https://upsconline.nic.in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद-कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) - खेल कोटा के अंतर्गत
- कुल पद-404 पद
- चयन प्रक्रिया- दस्तावेज सत्यापन + खेल उपलब्धि सत्यापन + PST + फील्ड ट्रायल/कौशल परीक्षण
- वेबसाइट-www.recruitment.ssb.gov.in और https://www.ssb.gov.in

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1970, फ़ॉर्चून कि. 2675, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13kg 2350, जय जवान 2140, सचिन 2350, सूरज 2140, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2345, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2450, स्वास्तिक 2550
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारिकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम : सोना** पक्के आभूषण 158500, सोना गिन्नी 154500,
**चांदी** पक्की 2750 **अनुमानित**

## बिजनेस ब्रीफ

### एम्स्टर्डम नहीं, भारत में होगा क्रेडाई का सम्मेलन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय क्रेडाई ने बुधवार को अपने वार्षिक सम्मेलन का आयोजन स्थल एम्स्टर्डम से भारत स्थानांतरित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद और विदेश यात्रा को स्थगित करने के आह्वान के बाद सम्मेलन स्थल में बदलाव किया है।

### एयरटेल का शुद्ध लाभ 33.5 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33 .5 प्रतिशत घटकर 7,325 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 11,021 .8 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 15 .6 प्रतिशत बढ़कर 55,383 .2 करोड़ रुपये हो गई।

# प्रधानमंत्री के आह्वान और आयात शुल्क वृद्धि से सर्राफा कारोबार धड़ाम

## आभूषण कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट, निर्यातकों से लेकर खुदरा बाजार में तीखी प्रतिक्रिया, कारोबारी बोले-व्यापार पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने पर आयात शुल्क बढ़ने के कारण मांग घटने की आशंका के बीच बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में आभूषण कंपनियों के शेयर पर बिकवाली का दबाव बना रहा।

बीएसई पर स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स का शेयर 11.11 प्रतिशत, कल्याण ज्वेलर्स का शेयर छह प्रतिशत, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का 4.30 प्रतिशत, पीसी ज्वेलर का 3.65 प्रतिशत, त्रिभोवंदास भीमजी जवेरी का 1.74 प्रतिशत और टाइटन कंपनी का शेयर 1.64% टूटा। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 15% कर दिया। प्लैटिनम पर कर 6.4% से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 13 मई से सामाजिक कल्याण अधिभार और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री के विदेशी मुद्रा बचाने को सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने के आह्वान के बाद यह अधिसूचना जारी हुई है।

### गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना है मकसद

सरकार के सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15% करने का उद्देश्य गैर आवश्यक आयात पर रोक लगाना और विदेशी मुद्रा के उपयोग को कच्चे तेल, उर्वरकों, औद्योगिक कच्चे माल तथा पूंजीगत वस्तुओं जैसे आवश्यक आयातों के लिए प्राथमिकता देना है जो सीधे आर्थिक गतिविधि एवं खाद्य सुरक्षा को समर्थन देते हैं।



### दुबई से सोने का आयात बढ़ेगा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि सोने पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने से दुबई के रास्ते सोने और चांदी का आयात बढ़ सकता है। भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत यूएई से आने वाले सोने पर सामान्य एमएफएन दर से एक प्रतिशत कम शुल्क लगता है। ऐसे में नया प्रभावी शुल्क 14 प्रतिशत रहेगा, जिससे दुबई वैश्विक सर्राफा व्यापार का प्रमुख मार्ग बन सकता है। भारत ने शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) प्रणाली के तहत दुबई से सोने के आयात को सामान्य सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) दर से एक प्रतिशत कम शुल्क पर अनुमति दी थी। यह कोटा 2022 में 120 टन वार्षिक से शुरू हुआ था और 2027 तक बढ़कर 200 टन होने वाला है, जो भारत के कुल वार्षिक सोना आयात का लगभग एक-चौथाई है।

### आभूषणों के दाम बढ़ने से कम कैरेट के गहनों को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के सोने-चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने और पांच प्रतिशत कृषि उपकर लगाने पर उद्योग जगत ने प्रतिक्रिया दी है। उद्योग जगत का कहना है कि यह कम कैरेट के सोने के गहनों को बढ़ावा देने का अवसर है। इससे सोने की खपत भी कम होगी और गहनों के ज्यादा बेहतर डिजाइन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही उसने लोगों से घरों में पड़े पुराने गहनों के पुनर्चक्रण की भी अपील की है।

जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर और उद्यमी हेतल वकील वालिया का कहना है कि आयात शुल्क में इस वृद्धि के बाद सोने की कीमतों के साथ ही आभूषणों की खुदरा कीमतों में लगभग छह से आठ प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। इससे आने वाली तिमाहियों में कुल मांग में 10-15 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। उपभोक्ता धीरे-धीरे हल्के वजन वाले आभूषण, कम कैरेट वाले उत्पाद, चांदी के आभूषण और एक्सचेंज आधारित खरीदारी की ओर रुख कर सकते हैं।

श्रीमती वालिया ने बताया कि रिटेलर्स और चेन शोरूम मालिकों पर इन्वेंट्री बदलने की लागत का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और उनका मुनाफा प्रभावित होगा। यदि मांग कमजोर बनी रहती है, तो इसका प्रभाव कारीगरों, सुनारों और ज्वेलरी डिजाइनरों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि ऑर्डर की मात्रा और कॉन्ट्रैक्ट वर्क में कमी आ सकती है, विशेष रूप से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में।

### बढ़ सकती है तस्करी: जीजेसी

**मुंबई, एजेंसी।** सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आभूषण उद्योग के सामने नई चुनौतियां आएंगी और इससे तस्करी को बढ़ावा मिल सकता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, प्रधानमंत्री के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे तस्करी बढ़ेगी...। शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है। इस बीच, आभूषण खुदरा कंपनी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के सीईओ सुवंकर सेन ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट बने रहने तक आयात शुल्क अधिक रहेगा।

# सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया सूरजमुखी बीज में 622 रुपये की वृद्धि

## आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण बढ़ाने को एमएसपी में की गयी अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने बुधवार को खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। साथ ही सरकार ने दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी का फैसला किया। आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इन फसलों के एमएसपी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में बुवाई शुरू होने से पहले 14 खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी गई। खरीफ फसलों की बुवाई आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। इस फैसले के तहत, खरीफ सत्र के धान की सामान्य और ए-ग्रेड किस्मों का एमएसपी क्रमशः 2,441 रुपये और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।



नई दिल्ली में बुधवार को कैबिनेट निर्णयों पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव। ● एजेंसी

- दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी
- वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान

कपास के एमएसपी में भी सरकार ने अच्छी बढ़ोतरी की है। मध्यम लंबाई के रेशों वाली मीडियम स्टेपल कपास का एमएसपी 557 रुपये बढ़ाकर 8,267 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि लंबे और बेहतर गुणवत्ता वाले रेशों वाली लॉन्ग स्टेपल कपास का एमएसपी 8,667 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह सभी फसलों में दूसरी सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

सर्वाधिक मूल्य वृद्धि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में 622 रुपये प्रति क्विंटल की हुई है, जिससे इसका एमएसपी बढ़कर 8,343 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इसके अलावा रामतिल (नाइजरसीड) का एमएसपी 515 रुपये बढ़ाकर 10,052 रुपये और तिल का 500 रुपये बढ़ाकर 10,346 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अन्य तिलहनों में सोयाबीन (पीला) का एमएसपी 380 रुपये बढ़ाकर 5,708 रुपये और मूंगफली का 254 रुपये बढ़ाकर 7,517 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

अनुमान के मुताबिक, मूंग पर सबसे अधिक 61 प्रतिशत का मार्जिन मिलेगा जिसके बाद बाजरा एवं मक्का (56-56%) और अरहर (54%) का स्थान है। बाकी फसलों के लिए यह मार्जिन 50 प्रतिशत रखा गया है। सरकार ने किसानों को कुल भुगतान 2.60 लाख करोड़ रुपये रहने और वार्षिक खरीद 824.41 लाख टन होने का अनुमान जताया है।

### दालों और अन्य मोटे अनाज का एमएसपी भी बढ़ा

दलहनों में अरहर (तूर) का एमएसपी 450 रुपये बढ़ाकर 8,450 रुपये, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 8,200 रुपये और मूंग का मामूली 12 रुपये बढ़ाकर 8,780 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। अनाज की अन्य फसलों में ज्वार (हाइब्रिड) का एमएसपी 324 रुपये बढ़ाकर 4,023 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि बेहतर गुणवत्ता वाली मालदांडी किस्म का एमएसपी 4,073 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। बाजरा का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2,900, रागी का 319 रुपये बढ़ाकर 5,205 रुपये और मक्का का 10 रुपये बढ़ाकर 2,410 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

### ...ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि खरीफ सत्र की सभी 14 फसलों के लिए एमएसपी उत्पादन लागत से कम-से-कम 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है ताकि किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके।

### एमएसपी बढ़ने का आईवीपीए ने किया स्वागत

भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) के अध्यक्ष सुधाकर देसाई ने तिलहनों का एमएसपी बढ़ाए जाने का स्वागत करने के साथ ही कहा कि वैश्विक कीमतों, घरेलू फसल अर्थशास्त्र और महंगाई के अनुरूप आयात शुल्क ढांचे को स्थिर और लचीला बनाए रखने की जरूरत है।

# सरकार को रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था।

सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है। किसी भी वित्त वर्ष के लिए हस्तांतरण योग्य अधिशेष का निर्धारण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर किया जाता है। संशोधित ढांचे के अनुसार, आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई के बही-खाते के 4.50 से 7.50 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है।

बजट दस्तावेजों के अनुसार, केंद्र को 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय



संस्थानों से लाभांश और अधिशेष के रूप में 3.16 लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सतर्क अनुमान लगाया है लेकिन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लाभांश भुगतान बजट अनुमान से अधिक हो सकता है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025-26 में भी रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है।

बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, स्वस्थ ऋण विस्तार और अधिक आय ने 2025-26 के दौरान पीएसबी की लाभप्रदता में सुधार किया है।

कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# बजाज ग्रुप के 100 साल पूरे, पीएम मोदी ने सराहा योगदान

**कारोबार डेस्क, मुबई**

बजाज ग्रुप ने मंगलवार को अपने 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह आयोजित किया। 148 अरब डॉलर के मार्केट कैप वाला यह समूह आज ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के जरिए देश के हर तीन में से एक घर तक पहुंच रखता है। समूह की स्थापना 1926 में स्वतंत्रता सेनानी, उद्योगपति और समाजसेवी जमना लाल बजाज ने मुंबई में की थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजाज परिवार को भेजे संदेश में समूह की राष्ट्र निर्माण, रोजगार सृजन, नवाचार और सामुदायिक विकास में भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में बजाज जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

बजाज ग्रुप ने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों




में से एक का निर्माण किया है। इसकी कुछ सूचीबद्ध कंपनियों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, बजाज फाइनेंस, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और मुकंद शामिल हैं। समूह 100 से अधिक देशों में निर्यात करता है और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी प्रवेश की तैयारी कर रहा है।

मुंबई में आयोजित समारोह में उद्योग जगत, राजनीति और मनोरंजन क्षेत्र की हस्तियां शामिल हुईं। चेयरमैन नीरज बजाज, एमडी राजीव बजाज और संजीव बजाज ने आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक विस्तार, तकनीक और वित्तीय समावेशन को अगले 100 वर्षों की दिशा बताया।

# बॉन्ड बाजार के लिए वितरकों की नई श्रेणी शुरू करने पर विचार कर रहा सेबी

**मुंबई, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी बॉन्ड बाजार को विस्तार देने और खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए वितरकों की एक नई श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने बुधवार को कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य बॉन्ड यानी डेट उत्पादों की पहुंच को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि म्यूचुअल फंड क्षेत्र की तरह ऐसे वितरकों की जरूरत है, जो खुदरा निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सरल बना सकें, जिसमें 'केवाईसी' प्रावधान, दस्तावेजीकरण और लेनदेन की शुरुआत शामिल है।

सिंह ने उद्योग संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि वितरण प्रणाली यह तय करती है कि वित्त कुछ हाथों में ही सिमटा रहेगा या व्यापक आर्थिक भागीदारी का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खासकर नए निवेशकों के लिए वितरक वित्तीय बाजारों से जुड़ने का पहला माध्यम होते हैं। सिंह ने कहा कि पहले से पंजीकृत सक्रिय वितरकों की संख्या पिछले पांच वर्षों में 2.4 लाख से बढ़कर 3.4 लाख हो गई है।

# शेयर बाजार में जारी गिरावट थमी सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई, एजेंसी**

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। निचले स्तर पर धातु, ऊर्जा और खपत से जुड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि, कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई।

इसी तरह, एनएसई निफ्टी 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,959.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालितः ईपीएफओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा। इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी।

केंद्रीय भविष्य निधि संगठन के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है। उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा-हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...।

**इंडिया फूड एक्सपो-2026** — एमएसएमई, निवेश व फूड प्रोसेसिंग को वैश्विक पहचान दिलाने की बड़ी पहल

# फूड एक्सपो सितंबर में, 700 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से आयोजित होने वाले इंडिया फूड एक्सपो-2026 के 11वें संस्करण के रोड शो और कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन बुधवार को आईआईए भवन विभूति खंड में हुआ। एक्सपो का आयोजन 18 से 20 सितंबर तक रेगालिया ग्रीन्स में किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बागवानी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं इन्वेस्ट यूपी के एजीएम इंवेस्टमेंट प्रोमोशन ने कहा कि निवेशकों और




लखनऊ : विभूति खंड स्थित आईआईए भवन में इंडिया फूड एक्सपो पर कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पदाधिकारी।

उद्यमियों को परियोजना स्थापना तक हर स्तर पर सहायता दी जाएगी।

एफएसएसएआई के असिस्टेंट कमिश्नर फूड विनीत पांडेय ने कहा कि विभाग खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अनुपालन प्रक्रियाओं में उद्यमियों को हर संभव सहयोग देगा।

कार्यक्रम में आईएफएक्स-2026 का लोगो, ब्रोशर, वेबसाइट और डिजिटल अभियान भी लॉन्च किया गया। आईआईए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने नई आयोजन समिति की घोषणा करते हुए विकास खन्ना को आईएफएक्स-2026 का चेयरमैन बनाया। वैभव अग्रवाल और विधु गुप्ता को डिप्टी चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पूर्व चेयरमैन चेतन देव भल्ला और आईआईए उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश हवेलिया को सलाहकार नियुक्त किया गया।

चेयरमैन विकास खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित 75 हजार नई फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के लक्ष्य को साकार करने में आईएफएक्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह मंच एमएसएमई को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार, निवेश, तकनीक, ब्रांडिंग और निर्यात से जोड़ेगा। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस बार एक्सपो में 160 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स भाग लेंगे और 35 से ज्यादा देशों के दूतावासों को आमंत्रित किया जा रहा है। पिछले संस्करण में करीब 350 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, जबकि इस बार 700 करोड़ रुपये से अधिक बीटूबी कारोबार की संभावना जताई गई है।

- केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है आईएफएक्स : दिनेश गोयल

आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आईएफएक्स केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और कृषि मूल्य संवर्धन का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि एआई, स्मार्ट पैकेजिंग, ई-कॉमर्स और आधुनिक तकनीकें भविष्य के फूड उद्योग की दिशा तय करेंगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने वेनेजुएला को बताया अमेरिका का 51वां राज्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रंप ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी। उन्होंने इस जीत का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की संभावना को खारिज कर दिया।

### फिलीपींस संसद में सांसद की गिरफ्तारी के दौरान गोलीबारी

**मनीला।** फिलीपीन संसद के उच्च सदन में बुधवार रात उस समय गोलीबारी की घटना हुई, जब अधिकारियों ने एक सांसद को गिरफ्तार करने की कोशिश की है। बताया गया कि सांसद मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा वांछित है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि गोलीबारी किस वजह से हुई या सीनेट में कोई घायल हुआ या नहीं। फिलीपीन के अधिकारियों द्वारा सीनेटर रोनाल्ड डेला रोजा को गिरफ्तार करने और संभवत: बाद में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को सौंपने के प्रयास के दौरान डेला रोजा को सहयोगी सांसदों की सुरक्षात्मक हिरासत में रखा गया है।

### लेबनान में इजराइली हवाई हमले से ध्वस्त हुई रिहायशी इमारत

**बेरूत।** इजराइल के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार दोपहर दक्षिण लेबनान के कई कस्बों और गांवों पर हवाई हमले किए, जिनमें कफर रुम्मान-अल-मायदानेह राजमार्ग पर स्थित एक रिहायशी इमारत पूरी तरह नष्ट हो गई। नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) के अनुसार इजराइली विमानों ने दो चरणों में हवाई हमला करते हुए कफर रुम्मान-अल-मायदानेह मार्ग पर स्थित एक आवासीय भवन को निशाना बनाया। हमले में इमारत ध्वस्त हो गयी। इजराइली युद्धक विमानों ने बिंत जुबैल जिले के बैत याहून कस्बे पर भी हवाई हमला किया। इसी जिले के ऐता अल-जबल क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया।

### रूस ने यूक्रेन के कई इलाकों पर किए ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले

**कीव।** रूस ने बुधवार को ड्रोन के जरिए यूक्रेन के विभिन्न इलाकों को निशाना बनाया। इससे पहले मिसाइलों के हमले में आठ लोगों की मौत हो गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर कहा, रूस लगातार हमले कर रहा है और वह यह सब बेशर्मी से कर रहा है। जानबूझकर हमारे रेलवे ढांचे और हमारे शहरों में नागरिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जेलेंस्की के अनुसार, रात भर हमलों में मध्य नीप्रो और उत्तरपूर्वी खारकीव क्षेत्रों में यूक्रेन के आवासीय और रेलवे बुनियादी ढांचे, दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में बंदरगाह बुनियादी ढांचे और मध्य पोल्तावा क्षेत्र में ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मंगलवार को दिन भर में 14 क्षेत्रों पर हमले हुए।

# कांग्रेस, वाम दलों, अन्नाद्रमुक के बागियों के समर्थन से विजय ने जीता विश्वास मत

## मुख्य विपक्षी दल द्रमुक ने किया बहिर्गमन, सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में पड़े 144 मत

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में चार दिन पुरानी सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत जीत लिया। मुख्य विपक्षी दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से इस दौरान बहिर्गमन और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में विभाजन के घटनाक्रम के बाद सरकार के विरोध में 22 और पक्ष में 144 मत डाले गए। राज्य की 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 मतों की आवश्यकता थी।

सदन में मतों के विभाजन के दौरान मुख्यमंत्री विजय की ओर से पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 144 मत पड़े, जबकि विरोध में 22 मत पड़े। भाजपा का एकमात्र विधायक और राजग के घटक दल पट्टाली मक्कल काची के चार विधायक मतदान के दौरान तटस्थ रहे। बहुमत की कमी के चलते सरकार की स्थिरता पर उठ रहे सवालों के बीच इस जीत ने पहली बार सत्ता में आई टीवीके सरकार को कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी मजबूती प्रदान कर दी। नियमों के मुताबिक अब अगले छह महीने तक विधानसभा में दोबारा शक्ति परीक्षण नहीं कराया जा सकेगा। विश्वास मत के बाद अब मुख्यमंत्री विजय सहित मंत्रियों को विभागों का आवंटन की औपचारिकता भी जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके), वामपंथी दलों, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) और एस.पी. वेलुमणि एवं सी.वी. षणमुगम के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के बागी गुट के समर्थन से यह विश्वास मत जीता। सुबह 9:30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री विजय ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद सभी दलों के विधायकों ने इस पर अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर ने मतों के विभाजन की प्रक्रिया के बाद घोषणा की कि मुख्यमंत्री की ओर से सदन का विश्वास हासिल करने के लिए लाया गया प्रस्ताव पारित हो गया है। सदन में 59 विधायकों वाली मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक के सदस्यों ने विश्वास मत संबंधी प्रस्ताव पर मतदान शुरू होने से पहले ही बहिर्गमन कर दिया।



विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का सदन में जवाब देते मुख्यमंत्री थलापति विजय।

### अन्नाद्रमुक के 25 सदस्यों का सरकार के पक्ष में वोट

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी सदस्यों ने विश्वास मत पर सरकार के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग की। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और द्रमुक विधायक उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि टीवीके सरकार उधार के सहयोगियों के सहारे और अन्नाद्रमुक को विभाजित करके सत्ता में आई है। अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी का समर्थन कर रहे 21 विधायकों और स्वयं पलानीस्वामी ने टीवीके सरकार के खिलाफ मतदान किया। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के चार विधायक और भाजपा के एकमात्र सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए।

### भाजपा के एक विधायक समेत राजग के पांच सदस्यों ने नहीं किया मतदान


राजग के घटक दल टीटीवी दिनकरण के नेतृत्व वाली अम्माल मक्कल मुनेत्र कषगम से निष्कासित विधायक एस. कामराज उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सरकार के पक्ष में मतदान किया।

### हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेंगे : विजय

विश्वास मत के प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा धर्मनिरपेक्ष रहेगी और पिछली सरकारों द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार घोड़े जैसी रफ्तार (हॉर्स स्पीड) से काम करती है, लेकिन वह विधायकों की खरीद-फरोख्त (हॉर्स ट्रेडिंग) में शामिल नहीं होती। यह शक्ति परीक्षण राज्यपाल आरवी आर्लेकर के निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने विजय को 13 मई या उससे पहले बहुमत साबित करने को कहा था। सत्तारूढ़ टीवीके की कुल सदस्य संख्या 107 है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष भी शामिल हैं और उन्होंने मतदान नहीं किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने सेतुपति पर लगी रोक हटाई, फिर भी नहीं डाल सके वोट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें टीवीके विधायक आर श्रीनिवास सेतुपति को तमिलनाडु विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने से रोका गया था। हालांकि इसके बावजूद सेतुपति विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में हिस्सा नहीं ले सके। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि यह बेहद गंभीर है। हाईकोर्ट कहता है कि इसका उपाय चुनाव याचिका है लेकिन फिर भी अनुच्छेद 226 के तहत दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। संविधान का अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को कुछ मामलों में रिट (परमादेश) जारी करने की शक्ति से संबंधित है। रिट जारी करने का मतलब सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट द्वारा किसी व्यक्ति, अधिकारी या संस्था को लिखित औपचारिक आदेश देना है। यह आदेश संवैधानिक अधिकारों (मौलिक अधिकारों) को लागू करने या उनके उल्लंघन को रोकने के लिए जारी किया जाता है।



## बीजिंग में ट्रंप का भव्य स्वागत

- ईरान युद्ध समेत कई मुद्दों पर जिनपिंग से होगी चर्चा

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को बीजिंग पहुंचे, जहां उनकी अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ ईरान युद्ध, व्यापार और ताइवान को अमेरिका की ओर से की जाने वाली हथियारों की बिक्री पर बातचीत होगी। शिखर सम्मेलन के तहत दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत का मुख्य कार्यक्रम बृहस्पतिवार को होगा, जब जिनपिंग ट्रंप के सम्मान में एक औपचारिक भोज का भी आयोजन करेंगे। बीजिंग में विमान उतरने के बाद ट्रंप का भव्य स्वागत किया गया। उनका स्वागत चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग, वाशिंगटन में चीन के राजदूत शी फेंग, विदेश मामलों के कार्यकारी उप मंत्री मा झाओक्सू और बीजिंग में अमेरिकी दूत डेविड पर्ड्यू ने किया। स्वागत समारोह में 300 चीनी युवा शामिल हुए और सैन्य बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। चीन की सेना ने ट्रंप को गारद सलामी भी दी।

## ज्योतिषी को ओएसडी बनाने का आदेश रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी राजनीतिक) के रूप में ज्योतिषी रिक्की राधन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति संबंधी आदेश वापस ले लिया।

मंगलवार को हुई इस नियुक्ति के बाद विपक्षी दलों के साथ टीवीके के सहयोगियों ने भी इसकी तीखी आलोचना की थी। इस नियुक्ति को लेकर बुधवार को विधानसभा में भी तीखी बहस हुई। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत समेत विपक्षी नेताओं ने सदन में इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि एक ज्योतिषी को महत्वपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक पद पर कैसे नियुक्त किया जा सकता है। बढ़ते विरोध के बीच विजय सरकार ने 24 घंटे में ही नियुक्ति आदेश रद्द कर दिया। प्रख्यात ज्योतिषी वेत्रिवेल को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजनीतिक मामलों को देखने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## पांच शर्तों को पूरा करे अमेरिका, तभी बातचीत : ईरान

- कहा- नाकेबंदी से यह साफ, अमेरिका भरोसे लायक नहीं

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका अगर पांच शर्त पूरी करे तो वह उससे बातचीत करेगा। इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना और विशेषकर लेबनान में, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है।

फार्स न्यूज एजेंसी की ओर से एक सूत्र के हवाले से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान को संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बिना नतीजे के समाप्त हो गई। इसके बाद से अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है। मध्यस्थ इस समय बातचीत का नया दौर आयोजित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। चार मई को ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर पाए।

# एयर इंडिया अपनी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 27% कटौती करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## तेल संकट की मार





- जून से अगस्त तक होगी कटौती, पश्चिम एशिया में हवाई प्रतिबंध भी कारण

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्रों पर जारी प्रतिबंधों के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में जून से अगस्त के दौरान 27 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह इस अवधि में चुनिंदा अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों को युक्तिसंगत बनाएगी।

एयरलाइन कंपनी ने इसके लिए कई कारकों के संयुक्त प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है जिनमें पश्चिम एशिया संकट के कारण कुछ इलाकों में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों का जारी रहना और विमान ईंधन के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर प्रमुख हैं। कंपनी ने कहा है कि जून से अगस्त के बीच वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करेगी जो रोजाना औसतन 40 के करीब है। सूत्रों ने बताया कि अभी एयरलाइंस औसतन हर दिन 55 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन कर रही है। इस प्रकार उड़ानों की संख्या में 27 प्रतिशत की कटौती की गई है।

कंपनी ने कहा है कि इन बदलावों का उद्देश्य नेटवर्क की स्थिरता बनाए रखना और अंतिम क्षणों में यात्रियों को होने वाली असुविधाओं से बचाना है। पहले से जिन यात्रियों ने टिकट बुक करा रखे हैं उन्हें दूसरी विमानों में सीट देने में एयरलाइंस मदद करेगी। एयर इंडिया का कहना है कि वह जून से अगस्त तक हर सप्ताह उत्तर अमेरिका के लिए में 33, यूरोप के लिए 47, ब्रिटेन के लिए 57, ऑस्ट्रेलिया के लिए आठ और सुदूर पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा सार्क क्षेत्र के लिए 158 और मॉरिशस के लिए सात उड़ानों का परिचालन करेगी।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण इस समय विमान ईंधन की कीमत रिकॉर्ड उच्चतम स्तर हैं। सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमतों में हर महीने के लिए 25 प्रतिशत की सीमा तय कर दी है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह राहत नहीं दी गई है।

# भारत के साथ सभी समझौते निभाएगा रूस

**मॉस्को, एजेंसी**



- दिल्ली दौरे से पहले लावरोव ने कहा- दोनों देशों के रास्ते अलग होने का सवाल ही नहीं

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि रूस अनुचित प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत के साथ ऊर्जा आपूर्ति संबंधी समझौतों को पूरा करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंध मित्रता पर आधारित हैं और ऐसी कोई स्थिति पैदा होने की संभावना नहीं है जिससे उनके रास्ते अलग हो जाएं।

इस सप्ताह नई दिल्ली की अपनी यात्रा से पहले एक साक्षात्कार में लावरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दुनिया के सबसे ऊर्जावान नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा, मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूसी आपूर्ति के संबंध में भारत के हितों को कोई नुकसान नहीं होगा। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे कि यह अनुचित और बेईमानी भरी प्रतिस्पर्धा हमारे समझौतों को क्षति न पहुंचाए। लावरोव ने कहा, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारी प्रमुख परियोजना है। यह भारत की जरूरतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा करता है। इस परमाणु संयंत्र के लिए नई विद्युत इकाइयों के निर्माण पर सहयोग जारी है।

लावरोव ने कहा, भारत-रूस संबंधों के लिए सिर्फ एक शब्द नहीं है। ऐसा इसलिए नहीं है कि मानव भाषाएं इतनी समृद्ध नहीं हैं, बल्कि इसलिए कि इतने परिपूर्ण और गहरे संबंध की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने हिंदी-रूसी भाई-भाई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति का हिस्सा बन गया है।

# अमेरिका का हथियारों का भंडार खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- संसदीय सुनवाई के दौरान अमेरिकी रक्षामंत्री ने ऐसे दावों को बताया मूर्खतापूर्ण

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों का भंडार खाली होने की रिपोर्ट और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण हैं और व्यर्थ में बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है। हेगसेथ ने सांसदों के साथ अलग बातचीत में कहा, मैं सार्वजनिक मंच पर यह कहे जाने से असहमत हूं कि हमारे गोला-बारूद के भंडार समाप्त हो रहे हैं। ईरान संघर्ष कई सप्ताह तक खिंचने के कारण हथियार भंडार को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस दौरान टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, एटीएसीएमएस युद्धक्षेत्र मिसाइल और पैट्रियट वायु रक्षा इंटरसेप्टर जैसी उन्नत प्रणालियों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ है।

### खुफिया रिपोर्ट: ट्रंप के दावों के बावजूद ईरान की 70% मिसाइल क्षमता सुरक्षित

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। युद्ध के बीच ट्रंप कई बार ईरान की मिसाइल क्षमता खत्म होने के दावे कर चुके हैं।

# अमेरिका में भारतीयों समेत 10,000 विदेशी छात्र रडार पर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- वीजा नियमों का दुरुपयोग कर संदिग्ध लोगों के लिए काम करने का आरोप

अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है।

ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में परिवर्तित होने का अवसर भी देता है। मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आईसीई के कार्यवाहक निदेशक टॉड लायंस ने कहा कि छात्र वीजा कार्यक्रम का ओपीटी प्रावधान धोखाधड़ी का केंद्र बन गया है और गृह सुरक्षा विभाग की ओर से इसकी कई जांच की जा चुकी हैं। लायंस ने कहा, हमें ऐसे मामले मिले हैं जिनमें जासूसी, जैविक खतरों, बौद्धिक संपदा की चोरी, वीजा और रोजगार धोखाधड़ी और बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाने वाले घोटाले भी शामिल हैं। इन सभी मामलों में ऐसे लोग शामिल पाए गए जिन्होंने छात्र होने की अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया।

उन्होंने कहा, हमारा देश विदेशी छात्र कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले सुरक्षा खतरे बर्दाश्त नहीं करेगा। लायंस ने बताया कि संघीय जांचकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जिसमें यह सामने आया कि कई ओपीटी लाभार्थियों को भारत में बैठे कर्मचारी प्रबंधित कर रहे थे।

## श्रीलंका: मादक पदार्थ की तस्करी में भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो।** कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 438 लाख श्रीलंकाई रुपये कीमत का चार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया गया। हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने बताया कि बैंकॉक से हवाई जहाज से आया 29 वर्षीय व्यक्ति ग्रीन चैनल का उपयोग करके देश छोड़ने का प्रयास कर रहा था तभी सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसे रोककर उसके सामान की जांच की।

**सुप्रीम टिप्पणी** | सबरीमाला मामले में कहा– घर में दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त

# हिंदुत्व जीवनशैली, आस्था जताने को मंदिर जाना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व जीवनशैली है और किसी हिंदू को हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, यहां तक कि घर के अंदर दीपक जलाना भी आस्था साबित करने के लिए पर्याप्त है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और दाऊदी बोहरा समुदाय सहित कई धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।

सुप्रीम कोर्ट में पंद्रहवें दिन इस मामले में सुनवाई शुरू होने पर हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता डॉ. जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म को एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था। उसके बाद 1966 में यह माना गया कि हिंदू वह है जो धर्म और दर्शन के सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। उन्होंने मुझसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा, मेरा वेदों के प्रति अत्यंत आदरभाव है। लेकिन क्या यह सच है कि आज हिंदू कहलाने वाला प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्मिक और दार्शनिक मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है।

उनकी दलील का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इसीलिए हिंदुत्व को जीवनशैली कहा जाता है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है कि किसी को कर्मकांडी होने की जरूरत नहीं है और आस्था रखने वाले लोगों के रास्ते में कोई बाधा नहीं बन सकता। सीजेआई ने यह भी टिप्पणी की, यदि कोई व्यक्ति अपने घर में एक दीपक भी जलाता है तो यह उसके धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है।

न्यायालय ने इससे पहले टिप्पणी की थी कि यदि व्यक्ति किसी संवैधानिक अदालत के समक्ष हर धार्मिक प्रथा या धर्म से संबंधित मामलों पर सवाल उठाना शुरू कर दें तो सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी और इसके कारण हर धर्म टूट जाएगा।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ कम रहेगा। आय के वैकल्पिक स्रोत बन सकते हैं।

**तुला** – आज व्यापार में धन लाभ होगा। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। तय समय पर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। अपने लक्ष्य को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेन-देन में चूक हो सकती है।

**मिथुन** – आज नई संपत्ति की खरीदी करेंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान होगा। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। शाम को अच्छा समय बिताएंगे।

**मकर** – आज आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है।

**सिंह** – आज कारोबार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। युवा अपने करियर को लेकर सतर्क रहेंगे।


**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र का तनाव दूर होगा। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। शाम के समय मन थोड़ा व्यथित रहेगा। सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मीन** – आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बेहतरीन है। स्वभाव में कुछ तीखापन रहेगा। महिलाएं काम को लेकर तनाव में हो सकती हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मई, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, द्वादशी 11.20 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-रेवती 22.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 148 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | 5 | | | 6 | | |
| | 2 | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 4 |
| 5 | | | | 6 | | | | 3 |
| | | 1 | | | 7 | | 9 | |
| | | 6 | 2 | | | | | |
| | | | | 1 | | | | 6 |



> वैभव सूर्यवंशी में एक बेहतरीन प्रतिभा है। उसके हाथ बहुत तेज चलते हैं। वह बिल्कुल निडर बल्लेबाजी कर रहा है। उसके शरीर में डर का एक अंश भी नहीं है। वह निश्चित रूप से ऐसा खिलाड़ी जो लोगों का ध्यान खेल की तरफ खींचता है।
> –कागिसो रबाडा


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 14 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# विराट कोहली के नाबाद शतक से आरसीबी ने केकेआर को हराया

## आईपीएल-2026 : बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मैच, आरसीबी तालिका में फिर शीर्ष पर

**रायपुर, एजेंसी**

विराट कोहली (नाबाद 105) की दमदार पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच गेंदें शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही आरसीबी फिर से अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी के लिए जेकब बेथेल और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। चौथे ओवर में कार्तिक त्यागी ने जेकब बेथेल (15) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट लिए 92 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की राह दिखाई। 14वें ओवर में कार्तिक ने पड़िक्कल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। पड़िक्कल ने 27 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 39 रन बनाये। 16वें ओवर में सुनील नारायण ने कप्तान रजत पाटिदार (11) का शिकार कर लिया।

18वें ओवर की पांचवी गेंद पर कार्तिक त्यागी ने (दो) को मनीष पांडे के हाथों कैच आउट कराकर अपना तीसर विकेट लिया। 19वें ओवर में विराट कोहली ने अपना नौवां आईपीएल शतक जड़ा। उन्होंने 58 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा किया। इस दौरान कोहली ने टी-20 में 409 पारियों में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। उन्होंने क्रिस गेल के 423 पारियों के रिकार्ड को तोड़ा। आरसीबी ने 19.1 ओवर में 194 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। विराट कोहली ने 60 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 105 रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा आठ रन बनाकर नाबाद रहे।




शानदार पारी के दौरान शॉट लगाते विराट कोहली। एजेंसी

इससे पहले आज यहां अंगकृष रघुवंशी (71), रिंकू सिंह (नाबाद 49) और कैमरन ग्रीन (32) की शानदार पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे और फिन ऐलन की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 23 रन जोड़े।

तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने फिन ऐलन आठ गेंदों में (18) को आउटकर आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पांचवें ओवर में जॉश हेजलवुड ने अजिंक्य रहाणे 13 गेंदों में (19) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कैमरन ग्रीन और अंगकृष रघुवंशी की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिये 68 रन जोड़े। 13वें ओवर में रसिख सलाम ने कैमरन ग्रीन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। पारी की आखिरी गेंद पर अंगकृष्ण रघुवंशी रनआउट हुये। कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 192 रनों का स्कोर बनाया। अंगकृष रघुवंशी ने 46 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 71 रनों की पारी खेली। रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 49 रन बनाये। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम और जॉश हेजलवुड ने एक-एक विकेट लिये।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**192/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का एवं बो हेजलवुड | 19 |
| फिन एलन का जितेश बो भुवनेश्वर | 18 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 71 |
| कैमरन ग्रीन बो रसिख सलाम | 32 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 49 |

**अतिरिक्त** : 03, **पतन** : 1-23, 2-48, 3-116, 4-192, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-34-1, डफी 4-0-48-0, हेजलवुड 4-0-35-1, सलाम 4-0-35-1, कृणाल 4-0-39-0

### कैच छोड़ना भारी पड़ा : अजिंक्य रहाणे

केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा हमने सोचा कि इस विकेट पर 190 रन एक चुनौतीपूर्ण स्कोर था। बल्लेबाजों ने काफी अच्छी कोशिश की थी। हमारी फील्डिंग पिछले कुछ मैचों में काफी अच्छी थी। इस तरह का स्कोर जब आप डिफेंड कर रहे होते हैं तो फिर कोहली का वो कैच पकड़ना जरूरी था। मुझे लगता है कि उस ड्रॉप कैच ने सबसे बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पहले छह ओवरों में हमें पता था कि बैटिंग के लिए पिच अच्छी होने वाली है। पिछले पांच मैचों में हमने मिडिल ओवर्स के दौरान विकेट लिए थे। हालांकि आज कोहली को क्रेडिट जाता है। उनके और पड़िक्कल के बीच हुई साझेदारी ने मैच को हमसे दूर कर दिया। रन चेज करते हुए विराट काफी खतरनाक प्लेयर हैं। वह वैसे भी खतरनाक खिलाड़ी हैं।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 1.053 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 4 | 6 | 1 | 9 | -0.198 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात–501 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –481 रन

### पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात–21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–19 विकेट



## हाईलाइट



एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में पीजीए चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के प्रैक्टिस राउंड के दौरान सातवें ग्रीन बंकर से हिट करते गैरी वुडलैंड। एजेंसी

### टेस्ट रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है।

## मुंबई के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा पंजाब

**मुकाबला आज**

**धर्मशाला, एजेंसी।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी पर आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, पर लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए।

# रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका



**41** वर्ष के हो चुके हैं पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर

**226** मैचों में ठोक चुके हैं विश्व रिकॉर्ड 143 गोल

**लिस्बन, एजेंसी।** पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांवों का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। इस साल की शुरुआत में सऊदी प्रो लीग में अपनी क्लब टीम अल नासर की तरफ से खेलते समय उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह एक अप्रैल को अटलांटा में पुर्तगाल और अमेरिका के बीच मैत्री मैच में नहीं खेल पाए थे। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है। अगर वह विश्व कप में खेलते हैं तो वह 2014 में मिशिगन में रियाल मैड्रिड की तरफ से मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर खेलेंगे।



रोनाल्डो इस तरह से अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। रोनाल्डो ने नवंबर में सीएनएन को बताया था कि यह विश्व कप ''निश्चित रूप'' से उनका आखिरी विश्व कप होगा। पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था। यह हार इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि रोनाल्डो को एक डिफेंडर को कोहनी मारने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। रोनाल्डो को दो मैच का प्रतिबंध झेलना पड़ा। पुर्तगाल ने वापसी करते हुए आर्मेनिया को 9-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की की।

## लीग में सबसे अधिक कमाने वाले हैं मेसी

**लंदन।** स्टॉर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी इंटर मियामी के साथ नए अनुबंध के तहत मेजर लीग सॉकर में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी बने हुए हैं।

एमएलएस प्लेयर्स एसोसिएशन के ताजा आंकड़े उस अनुबंध के विस्तार को दिखाते हैं जिस पर मेसी ने अक्टूबर में इंटर मियामी के साथ हस्ताक्षर किए था। नए अनुबंध के तहत उन्हें 28.33 मिलियन डॉलर (करीब 267 करोड़ रुपये) की रकम मिलेगी। जो नॉर्थ अमेरिकन लीग के अगले सबसे अधिक कमाने वाले खिलाड़ी से दोगुने से भी अधिक है। एफएएफसी के सोन ह्युंग-मिन दूसरे सबसे ज्यादा कमाने वाले खिलाड़ी हैं। मेसी 2023 में फ्लोरिडा फ्रैंचाइजी में शामिल हुए और उन्होंने 64 रेगुलर-सीज़न एमएलएस गेम्स में 59 गोल किए हैं, जिससे मियामी को 2025 में एमएलएस कप जीतने में मदद मिली। उन्होंने पिछले सीजन में 29 गोल के साथ लीग को लीड किया व अब तक खेले गए दो पूरे एमएलएस सीजन-2024 व 2025-में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर रहे हैं।

# हरियाणा के नाम रहा नंदिनी नगर दंगल

- सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**नवाबगंज (गोंडा)**

**अमृत विचार।** नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपन सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार देर शाम को पदक अलंकरण समारोह के साथ समापन हो गया। देशभर से पहुंचे पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना दबदबा कायम रखा।

फ्री-स्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती को मिलाकर हरियाणा ने 22 स्वर्ण पदक और कुल 700 अंक अर्जित कर प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के लगभग 1400 पहलवानों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में दर्शकों को कई रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले दंगल देखने को मिले। समापन अवसर पर महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



मेडल के साथ महिला पहलवान। अमृत विचार

### महिला वर्ग में उप्र ने दूसरा स्थान हासिल किया

महिला वर्ग में भी हरियाणा की पहलवानों का दबदबा पूरी तरह कायम रहा। हरियाणा की महिला टीम ने 6 स्वर्ण, 8 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों की पहलवानों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

50 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंकुश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रचना (हरियाणा) को रजत पदक मिला, जबकि परवीन (हरियाणा) और इशिका (दिल्ली) ने कांस्य पदक जीते। 53 किग्रा वर्ग में निशु (हरियाणा) ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। हिमांशी (हरियाणा) को रजत पदक मिला। तन्नू (हरियाणा) और तानिया (दिल्ली) कांस्य पदक विजेता रहीं। 55 किग्रा वर्ग में हरियाणा की निशा ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। नैना (हरियाणा) रजत पदक पर रहीं। त्निश्का (दिल्ली) और खुशी (हरियाणा) ने कांस्य पदक हासिल किया। 57 किग्रा वर्ग में रीना (हरियाणा) ने शानदार दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश की काजल चौधरी को रजत पदक मिला। शिवानी और हंसिका लांबा (दोनों हरियाणा) ने कांस्य पदक जीते। 59 किग्रा वर्ग में सितो (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिमरन (हरियाणा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। खुशी चौधरी (उत्तर प्रदेश) और पूजा गहलोत (हरियाणा) कांस्य पदक विजेता रहीं। 62 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र की वैष्णवी दिलीप पाटिल ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की अंजली को रजत पदक मिला। सारिका (हरियाणा) और प्रगति विनोद गायकवाड़ (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक हासिल किया। 65 किग्रा वर्ग में चंडीगढ़ की अंजली ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**नाराजगी**

**अनुबंध नहीं बढ़ाने पर भड़के रॉष्ट्रीय हॉकी जूनियर टीम के कोच, विदेशी कोचों को तरजीह पर उठाये सवाल**

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद मुझे हटाया गया : पीआर श्रीजेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के महान गोलकीपर और जूनियर टीम के मुख्य कोच रहे पी आर श्रीजेश ने विदेशी कोचों को तरजीह देने के लिए महज 17 महीने बाद पद से हटाने को लेकर हॉकी इंडिया पर सार्वजनिक तौर पर भड़ास निकाली है हालांकि हॉकी इंडिया ने उनके आरोप को खारिज किया। सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक तल्ख पोस्ट में दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश ने लिखा कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें फिर कोच नहीं बनाया गया क्योंकि हॉकी इंडिया जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहता है।

श्रीजेश ने 'एक्स' पर लिखा लगता है कि मेरा कोचिंग कैरियर डेढ साल के बाद ही खत्म हो गया है जिसमें हमने पांच टूर्नामेंट खेले और जूनियर विश्व कप समेत पांच बार पोडियम पर रहे। उन्होंने कहा मैने सुना है कि खराब प्रदर्शन के बाद कोचों को हटाया जाता है लेकिन पहली बार विदेशी कोच की नियुक्ति के लिये मुझे हटाया जा रहा है।



एक मैच के दौरान सलाह देते पीआर श्रीजेश। फाइल फोटो

हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में टिर्की ने कहा पी आर श्रीजेश का कोचिंग कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था। इसके बाद प्रोटोकॉल का पालन करके पद के लिये विज्ञापन दिया गया और कुछ नाम चुने गए। उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके चयन किया गया है । इसमें कहा गया प्रक्रिया के बाद एक योग्य कोच का चयन किया गया है जिसके नाम की घोषणा जल्दी ही की जायेगी । टिर्की ने कहा हमने श्रीजेश को हटाया नहीं है बल्कि उन्हें डेवलपमेंट टीम (भारत ए) का कोच बनने की पेशकश की गई थी । उन्होंने इसे ठुकरा दिया और फैसले पर पुनर्विचार करने के अनुरोध पर भी नहीं माने। एक सूत्र ने बताया कि श्रीजेश को सीनियर पुरूष टीम का गोलकीपिंग कोच बनाने की पेशकश भी हुई थी। श्रीजेश का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म हो गया था और उन्होंने इस पद के लिए पुनः आवेदन किया था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टोन हैं जबकि महिला टीम के कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन हैं ।

### लगाया ये आरोप

टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहे श्रीजेश ने कहा हॉकी इंडिया अध्यक्ष का कहना है कि सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच, जूनियर स्तर पर भी विदेशी कोच चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे जूनियर स्तर से सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी के विकास में मदद मिलेगी।

### कार्यकाल 2025 में ही खत्म हो गया : टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें पद से हटाया नहीं गया है बल्कि उनका कार्यकाल दिसंबर 2025 में ही खत्म हो गया था और उचित चयन प्रक्रिया का पालन करके मेरिट के आधार पर नया कोच चुना गया है ।

# श्रीकांत, सिंधु और लक्ष्य की सहज जीत, मालविका व देविका भी बढ़ीं

**थाईलैंड ओपन**

**बैंकॉक, एजेंसी**

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, सिंधु डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।



विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ 17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी।